राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





04 जाट के बहाने केजरीवाल की तरकश से निकला एक और चुनावी ...

इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध की तैयारी में ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 266 | नई दिल्ली, शनिवार, 11 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के चितरी गांव से शुक्रवार को अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपित शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह को उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था।

### महत्वपूर्ण खबर



**ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे शाह**

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य ड्रग तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गृह मंत्री, ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ करेंगे।

### मोदी के प्रचार की भेंट चढ़ी प्रतिभावान बच्चों की छात्रवृत्तिः प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रतिभाओं की खोज के लिए दशकों से दी जाने वाली छात्रवृत्ति तीन साल सें बंद है, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रचार प्रसार के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जा रही है। सुश्री वाड्रा ने कहा कि 60 साल से यह छात्रवृत्ति दी जा रही है लेकिन पिछले तीन साल से इसकी 40 करोड़ की राशि रोकी गई है, जबकि श्री मोदी के प्रचार पर इससे कहीं अधिक राशि खर्च की गई है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, प्रगति के विजन पर प्रधानमंत्री जी का पीआर हावी है। वर्ष 1963 में शुरू हुई ' राष्ट्रीय प्रतिभा शोध परीक्षा छात्रवृत्ति से तमाम बच्चों के भविष्य का रास्ता बना, वे देश की प्रगति के भागीदार बने, उनके लिए अच्छी शिक्षा के द्वार खुले। उन्होंने कहा, टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले तीन सालों से इस छात्रवृत्ति को रोक दिया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री जी के निजी प्रचार के लिए परीक्षा पर चर्चा जारी है।

# महिला सशक्तिकरण विकास के लिए अनिवार्य कदम : जयशंकर

प्रात : किरण/ एजेंसी

भुवनेश्वर। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को भारत के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि यह न केवल महिलाओं के अधिकारों का सम्मान है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।डॉ. जयशंकर ने यह बयान प्रवासी भारतीय दिवस के तहत डायस्पोरा दिवसः महिलाओं के नेतृत्व और प्रभाव का जश्न नारी शक्ति सत्र का उद्घाटन करते हुए दिया। उन्होंने इस दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहलें भी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति को सुधारने के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि वे समाज में अपने अधिकारों तथा स्थान को पूरी तरह से महसूस कर सकें। डॉ. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचारों को स्पष्ट करते हुए कहा कि नारी शक्ति को समझना और बढ़ावा देना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इसके लिए केवल सही दिशा, अवसर और समर्थन की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से उनकी पूर्ण क्षमता सामने आएगी, जो राष्ट्र के विकास में सहायक होगी। उन्होंने इस मुद्दे को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं




का सशक्तिकरण किसी समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। यह विकास केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए लाभकारी साबित होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। इससे महिलाओं की जीवनशैली में सुधार हुआ है और उन्हें रसोई में सुरक्षा और सुविधा मिल रही है। विदेश मंत्री ने कहा, महिलाओं को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुद्रा योजना शुरू की गईहै, जिसके तहत उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए कर्ज दिया जा रहा है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा,महिलाओं को परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाने के लिए सरकार ने मातृत्व अवकाश को 16 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया है। इस फैसले से कामकाजी महिलाओं को अपने बच्चे के पालन-पोषण के साथ-साथ काम पर लौटने का समय मिलता है। डॉ. जयशंकर ने कहा, लिंग अनुपात में सुधार और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत लड़कियों की शिक्षा और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. जयशंकर ने इससे पूर्व शुक्रवार तक आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस के ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित उदघाटन समारोह में भी भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राज्य में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना था।

# विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है : पीएम

**प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक्स अकाउंट पर लेख शेयर किया। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा विकसित भारत युवा नेता संवाद २०२५ के बारे में लिखे गए एक लेख पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मनसुख मांडविया ने भारत के राष्ट्रीय युवा महोत्सव को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद २०२५' के रूप में पुनर्परिकल्पित करने के बारे में लिखा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भी आर्टिकल को अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया था।**



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 से संबंधित एक लेख लिखा है। उनके इस लेख पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक्स अकाउंट पर लेख शेयर किया। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 के बारे में लिखे गए एक लेख पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मनसुख मांडविया ने भारत के राष्ट्रीय युवा महोत्सव को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' के रूप में पुनर्परिकल्पित करने के बारे में लिखा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भी आर्टिकल को अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया था। उन्होंने कहा, ₹विकसित भारत के लिए युवा-शक्ति को सशक्त बनाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, विकसित भारत युवा नेता संवाद युवा नेताओं को राष्ट्र निर्माण के लिए अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इस परिवर्तनकारी यात्रा पर मेरा लेख पढ़ें।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में आज (शुक्रवार) से भारत मंडपम, नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद (यंग लीडर्स डायलॉग) का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 जनवरी तक चलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को एक विशेष रूप से तैयार की गई कॉफी टेबल बुक का उद्घाटन करेंगे, जो दस चिह्नित विषयों में से प्रत्येक से सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन होगा। इसके अंतिम दिन पीएम मोदी सभा को संबोधित करेंगे और युवाओं को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगे।

**दोस्तों, शिक्षकों, परिवार को मुख्यमंत्री आवास बुलाकर अपनी इच्छाएं पूरी कीं : प्रधानमंत्री मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बचपन में घर-द्वार छोड़ने के बाद जब वह राजनीति में आए और गुजरात के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने अपने स्कूल के दोस्तों, सभी शिक्षकों, वृहद परिवार और संन्यासी के रूप में जीवन यापन के दौरान पेट भरने वालों को मुख्यमंत्री आवास पर आमंत्रित कर अपनी चार प्रमुख इच्छाओं को पूरा किया था। जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में संवाद करते हुए मोदी ने यह खुलासा किया। प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला पॉडकास्ट है, जिसे उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किया। बचपन के किसी दोस्त से आज भी संपर्क में होने को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मोदी ने कहा कि उनका मामला थोड़ा विचित्र है क्योंकि बहुत छोटी आयु में ही उन्होंने घर छोड़ दिया था।

उन्होंने कहा, मतलब सब कुछ। मैं किसी से संपर्क में नहीं था। बहुत बड़ा अंतराल हो गया, मेरा किसी से संपर्क नहीं रहा। किसी से लेना देना भी नहीं था। मेरी जिंदगी ऐसे ही अनजान भटकते इंसान की थी। कोई पूछेगा मुझे, मेरे जीवन ही ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि लेकिन जब वह मुख्यमंत्री बने तो उनके मन में कुछ इच्छाएं थीं, जो उन्होंने पूरी कीं। मोदी ने कहा, एक इच्छा थी कि मेरे क्लास के जितने दोस्त थे पुराने, सबको मैं मुख्यमंत्री आवास में बुलाऊं। उसके पीछे मेरा मनोविज्ञान यह था कि मैं नहीं चाहता था कि किसी को यह लगे कि मैं कोई तीस मार खां बन गया हूं। मैं वही हूं जो सालों पहले गांव छोड़कर गया था। मुझ में बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि वह उस पल को जीना चाहते थे लेकिन इस मुलाकात के बीच इतना बड़ा अंतराल हो गया था कि वह चेहरे से भी किसी को पहचान नहीं पा रहे थे क्योंकि सब बड़े हो गए थे और बाल भी सफेद हो गए थे। मोदी ने कहा, शायद 30-35 लोग इकट्ठे हुए थे। रात को खाना-वाना खाया। गपशप मारकर बचपन की यादें ताजा कीं। लेकिन मुझे बहुत आनंद नहीं आया। इसलिए नहीं आया क्योंकि मैं दोस्त खोज रहा था लेकिन उनको मुख्यमंत्री नजर आता था। वह खाई पटी नहीं मेरे जीवन में। तू बोलने वाला कोई बचा ही नहीं। ऐसी स्थिति हो गई। उन्होंने कहा कि उनके एक शिक्षक थे जो उन्हें हमेशा चिट्ठी लिखते थे और उनमें वह उन्हें तू लिखते थे। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी एक और इच्छा थी कि वह अपने उन शिक्षकों का सार्वजनिक रूप से सम्मान करें जिन्होंने बचपन में उन्हें पढ़ाया था। उन्होंने कहा, जो भी मेरे शिक्षक रहे, मैंने सबको ढूंढा और मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने उनका सार्वजनिक सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि मोदी के मोदी बनने में इन सभी का योगदान था और उन्हें सम्मानित करना उनके जीवन का बहुत अच्छा पल था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके बाद उन्होंने अपने भाई-बहन और वृहद परिवार को मुख्यमंत्री आवास बुलाया। मोदी ने कहा कि उनकी एक इच्छा उन लोगों से मिलने की थी जिन्होंने उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में जीवन व्यतीत करने के दौरान खाना खिलाया था।

## चीन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को पहली बार फोन कर क्या कहा था? प्रधानमंत्री ने किया खुलासा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ संग पहला पॉडकास्ट शो किया। इस दौरान पीएम मोदी ने निखिल कामथ के कई सवालों का भी जवाब दिया। उस खास कनेक्शन की भी बात बताई जिसका जिक्र चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने किया था! पॉडकास्ट पीपल बाई डब्ल्यूटीएफ में पीएम मोदी ने कहा, ₹मैं पहली बार किसी पॉडकास्ट का हिस्सा बना हूं और मेरे लिए यह दुनिया बिल्कुल नई है।₹ इस पर कामथ कहते हैं कि मुझे माफ करना, मेरी हिंदी ज्यादा अच्छी नहीं है। मैं साउथ इंडियन हूं और बेंगलुरू में ही पला-बढ़ा हूं। इस पर प्रधानमंत्री हंसते हुए जवाब देते हैं कि मैं भी हिंदी भाषी नहीं हूं और हम दोनों की ऐसे ही चलेगी। पीपल बाई डब्ल्यूटीएफ के होस्ट निखिल कामथ ने पीएम मोदी से उनके बचपन के 10 साल के बारे में सवाल पूछा। प्रधानमंत्री मोदी ने इसका जवाब देते हुए कहा, सभी जानते हैं कि मेरा जन्म गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में हुआ। जब मैं छोटा था तो वहां की आबादी करीब 15 हजार के आसपास थी। मेरा गांव गायकवाड़ स्टेट था और वहां की एक खासियत थी, वहां एक तालाब, पोस्ट ऑफिस और लाइब्रेरी होती थी। मैंने वहां के प्राइमरी स्कूल से पढ़ाई की और तालाब होने की वजह से स्विमिंग करना भी सीख गया। मैं खुद ही अपने पूरे परिवार के कपड़े धोता था।₹ उन्होंने आगे कहा, मैंने कहीं पढ़ा कि चीनी फिलॉस्फर ह्वेनसांग मेरे गांव में रहे। मुझे पता चला था। पीएम मोदी ने फिर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग संग फोन पर हुई बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ₹जब साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद मैं प्रधानमंत्री बना तो चीन के राष्ट्रपति का फोन आया और उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दी। तब उन्होंने खुद कहा था कि मैं भारत आना चाहता हूं। इस पर मैंने उन्हें कहा कि आप बिल्कुल आइए। उन्होंने गुजरात आने की इच्छा जाहिर की और मेरे गांव वडनगर आने की बात भी कही थी।

# केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी किए 1.73 लाख करोड़ रुपये

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य सरकारों को कर में हिस्सेदारी के रूप में 1,73,030 करोड़ रुपये जारी किए। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 में जारी किए 89,086 करोड़ रुपये के हस्तांतरण से अधिक है।वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस महीने में किया गया अधिक हस्तांतरित राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और विकास एवं कल्याण संबंधी खर्च को फाइनेंस करने में मदद करेगा। शुक्रवार को घोषित पैकेज के तहत 26 राज्यों को पैसे जारी किए गए हैं।

इसमें पश्चिम बंगाल के लिए 13,017.06 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश के लिए 7,002.52 करोड़ रुपये, कर्नाटक के लिए 6,310.40 करोड़ रुपये, असम के लिए 5,412.38 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 5,895.13 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 1,436.16 करोड़ रुपये, केरल के लिए 3,330.83 करोड़ रुपये, पंजाब के लिए 3,126.65 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 7,057.89 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। अन्य राज्यों में उत्तर प्रदेश को 31,039.84 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 10,930.31 करोड़ रुपये, गुजरात को 6,017.99 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 13,582.86 करोड़ रुपये, मणिपुर को 1,238.9 करोड़ रुपये और मेघालय को 1,327.13 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

कर हस्तांतरण केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किए गए करों की शुद्ध आय को राज्यों को वितरित करने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर नियमित किस्तों में राज्यों को कर वितरित करती है। वित्त आयोग कॉरपोरेट कर, आयकर और केंद्रीय जीएसटी सहित सभी करों की कुल शुद्ध आय में राज्यों के हिस्से की सिफारिश करता है। 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र सरकार के विभाज्य कर पूल का 41 प्रतिशत 2021-26 की अवधि के लिए राज्यों को आवंटित किया जाए। इसे वर्टिकल हस्तांतरण के रूप में जाना जाता है। इसने राज्यों के बीच धन वितरित करने के लिए मानदंड की भी सिफारिश की थी, जिसे हॉरिजॉन्टल हस्तांतरण के रूप में जाना जाता है।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर छाया घना कोहरा, ट्रेनों - उड़ानों पर पड़ा असर

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता शून्य हो गई जिससे हवाई और रेल सेवाओं पर असर पड़ा।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में मध्यम से बहुत घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है।सेंट्रल कंट्रोल बोर्ड की वेबसाइट के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 6 बजे के करीब 408 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार सुबह 6 बजे एक विज्ञप्ति में कहा कि घने कोहरे के कारण हवाई सेवाओं पर असर पड़ा है। लो विजिबिलिटी की वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। फ्लाइटराडार24 के अनुसार, औसत 41 मिनट की देरी हुई। हालांकि, डीआईएएल ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सीएटी क्क्क-अनुपालन वाली उड़ानें टेक ऑफ और लैंड कर सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 6 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। दिल्ली- वायु प्रदूषण के स्तर में तेज वृद्धि के बीच गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत चरण 3 के प्रावधानों को फिर से लागू किया गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का आकलन किया गया, 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार शाम 4 बजे 357 बजे तक पहुंच गया, जो बुधवार को 297 था। दिल्ली- वायु प्रदूषण को कम करने की रणनीति बनाने के लिए जिम्मेदार वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग ने क्षेत्र के अधिकारियों को स्थिति और खराब होने से बचाने के लिए चरण 3 के तहत निर्धारित मानदंडों को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया।

**अनावरण** सीएम योगी ने चेतावानी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा।

# भू माफिया को देर सवेर खाली करनी ही होगी जमीन : सीएम योगी

प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुम्भनगर। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला और आज प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने चेतावानी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़






भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ।

**कमला बहुगुणा के संघर्ष को किया याद:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। 8 साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित भी किया। जब उन्होंने घर में अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह पिटाई की आदत डालनी होगी। तभी अंग्रेजों से हम अपने देश को आजादी दिला पाएंगे।

**1954 में ही बहुगुणा ने शिविर की शुरूआत की:** सीएम योगी ने बताया कि 2019 के महाकुम्भ के दौरान एक शिविर में पहुंचे। वहां पता चला कि कमला बहुगुणा ने 1954 में ही एक शिविर की शुरूआत की थी, जो आज भी संचालित होता है। यहां खोया-पाया के साथ ही कई प्रकार से श्रद्धालुओं की मदद की जाती है।

मुख्यमंत्री योगी ने बहुगुणा परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा, हेमवती नंदन बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर रहते हुए भी कभी भौतिक संपत्ति की चाह नहीं की। वे यहीं प्रयाग में किराए के मकान में रहते थे, जबकि वे आसपास के सभी घर खरीद सकते थे। उनकी यही विशेषता बहुगुणा परिवार को यादगार बनाए रखेगी।

**जो भाव अयोध्या के लिए, वही भाव लोगों के अंतर्मन में आज महाकुम्भ के लिए:** सीएम योगी ने महाकुम्भ के आयोजन के महत्व पर भी जोर दिया। सीएम ने कहा कि लोगों के अंतर्मन में जो भाव अयोध्या के लिए था, वही भाव आज महाकुम्भ के लिए भी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रयाग एक पवित्र स्थान है, जहां न केवल मनुष्य, बल्कि पवित्र आत्माएं भी पहुंचती हैं। यही कारण है कि स्वच्छ प्रयाग की कल्पना को साकार करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने भी कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे विदेश में थे। वहीं पर महाकुम्भ के जरिए यूपी की बदलती तस्वीर की खबरें आने लगीं। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास की खबरें देश दुनिया में पहुंच रही हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मंच का संचालन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर लगने से महिला की मौत के मामले में केस दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिडकुल थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर लगने से हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार चल रहा है। पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बलजीत सिंह पुत्र रणबीर सिंह निवासी ग्राम औरंगाबाद सिडकुल ने शिकायत देकर बताया कि उसके रिश्तेदार सुभाष सिंह बीती 27 दिसंबर को स्कूटी पर उसकी माता शिमला देवी, गगन सिंह को लेकर औरंगाबाद से बिहारीगढ़ की तरफ जा रहे थे। डालूवाला पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही एक ट्रक ने तेज रफ्तार से स्कूटी में टक्कर मार दी थी। जिसमें उसकी माता शिमला देवी व गगन सिंह को गंभीर चोटें आई थी। अस्पताल ले जाते समय शिमला देवी की मौत हो गई थी। गगन सिंह को देहरादून के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### 171 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्यामपुर थाना क्षेत्र में चरस की तस्करी करते हुए बाइक सवार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 171 ग्राम चरस बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार की देर रात एसओ श्यामपुर नितेश शर्मा की अगुवाई में लालढांग चौकी प्रभारी गगन मैठाणी टीम के साथ मोहल्लापुरी नई बस्ती जाने वाले रास्ते से आगे चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान समसपुर कटेबड़ की तरफ से मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों को देखते ही वह भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चरस बरामद हुई। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अजय निवासी ग्राम मीठीबेरी थाना श्यामपुर बताया। आरोपी कॉलेज में पढ़ाई करता है।

### पंजाबी महासभा ने धूमधाम से मनाई लोहड़ी

**हरिद्वार, एजेंसी।** पंजाबी महासभा ने बुधवार को धूमधाम से लोहड़ी का त्योहार मनाया। ज्वालापुर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मस्ताना ग्रुप ने भी लाइव प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महंत अरुण दास, महंत लोकेश दास, महंत जगजीत सिंह शास्त्री आदि ने प्रतिभाग किया। रंगारंग प्रस्तुति के लिए आए चन्नी मस्ताना और ग्रुप ने लोगों को जमकर नचाया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में लोगों ने पंजाबी संस्कृति के गिद्दा और भंगड़ा का आनंद लिया। वहीं पंजाबी व्यंजन सरसों का सागए मक्के की रोटीए छोले भटूरे का स्वाद लिया। मेले के चेयरमैन अनिल कुमार कुमार ने पोती की पहली लोहड़ी मनाकर बेटे और बेटियों के बीच फर्क नहीं करने का संदेश दिया।

### शुगर मिल गन्ना खरीद बढ़ाएगी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** शुगर मिल स्थानीय किसानों से गन्ना खरीद बढ़ाएगी। जिससे किसान समय पर गेहूं की बुवाई कर सके। कृषक फेडरेशन के अध्यक्ष उमेद वोरा ने बताया कि किसानों का प्रतिनिधि मंडल बीते दिनों शुगर मिल के अधिशासी निदेशक से मिला था। अनुरोध किया था कि शुगर मिल स्थानीय किसानों से अधिक गन्ना खरीद करे जिससे आगामी गेहूं की फसल की बुवाई कर सके।

### स्मैक तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्मैक तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हरिद्वार देहरादून राजमार्ग पर तीन पानी पुलिया फ्लाईओवर के समीप निर्मल आई अस्पताल की ओर जा रहे एक व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली। उसके पास से एक पुड़िया में 30.05 ग्राम स्मैक बरामद की। प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती ने कहा कि युवक की पहचान आजमगढ़ नरौली कोतवाली मऊ उत्तर प्रदेश वर्तमान निवासी चंद्रेश्वर नगर गली नंबर 14 ऋषिकेश अमन के रूप में हुई है।

## महायोगी पायलट बाबा के गेठिया आश्रम की संपत्ति पर कब्जे का आरोप, एसएसपी को पत्र

**नैनीताल, एजेंसी।**
महायोगी पायलट बाबा के नैनीताल जनपद के गेठिया में स्थित आश्रम की संपत्ति पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में पायलट बाबा के शिष्य स्वामी मंगल गिरि ने नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को गुरुवार को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में 8 लोगों पर आश्रम व महायोग फाउंडेशन की संपत्ति को हड़पने के षड्यंत्र का गंभीर आरोप लगाया है।



शिकायत में कहा गया है कि महायोगी पायलट बाबा (कपिल अद्वैत) की गत 20 अगस्त 2024 को हुई महासमाधि के बाद से 8 लोग- मनोज कुमार पुत्र हवा सिंह निवासी बैलपड़ाव, पत्तापानी नैनीताल, अमर अनिल सिंह पुत्र भुवनेश्वर सिंह निवासी ग्राम रेडिया थाना चेनारी जिला रोहतास बिहार, चंद्रकला पांडे पुत्री मोहन दास पांडे निवासी 67 एच ब्लॉक लक्ष्मी विहार विकासपुरी दिल्ली, चेतना पुत्री देवेंद्र कुमार निवासी ए-65 पंचवटी सोसाइटी विकासपुरी दिल्ली, मुकेश कुमार सिंह पुत्र अज्ञात निवासी फ्लैट नंबर 1102 हाईलैंड अपार्टमेंट सेक्टर-12 द्वारका दिल्ली, जेबी सिंह सहरावत पुत्र अज्ञात निवासी 67 लक्ष्मी विहार विकासपुरी दिल्ली, अजय कुमार सिंह पुत्र ददन सिंह निवासी 6/61 सी तीसरा तल्ला मोती नगर दिल्ली, जय प्रकाश पुत्र कामता प्रसाद निवासी 875/1 मेन बाजार दिनारा शिवपुरी मध्य प्रदेश गेठिया आश्रम की चल-अचल संपत्ति को छल-कपट और कूट रचित दस्तावेजों के सहारे कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह भी आरोप लगाया है कि इन्होंने आश्रम में स्थित 'महायोगी पायलट बाबा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड रिसर्च' की स्थापना के लिए फाउंडेशन के दस्तावेजों को कूटरचना कर इसमें स्वामी मंगल गिरि के नाम की जगह मनोज कुमार लिख दिया है। साथ ही अलग-अलग दस्तावेजों में हेरफेर कर बैंकों में खाते भी खोले हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि इन सभी ने षड्यंत्र के तहत पायलट बाबा की फर्जी वसीयत तैयार कर फाउंडेशन व आश्रम की अन्य संपत्तियों को हड़पने का प्रयास किया है। यहां तक कि अमर अनिल सिंह ने खुद को महायोग फाउंडेशन का फर्जी तरीके से स्वयंभू अध्यक्ष घोषित कर दिया है। यह भी आरोप लगाया है कि इन लोगों ने महायोगी पायलट बाबा की बीमारी के दौरान लापरवाही बरतकर उन्हें मार दिया है। यह भी बताया है कि स्वामी मंगल गिरि ने पूर्व में भी तल्लीताल थाने में इस संबंध में शिकायत की थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। लिहाजा उन्होंने इस संबंध में थाना तल्लीताल में शिकायत दर्ज कराने की मांग की है।

## यूटीयू ने बदला आईटीआर का परीक्षा केंद्र, दो नकलची भी पकड़े

**रूड़की, एजेंसी।** कुलपति के निरीक्षण में मिलीं खामियां, आरसीपी, आईटीआर व आरसीएम के छात्रों की आगामी परीक्षाएं आरआईटी में होंगी वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सात जनवरी से शुरू हुई विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के तीसरे दिन विवि के कुलपति ने उड़नदस्ता टीम के साथ्स बह की पाली में रुड़की क्षेत्र के संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र आईटीआर में अव्यवस्थाएं पाए जाने पर केंद्र को बदल दिया गया। अब आरआईटी में परीक्षाएं होंगी। टीम ने दो छात्रों को नकल करते हुए भी पकड़ा। टीम ने इंजीनियरिंग, फार्मेसी व लॉ पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के मद्देनजर बिशंभर सहाय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बीएसएम लॉ कॉलेज, तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल एंड साइंस रुड़की एवं इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की (आईटीआर) परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उड़नदस्ते 8के साथ विवि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने भी स्वयं केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। आईटीआर केंद्र पर दो अन्य संस्थानों आरसीपी और आरसीएम के परीक्षा केंद्र भी निर्धारित हैं। कुलपति ने बताया कि संस्थान के केंद्र अधीक्षक को बुलाया तो संस्थान में मौजूद संजीव कुमार ने बताया कि वर्तमान में वह स्वयं आरसीपी कॉलेज में परीक्षा नियंत्रक के कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं और आईटीआर संस्थान में वर्तमान में निदेशक नहीं है। वहीं जब केंद्र अधीक्षक के रूप में दर्शाए गए डॉ. ललित कौशल से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य हैं और उन्हें यहां पर जबरदस्ती केंद्र अधीक्षक बनाया गया है। इस पर कुलपति ने विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल को परीक्षा केंद्र निरस्त करते हुए यहां के परीक्षार्थियों की आगामी परीक्षाएं आरआईटी में कराने के निर्देश दिए। उधर, उड़नदस्ता टीम ने नकल करते हुए दो छात्र भी पकड़े हैं।

## फायरिंग और हथियार लहराने का आरोप

**रूड़की, एजेंसी।** रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। एक पक्ष ने तमंचे से फायर करने और लाइसेंसी हथियार लहराने का आरोप लगाया है। दूसरे ने भी मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र स्थित निरंजनपुर गांव निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि सात जनवरी को उनके घर के गेट पर दीपक, युवराज, मनी और हेमा लात मार रहे थे। उनके पिता प्रमोद कुमार ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने तमंचे से भी फायर कर दिया। साथ ही दो लोगों ने लाइसेंसी हथियार लहराकर जान से मारने की भी धमकी दी है। उधर, दूसरे पक्ष के दीपक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनेश कुमार उर्फ मांगा, प्रमोद, सूर्यवीर उर्फ लंगड़ा हथियारों से लैस होकर उनके घर में घुस आए और हाथापाई कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है।

## चीनी मांझा बेचते पकड़ा तो दुकानदारों पर लगेगा जुर्माना

**रूड़की, एजेंसी।** चीनी मांझे की बिक्री के खिलाफ जेएम ने पुलिस को अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी कहा है कि अगर कोई दुकानदार चीनी मांझा बेचता पकड़ा जाता है तो चालान काटकर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाए। पिछले दिनों चीनी मांझे से हरिद्वार में एक व्यक्ति की गला कटने से मौत हो गई थी। इसके बाद भी लगातार जिलेभर में कुछ पतंग की दुकानों पर खुलेआम चीनी मांझा बेचा जा रहा है। रुड़की में भी कई दुकानदार चोरीछिपे मांझा बेच रहे हैं। चीनी मांझे से बुधवार को रुड़की में एक बुजुर्ग और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाकर उपचार दिलाया गया था। इस मामले में स्थानीय लोगों ने जेएम आशीष कुमार मिश्रा से शिकायत कर इसपर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर जेएम ने पुलिस और नगर निगम की टीम को चीनी मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। जेएम आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि चीनी मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कोई दुकानदार मांझा बेचता पकड़ा जाता है तो चालान और जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

जेएम ने निर्देश दिए कि शहर में जो लोग पतंग और मांझा की बिक्री करते हैं उनकी एक सूची तैयारी की जाए। साथ ही इनका नाम व पता एक रजिस्टर में दर्ज किया जाए। चीनी मांझे से कोई हादसा होता है तो इनसे पूछताछ कर कार्रवाई की जा सके।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चकरपुर स्टेडियम का किया लोकार्पण

### बोले- प्रदेश की साख बढ़ाएगा राष्ट्रीय खेल

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चकरपुर स्टेडियम के लोकार्पण के दौरान कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनके माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुणों का भी विकास होता है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चकरपुर स्टेडियम के लोकार्पण के दौरान कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनके माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में खेल विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। इस बार के राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड की साख को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि खटीमा की माटी और यहां के लोगों से मुझे जो ऊर्जा और प्रेरणा मिली है, उसी के बल पर मैं, प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के शुरू से ही खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की मजबूत नींव रखी। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत खेलों में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है।

कहा कि प्रदेश में नई खेल नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी, आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों के खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण, शिक्षा व खेल छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम धामी ने कहा कि शीघ्र ही राज्य में



एक खेल विश्वविद्यालय स्थापित होगा। इनमें खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1615.62 लाख की लागत से नव निर्मित वन चेतना केंद्र स्पोर्ट्स स्टेडियम चकरपुर का बृहस्पतिवार को लोकार्पण किया। सीएम ने वर्ष 2017 में खटीमा का विधायक रहते हुए इस स्टेडियम की घोषणा की थी। इस स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन होना है।

दोपहर बाद हेलीकॉप्टर से चकरपुर पहुंचे सीएम धामी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खटीमा सहित पूरे राज्य का गौरव बढ़ा सकेंगे। साथ ही बास्केटबाल, फुटबाल, वालीबाल और कबड्डी जैसे खेलों के मैदानों का निर्माण कराया गया है। साथ ही यहां खिलाड़ियों के ठहरने के लिए हॉस्टल और इंडोर कार्यक्रमों के लिए एक बहुउद्देश्यीय हॉल का भी निर्माण किया गया है।

इस दौरान सीएम धामी ने मलखंब के खिलाड़ियों से मुलाकात की। वहां पर विधायक भुवन कापड़ी, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, निदेशक खेल प्रशांत आर्या, अनिल कपूर डब्बू, कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा आदि थे।

## ऑनलाइन मंगवाया मोबाइल, पैकेट खोला तो निकला कांच का टुकड़ा

**रूड़की, एजेंसी।** एक युवक को ऑनलाइन मोबाइल मंगवाना भारी पड़ गया। युवक के पास पैकेट पहुंचा तो उसके अंदर से मोबाइल की जगह कांच का टुकड़ा मिला है। युवक ने पुलिस को तहरीर दी है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित प्रीत विहार निवासी विनय ने तहरीर देकर बताया कि उसने करीब एक सप्ताह पूर्व ऑनलाइन 39 हजार रुपये का मोबाइल बुक किया था। मोबाइल बुकिंग के दौरान ही उसने पूरा पेमेंट भी जमा कर दिया था। बृहस्पतिवार को कुरियर से उसके घर पर मोबाइल का पैकेट पहुंचा। उसने पैकेट खोलकर देखा तो होश उड़ गए। मोबाइल की जगह उसमें कांच का टुकड़ा था। युवक ने जिस साइट पर जाकर मोबाइल बुक किया था उसे चेक किया। इस पर पता चला कि वह कंपनी साइट से ही हटा दी गई है। युवक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी ऐश्वर्य पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कराई जा रही है।

## जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयघोष से गूंज उठा शहर

**खटीमा, एजेंसी।**
गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समुदाय ने नगर कीर्तन निकाला। इस दौरान पूरा शहर जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयघोष से गूंज उठा।

जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। बृहस्पतिवार को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर पीलीभीत रोड स्थित गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा से नगर कीर्तन निकाला गया। इसकी अगुवाई पंच प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन का सिख समुदाय सहित स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मुख्य चौक पर नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा समेत राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पंच प्यारों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही रंजीत अखाड़ा रुद्रपुर के जत्थे ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। नगर कीर्तन नगर टनकपुर रोड से होते हुए सितारगंज रोड से होकर पीलीभीत रोड स्थित गुरुद्वारे पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन भी किया गया।अनिल बत्रा, भगवान सिंह, हरीश बत्रा, जतिन ग्रोवर, डॉ. बलजीत सिंह, मदन सिंह, कुलदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह महल, जसवंत सिंह, संजीव बत्रा, बलदेव सिंह, विजय अरोड़ा, मनोज गुलाटी आदि थे।

## बागेश्वर के खान अधिकारी सस्पेंड, सीज होंगी सभी मशीनें

**नैनीताल, एजेंसी।**
हाईकोर्ट के सख्त रवैए और कड़ी टिप्पणी पर हरकत में आई सरकार ने बागेश्वर के जिला खान अधिकारी को तत्काल सस्पेंड 
खनन अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी है।

हाईकोर्ट के सख्त रवैए और कड़ी टिप्पणी पर हरकत में आई सरकार ने बागेश्वर के जिला खान अधिकारी को तत्काल सस्पेंड कर दिया। वहां नए खनन अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी है। खनन में लगीं सभी मशीनें सीज की जाएंगी। सरकार ने खड़िया खनन के लिए नई एसओपी भी जारी कर दी है। मामले में सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

हाईकोर्ट में बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के कई गांवों में खड़िया खनन की वजह से आई दरारों के मामले में स्वतः संज्ञान लेने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने खनन में अनियमितता को लेकर सख्त रुख अपनाया। हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के क्रम में डीएम बागेश्वर, जिला खान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कोर्ट में पेश हुए।

कोर्ट ने अधिकारियों को फटकारते हुए खान अधिकारी को तुरंत सस्पेंड करने की जरूरत बताई। इस पर सरकार ने तत्काल अमल करते हुए वागेश्वर के जिला खनन अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। हाईकोर्ट के मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने बताया कि सरकार ने बृहस्पतिवार शाम को



खनन अधिकारी को सस्पेंड कर वहां नए खनन अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। रावत ने बताया कि सरकार ने खनन के लिए नई एसओपी भी जारी कर दी है। एसपी शुक्रवार तक खनन में लगी सभी मशीनों को सीज करें और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। पूर्व तिथि को मामले को गंभीर पाते हुए कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट का आकलन करके निदेशक खनन व सचिव औद्योगिक व डीएम बागेश्वर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए थे। कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट के तहत खड़िया खनन करने वालों ने वनभूमि के साथ सरकारी भूमि में भी नियम विरुद्ध खनन किया हुआ है।

## मानव स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करती है बायोमैग्नेटिक ऊर्जा



**नैनीताल, एजेंसी।**
कुमाऊं विश्वविद्यालय के अतिथि व्याख्याता निदेशालय द्वारा गुरुवार को बायोमैग्नेटिक थेरेपी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता त्रिलोक सिंह फर्त्याल ने स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवनकाल पर खासकर सर्वाइकल, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, गठिया, सांस और गुर्दे से संबंधित रोग गंभीर समस्याएं बन चुके हैं।

श्री फर्त्याल ने कहा कि बायोमैग्नेटिक ऊर्जा सीधे रक्त संचार और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है और शरीर के विभिन्न अंगों में संतुलन बनाए रखने में सहायक होती है। निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि रक्त में मौजूद लोहा मैग्नेट के संपर्क में आकर बेहतर रक्त संचार में मदद करता है। यह थेरेपी शरीर में ऊर्जा प्रवाह को सुचारु करती है और स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। इस दौरान फर्त्याल, मंजू साह और राजकुमार बासकोटी ने आयुष मंत्रालय से मान्यता प्राप्त मैग्नेटिक गद्दे और तकिए जैसे अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में प्रो. गीता तिवारी, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. ईरा तिवारी, डॉ. मैत्रेय नारायण, डॉ. नगमा परवीन, डॉ. नवीन पांडे, पंकज कश्यप, विशाल बिष्ट, आनंद, दिशा, हिमानी, अदिति जोशी सहित शोध छात्र और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### लकड़ी तस्करों ने ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पेड़ काटे

**रूड़की, एजेंसी।** लकड़ी माफियाओं ने ग्राम समाज की भूमि से सैकड़ों पेड़ काट लिए। इसकी सूचना प्रधान पति ने जेएम को दी। जेएम ने पुलिस और प्रशासन की टीम को मौके पर भेजा। तहसील प्रशासन व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर जांच शुरू कर दी है।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के हरजौली जट्ट गांव में ग्राम समाज की भूमि पर पॉपुलर के सैकड़ों पेड़ थे। लकड़ी तस्करों ने बिना किसी अनुमति के बृहस्पतिवार को पेड़ों पर आरी चला दी। पेड़ों को काटे जाने की जानकारी प्रधान पति सुंदर को लगी तो उन्होंने शिकायत जेएम आशीष मिश्रा से की।

### राज्य आंदोलनकारियों को पेंशन के लिये भरना होगा पीपीओ फॉर्म

**नैनीताल, एजेंसी।** अब राज्य आन्दोलनकारियों को भी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पेंशनरों की भांति कोषागार के माध्यम से पेंशन का भुगतान किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए राज्य आंदोलनकारियों को पीपीओ यानी पेंशन पेमेंट आर्डर के निर्धारित प्रारूप पर नाम, पति या पिता का नाम, स्थायी निवास का पता, संयुक्त फोटो, पेंशन प्रारंभ होने का वर्ष एवं दिनांक, मुंह या हाथ में वैयक्तिक पहचान चिन्ह, लम्बाई, जन्म तिथि, पेंशन की दर, पीपीओ संख्या, बैंक का नाम, बैंक खाता संख्या, आधार संख्या, मोबाईल नंबर,नॉमिनी से संबंध, पेंशनर के नमूना हस्ताक्षर, लिंग, पेंशन स्वीकृतकर्ता के नमूना हस्ताक्षर आदि कोषागार को उपलब्ध कराये जाने है।

उन्होंने बताया कि राज्य आन्दोलनकारी पेंशन प्राप्त कर रहे चिन्हित राज्य आन्दोलनकारी निर्धारित पेंशन प्रारूप सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेगें। राज्य आन्दोलनकारी, नियमित पेंशन भुगतान का प्रारूप नैनीताल डॉट एनआईसी डॉट इन और अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी या तहसील कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

### नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में हरियाणा के सचिन को गोल्ड

**रुद्रपुर, एजेंसी।** डीपीएस फेंसिंग अकादमी में चल रही 19वीं कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन तीन इवेंट्स खेले गए। पुरुष वर्ग के फॉइल इवेंट में हरियाणा के सचिन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजस्थान के सचिन सैनी को 15-4 अंकों से एकतरफा मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इसमें रजत पदक सचिन सैनी तो कांस्य पदक पृथ्वीराज कंगाबम और यशराज को दिया गया। डीपीएस स्कूल में बृहस्पतिवार को पुरुष फॉइल, कैडेट पुरुष सेबर और कैडेट महिला एपी प्रतिस्पर्धाएं शामिल थे। पुरुष कैडेट वर्ग का परिणाम राजीव कुमार गोल्डी डायरेक्टर (कंपीटीशन) की उपस्थिति में घोषित किया गया। कैडेट पुरुष फॉइल इवेंट में उत्तराखंड के आदित्य थपलियाल ने प्री-क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया लेकिन, वह हरियाणा के विश्वजीत के खिलाफ मैच हार गए। इस अवसर पर डीपीएस के चेयरमैन और फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि यह जीत न केवल आपकी मेहनत और कौशल का प्रमाण है।

# केजरीवाल की गारंटी, आप सरकार बनने पर दिल्ली की सभी आरडब्ल्यूए को सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए मिलेगा सरकारी फंड

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा एलान किया है। उन्होंने गारंटी दी है कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली की सभी आरडब्ल्यूए को सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए सरकार से फंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगातार अपराध बढ़ रहा है। ऐसे में दिल्लीवासियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अगर दिल्ली में किसी को तकलीफ होती है तो मुझे तकलीफ होती है। इसलिए हम चुप नहीं बैठ सकते हैं। भाजपा और अमित शाह ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। दिल्ली में खुलेआम चोरियां, डकैती, चेन स्नैचिंग और गैंगवार की घटनाएं हो रही हैं। भाजपा वाले दिल्लीवालों से नफरत करते हैं और उनको दिल्ली की जनता से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन दिल्ली के दो करोड़ लोग हमारा परिवार हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि पिछले कई दिनों से मेरे पास पूरी दिल्ली से तमाम लोग आ रहे हैं। मैं भी दिल्ली में घूमता रहता हूं और लोगों से बात कर रहा हूं। दिल्ली को भाजपा की केंद्र




सरकार और खासकर गृह मंत्री अमित शाह ने देश की क्राइम कैपिटल बनाकर रख दिया है। दिल्ली में बहुत ज्यादा अपराध हो रहे हैं। खुलेआम चोरियां, डकैती और चेन स्नैचिंग हो रही हैं। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गैंगवॉर हो रहे हैं। दिल्ली के लोग बहुत ज्यादा डरे हुए हैं और खुद को बहुत ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। भाजपा और इनकी केंद्र सरकार को दिल्ली के लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। ये लोग दिल्लीवालों से नफरत करते हैं। इसी नफरत का नतीजा है कि पिछले 27 साल से भाजपा दिल्ली की सत्ता में नहीं आ पाई है। लेकिन हमें तो दिल्ली और दिल्लीवालों से लेना-देना है। दिल्ली के दो करोड़ लोग हमारा परिवार हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर दिल्ली में किसी को तकलीफ होती है तो केजरीवाल के दिल में दर्द होता है। मुझे तकलीफ होती है। इसलिए हम चुप नहीं बैठ सकते हैं। मैंने जगह-जगह लोगों को यह भरोसा दिलाया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो दिल्ली की सभी आरडब्ल्यूए को अपने-अपने इलाके में सिक्योरिटी गार्ड नियुक्त करने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से उचित राशि दी जाएगी। इसके लिए कुछ मापदंड बनाए जाएंगे कि किस आरडब्ल्यूए को सिक्योरिटी गार्ड के लिए कितना पैसा देना है। यह एरिया या उस इलाके में रहने वाले परिवारों की संख्या के आधार पर होगा, इसका एक मापदंड तैयार किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि सरकार बनने के बाद लोगों को अपने-अपने इलाके के अंदर प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड रखने के लिए आर्थिक रूप से मदद की जाएगी, ताकि वे सिक्योरिटी गार्ड वहां लोगों को बेसिक सुरक्षा प्रदान कर सकें। हालांकि पुलिस की जगह कोई नहीं ले सकता और न ही हमारा मकसद पुलिस को रिप्लेस करना का है। लेकिन इलाके में बेसिक सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड रखने के लिए आर्थिक मदद दी जाएगी। ताकि अगर कभी कोई चोरी करके भागे तो उसको पकड़ा जा सके, कोई अनधिकृत लोग सोसाइटी में अंदर न आ सकें। सिक्योरिटी गार्ड तैनात करने से ये सारी चीजें नियंत्रित हो जाएंगी। हमने पूरी दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। अब कोई भी अपराध होता है तो सीसीटीवी की मदद से उस अपराधी को पकड़ना आसान हो जाता है। इसी तरह हम दिल्लीवालो को सुरक्षा देने के लिए आरडब्ल्यूए को पैसा देकर उनको सिक्योरिटी गार्ड मुहैया कराएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### फोरम ने विश्व हिंदी दिवस को एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज के रूप में मनाया

नई दिल्ली। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (दिल्ली विश्वविद्यालय) के तत्वाधान में शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय, उत्तरी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम ह्ल एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज ह्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भाषाई और अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के लिए हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना है। परिचर्चा में हिंदी की भारत में स्थिति तथा विश्व में उसकी बढ़ रही संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि आज हिंदी बाजार की भाषा बनती जा रही है, जो कि हिंदी के भविष्य के लिए एक सुखद संकेत हैं। परिचर्चा में मुख्य वक्ता फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर के.पी.सिंह ने की व विषय परिवर्तन प्रो.मनोज कुमार कैन ने किया। परिचर्चा में शिक्षकों व शोधार्थियों के अलावा कु. पल्लवी प्रियदर्शिनी, श्री राजकुमार सरोज, डॉ.सुरेंद्र सिंह, श्री अविनाश बनर्जी आदि ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री घनश्याम भारती ने किया।

### दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए गजट अधिसूचना जारी, नामांकन भरने का कार्य शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली में 70 सदस्य विधानसभा के आम चुनावों के लिए गजट अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गई। चुनाव आयोग दिल्ली विधानसभा के चुनाव पांच फरवरी को करने के कार्यक्रम की घोषणा पहले ही कर चुका है। दिल्ली के वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को पूरा हो रहा है। दिल्ली के मुख्य सचिव द्वारा उपराज्यपाल के आदेश पर जारी अधिसूचना में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से अपेक्षा की गई है कि वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत नए सदस्य निर्वाचित करें। इसके साथ ही दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश से दिल्ली विधानसभा के चुनाव कार्यक्रमों के भी अधिसूचना जारी की गई है जिसके तहत दिल्ली विधानसभा के सभी निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और नामांकन शुक्रवार यानी 17 जनवरी तक भरे जा सकेंगे।

### घर के बाहर गमले रखने के विवाद में लोहे की रॉड से हमला, गिरफ्तार

नई दिल्ली। नंद नगरी इलाके में गुरुवार रात घर के बाहर गमले रखने के विवाद में पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी पड़ोसी ने पीड़ित के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पड़ोसी 20 वर्षीय दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इससे पूछताछ कर रही है। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि गुरुवार रात 8.30 बजे थाने में पड़ोसी पर लोहे के रॉड से हमले की पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि एक लड़के के सिर में लोहे के रॉड से हमला किया गया है और सिर से काफी खून निकल रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल वारदातस्थल पर पहुंची तो पता चला कि स्थानीय लोगों ने पीड़ित को उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल पहुंचा दिया है।

### गोकलपुरी थाने में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। गोकलपुरी थाने के अंदर शुक्रवार दोपहर बिजली उपकरणों की समस्या के चलते आग लग गई। आग थाना इमारत के चौथी मंजिल पर स्थित सर्विलांस रूम में लगी थी। सूचना के बाद मौके पर दमकल विभाग की सात गाड़ियों समेत पहुंची टीम ने करीब आधे घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इसके बाद कूलिंग वगैरह की गई। गनीमत यह रही कि आग की चपेट में आने से कोई हताहत नहीं हुआ। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1.20 बजे थाने के चौथे तल पर आग लग गई। आग यहां स्थित सर्विलांस रूम में लगी।

# भाजपा सबसे ज्यादा गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी को बनाने जा रही अपना सीएम चेहरा : सीएम आतिशी

**दिल्ली के लोगों को पता है कि आम आदमी पार्टी के जीतने पर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अगर भाजपा को वोट दे दिया तो जनता को गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी सीएम बनेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि शुक्रवार को सुबह गाली गलौच पार्टी की सीईसी बैठक में तय हुआ है कि सबसे ज्यादा गाली- गलौंज करने वाले रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री चेहरा बनाया जाएगा और शाम को संसदीय समिति की बैठक इस फैसले पर मोहर लगा देगी। उन्होंने कहा कि अब दिल्लीवालों के सामने दो विकल्प हैं।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा के सीएम चेहरे को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबसे ज्यादा गाली देने वाले अपने नेता रमेश बिधूड़ी को अपना मुख्यमंत्री चेहरा बनाने जा रही है। दिल्ली के लोगों को पता है कि आम आदमी पार्टी के जीतने पर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अगर भाजपा को वोट दे दिया तो जनता को गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी सीएम बनेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि शुक्रवार को सुबह ह्लगाली गलौच पार्टीह्व की सीईसी बैठक में तय हुआ है कि सबसे ज्यादा गाली- गलौंज करने वाले रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री चेहरा बनाया जाएगा और शाम को संसदीय समिति की बैठक इस फैसले पर मोहर लगा देगी। उन्होंने कहा कि अब दिल्लीवालों के सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ पढ़े-लिखे और काम करने वाले नेता अरविंद केजरीवाल और दूसरी तरफ गाली-गलौंज करने वाले रमेश बिधूड़ी हैं।




आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि आज पूरी दिल्ली गाली-गलौंज पार्टी से एक ही सवाल पूछ रही है कि उनका सीएम चेहरा कौन है? दिल्ली की हर गली, मोहल्ले और कॉलोनी में यही चर्चा का मुद्दा है कि आम आदमी पार्टी ने अपने सीएम चेहरे को घोषित कर दिया है। दिल्ली के लोगों को पता है कि आम आदमी पार्टी को वोट देने पर अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन अगर गाली-गलौंज पार्टी को वोट दिया तो उनका मुख्यमंत्री कौन बनेगा? आज भाजपा की कोर कमिटी की मीटिंग चल रही है। आज शाम को भाजपा की संसदीय बोर्ड की भी मीटिंग है। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि गाली-गलौंज पार्टी ने यह फैसला लिया है कि उनकी पार्टी में सबसे ज्यादा गाली-गलौंज करने वाले नेता रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया जाएगा। शनिवार को शायद भाजपा के उम्मीदवारों की घोषणा होगी। उसके दो-तीन दिन बाद गाली-गलौज पार्टी यह घोषणा करने वाली है कि सबसे ज्यादा गाली-गलौंज करने वाले रमेश बिधूड़ी उनके सीएम का चेहरा होंगे। मुख्यमंत्री आतिशी ने आगे कहा कि अगर दिल्ली के लोग कमल का बटन दबाते हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर रमेश बिधूड़ी मिलने वाले हैं। इस फैसले का कारण यह है कि गाली-गलौंज पार्टी में जो व्यक्ति सबसे ज्यादा भद्दी बातें और गाली-गलौंज करता है, वह इस पार्टी में सबसे ज्यादा और तेजी से आगे बढ़ता है।

रमेश बिधूड़ी ने संसद में गाली-गलौंज की। उन्होंने जिस अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, मुझे नहीं लगता कि इस देश के सभ्य लोग उन शब्दों का इस्तेमाल कर सकते हैं। रमेश बिधूड़ी अपनी पार्टी के लोगों के साथ भी गाली-गलौंज करते हैं। सभी जानते हैं कि रमेश बिधूड़ी ने अपनी ही पार्टी के पूर्वांचली नेताओं के साथ गाली-गलौंज और मारपीट कर उन्हें सड़कों पर भगाया था। सभी जानते हैं कि कुछ ही दिन पहले रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उनके साथ गाली-गलौंज की। उसके अगले दिन रमेश बिधूड़ी ने मेरे और मेरे परिवार के साथ गाली-गलौंज की। इस गाली-गलौंज का रमेश बिधूड़ी को यह इनाम मिल रहा है कि उनकी पार्टी उन्हें सीएम चेहरे के रूप में घोषित करने जा रही है। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आज सीईसी की बैठक में फैसला हो चुका है और भाजपा की संसदीय बोर्ड की मीटिंग में इस फैसले पर मुहर लग जाएगी।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अब दिल्ली के लोगों के सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ अरविंद केजरीवाल हैं जो आईआईटी खड़गपुर से पढ़े हुए इंजीनियर हैं। वह आईआरएस ऑफिसर रहे हैं। एक तरफ दिल्ली में 24 घंटे बिजली, घर-घर पानी पहुंचाने, सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर करने, मुफ्त इलाज, बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थयात्रा और महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा करवाने वाले अरविंद केजरीवाल हैं और दूसरी तरफ, गाली-गलौंज करने वाले, अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करने वाले रमेश बिधूड़ी हैं। इसलिए अंतर बिल्कुल साफ है कि एक तरफ आम आदमी पार्टी के पढ़े-लिखे नेता अरविंद केजरीवाल हैं और दूसरी तरफ गाली-गलौंज पार्टी के गाली-गलौंज करने वाले नेता रमेश बिधूड़ी हैं। अब यह दोनों विकल्प दिल्ली के लोगों के सामने हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि दिल्ली के लोग काम करने वाले पढ़े-लिखे मुख्यमंत्री को ही पसंद करेंगे।

# गाली-गलौच पार्टी में घोटाला- वोट खरीदने के लिए मिले 10 हजार, नेता जनता को बांट रहे एक हजार

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने गाली-गलौंज पार्टी में पैसे से वोट खरीदने के मामले में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा किया है। शुक्रवार को आप ने कहा कि वोट खरीदने के लिए गाली-गलौंज पार्टी के नेताओं को अलाकमान से हर वोटर के लिए 10 हजार रुपए मिले थे, लेकिन नेता जनता में सिर्फ एक हजार रुपए ही बांट रहे हैं। इस मुद्दे पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज ने भी तीखा हमला बोला। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज संजय सिंह ने बेहद विस्फोटक खुलासा किया है। दिल्ली के लोग पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि गाली- गलौज पार्टी के कुछ नेता दिल्ली में खुलेआम लोगों को प्रति व्यक्ति 1100 या 1000 रुपए दे रहे हैं। संजय सिंह ने इस वीडियो में बताया है कि दरअसल इन नेताओं के पास पार्टी से बांटने के लिए प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपए आए थे। पर इन नेताओं ने केवल 1100 रुपए ही दिए, बाकी रख लिए। क्या ये सच है? अरविंद केजरीवाल ने पूछा है कि इनकी पार्टी बताए कि नेताओं को कितने रुपए दिए गए थे और ये नेता भी बताएं कि उन्होंने कितने बांटे और कितने रख लिए? उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील की है कि किसी हालत में अपना वोट ना बेचें। आपका वोट बेशकीमती और अनमोल है। उन्होंने एक और पोस्ट कर कहा कि गाली-गलौज पार्टी दिल्ली का चुनाव बुरी तरह से हार रही है, इसलिए वो अब पैसे से वोट खरीदकर चुनाव लड़ना चाहती है। मीडिया के साथियों ने बताया कि इनकी पार्टी वाले सभी मीडिया वालों को धमका रहे हैं कि संजय सिंह की ये प्रेस कांफ्रेंस दिखाई ना जाए। मेरा सभी लोगों से अनुरोध है कि इस वीडियो को सोशल मीडिया में हर जगह खूब फैला दो और सबको उस पार्टी की सचाई बता दो। उधर, आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा कि गाली-गलौज पार्टी ने दिल्ली के चुनाव में फजीवाड़ा की सारी हदें पार कर दी हैं। गाली-गलौज पार्टी के शीर्ष नेताओं ने 10 हजार रुपए बांटने के लिए भेजे, लेकिन पैसे कमाने के लिए इनके नेताओं ने 9,000 डकार लिए और सिर्फ1,100 बांट दिए। गाली-गलौज पार्टी के नेताओं के साथ काम कर रहे लोग भी जानते हैं कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से भाजपा जीत तो सकती नहीं, तो क्यों न दिल्ली वालों के 9,000 रुपए ही मार लिए जाएं। वहीं, आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि हाल ही में गाली-गलौंज के कुछ नेताओं ने दिल्ली में वोट खरीदने के लिए 1100-1100 रुपए बांटे थे। इस बात की चर्चा मीडिया और पूरी दिल्ली में हुई। खुलेआम नोट देकर वोट खरीदने की कोशिश की गई। उसके बाद हमने जांच की कि इसके पीछे की क्या सच्चाई है? सूत्रों से हमें जो जानकारी मिली है, वह और भी ज्यादा गंभीर है। दरअसल, गाली-गलौंज पार्टी ने नेताओं को 10-10 हजार रुपए बांटने के लिए दिए गए थे कि 10-10 हजार रुपए बांटकर वोट खरीदो। इनके नेताओं ने सोचा कि चुनाव तो हारना ही है, अरविंद केजरीवाल से जीतने की कोई संभावना ही नहीं है तो बेहतर है कि चुनाव में पैसे ही कमा लिए जाएं।

# सत्ता गंवाने के भय से मानसिक संतुलन खो चुके हैं केजरीवाल : सचदेवा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पीएम मोदी और गृह मंत्री पर जाटों को धोखा देने का आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा ने पलटवार किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केजरीवाल अपनी सत्ता खोने का बदला दिल्ली वालों से ले रहे हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह भाजपा को कोस लें, लेकिन प्लीज दिल्ली में तनाव ना फैलाइए, दिल्ली का विकास रोककर, खजाना लूटकर वह पहले ही बहुत नुकसान कर चुके हैं। अब उन्हें दिल्ली का समुदाय सौहार्द नहीं बिगाड़ना चाहिए।



उन्होंने आगे कहा, दो कुर्सी नाटक से आज के घटिया पोस्टर तक आपने गत 4 माह में हर सुबह दिल्ली वालों को, भाजपा को कोसा है। दिल्ली अब और केजरीवाल को नहीं सह पाएगी। केजरीवाल का आज का पोस्टर उनके चरित्र और हताशा को दशार्ता है। भाजपा इसकी निंदा करती है और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो इसे वापस लें। वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, 13 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट की सख्त शर्तों के साथ एक कागजी मुख्यमंत्री के रूप में जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने उसी दिन इस्तीफा न देकर राजनीतिक आत्महत्या की थी। 21 सितंबर को आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री कहकर अरविंद केजरीवाल ने अपनी पुरानी महिला विरोधी सोच को फिर से दशार्या था। 22 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आतिशी से दो कुर्सी का नाटक करा कर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा तार-तार की थी। 25 अक्टूबर को विकासपुरी से लेकर 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश पदयात्रा तक अरविंद केजरीवाल ने खुद पर हमले का कार्ड चलाने की भरसक कोशिश की, पर इस बार 2015 के थप्पड़ जैसी झूठी कहानी जमी नहीं। उन्होंने आगे कहा, केजरीवाल पूरा दिसंबर दिल्ली के हर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक डैमेज कंट्रोल के लिए मुस्लिम रोहिंग्या वोटर जुड़वाने को बेताब दिखे। वहीं नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में तो मृत एवं शिफ्टेड वोटर को बनाए रखने के लिए फड़फड़ाते रहे। 1 जनवरी 2025 को जब लोग खुशियां बांट रहे थे, तब केजरीवाल-मालेर्ना ने उपराज्यपाल मंदिर तुड़वा देंगे जैसी झूठी खबर उड़ाकर दिल्ली का साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की, पर वह सफल नहीं हुए।₹भाजपा नेता ने राकेश टिकैत और अरविंद केजरीवाल की मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ₹चार दिन पहले उनसे राकेश टिकैत मिले थे और कल 9 जनवरी को केजरीवाल ने दिल्ली के जाट समाज को राजनीतिक रूप से उकसाने की कोशिश की है, जो शर्मनाक है। 9 जनवरी को ही देर शाम केजरीवाल ने चुनाव अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए। अरविंद केजरीवाल हमेशा से पूर्वांचल विरोधी थे, हैं और रहेंगे और यह काला सच कल 9 जनवरी की शाम को एक बार फिर उनके मुंह से निकला। केजरीवाल को बताना चाहिए कि वह पूर्वांचल के लोगों से इतनी नफरत क्यों करते हैं?

# आम आदमी पार्टी ने सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने सनातन सेवा समिति के गठन के बाद शुक्रवार को इसके पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। आप ने सनातन सेवा समिति का प्रदेश प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज को बनाया है, जबकि विजय शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष समेत 8 पदाधिरियों की सूची जारी की है। इस समिति का उद्देश्य पुजारियों और संतों को एक मंच प्रदान करना है, जो सनातन धर्म के लिए काम कर रहे हैं। पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल से प्रभावित होकर भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ को छोड़कर सैकड़ों पुजारी और संत आप के सनातन सेवा समिति में शामिल हो चुके हैं। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय द्वारा सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों की जारी सूची के अनुसार, घनेंद्र भारद्वाज को प्रदेश प्रभारी, विजय शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, जितेंद्र शर्मा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सरदार राजिंदर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, ब्रिजेश शर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री, मनीष गुप्ता और सरदार राजिंदर सिंह (हनी) को प्रदेश सचिव और दुष्यंत शर्मा को प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए देने के लिए पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की गारंटी दी है। आम आदमी पार्टी ने सभी पुजारियों और संतों को एक मंच पर लाने के लिए सनातन सेवा समिति का गठन किया है। अब पार्टी ने समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की है। बीते 8 जनवरी को आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंदिरों के पुजारी और संत समाज एकत्र हुआ था और पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा के लिए अरविंद केजरीवाल की जमकर तारीफ की थी।

# 'आप' का ऐलान, आरडब्ल्यूए में सुरक्षा गार्ड की तैनाती के लिए सरकार देगी फंड

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने एक और घोषणा जनता के सामने रखी है। इसके मुताबिक, आम आदमी पार्टी सरकार बनने के बाद दिल्ली के सभी आरडब्ल्यूए में सुरक्षा गार्ड की तैनाती के लिए फंड मुहैया कराया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में अपराध लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में दिल्लीवासियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमारी सरकार बनने पर दिल्ली की सभी आरडब्ल्यूए को सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए सरकारी फंड दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने और खासकर अमित शाह जी ने दिल्ली को 'क्राइम कैपिटल' बनाकर रख दिया है। इतने ज्यादा अपराध हो रहे हैं। खुलेआम चोरियां हो रही हैं। डकैती हो रही है। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गैंगवॉर हो रही है। लोग बहुत ज्यादा डरे हुए हैं। लोग अपने आप को बहुत ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। भाजपा को और उनकी केंद्र सरकार को दिल्ली के लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। यह लोग तो दिल्ली वालों से नफरत करते हैं और इसी नफरत का नतीजा है कि आज 25 साल से भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की सत्ता में नहीं आ पाई है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोग तो हमारे हैं। दिल्ली के 2 करोड़ लोग हमारा परिवार हैं। अगर दिल्ली में किसी को तकलीफ होती है तो केजरीवाल के दिल में दर्द होता है। मुझे तकलीफ होती है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो जितनी भी आरडब्ल्यूए हैं, उनको अपने-अपने इलाके में सिक्योरिटी गार्ड नियुक्त करने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से उचित राशि दी जाएगी। इसके कुछ मापदंड बना लेंगे कि किस आरडब्ल्यूए को कितने सिक्योरिटी गार्ड का पैसा देना है।

**घोषणा** स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने भाजपा के सामने घुटने टेके, चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो दिल्ली में लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी : केजरीवाल

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल के आवास तक निकाला मार्च, पुलिस ने रोकने के लिए किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को अशोक रोड से आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास तक पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाला। इस मार्च में उन्होंने पूर्वांचल के लोगों के खिलाफ कथित टिप्पणी का विरोध किया। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, जब उन्होंने फिरोज शाह रोड स्थित केजरीवाल के आवास के पास लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की।

पुलिस ने भाजपा कार्यकताओं को हिरासत में भी लिया। भाजपा ने केजरीवाल पर यूपी, बिहार, झारखंड के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को यहां



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप का यूपी, बिहार, झारखंड के लोगों का अपमान करने का इतिहास रहा है। आप (अरविंद केजरीवाल) ने यूपी, बिहार, झारखंड के लोगों को फर्जी कहने की हिम्मत कैसे की। अरविंद केजरीवाल और आप के वादे फर्जी हैं। पूर्वांचल के लोग 5 फरवरी को इसका बदला लेंगे। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने हाल ही में यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी कहा और उन पर दिल्ली में फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाने का आरोप लगाया। इस बयान पर पलटवार करते हुए आप विधायक

**भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने हाल ही में यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी कहा और उन पर दिल्ली में फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाने का आरोप लगाया। इस बयान पर पलटवार करते हुए आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कि मैं दिल्ली के पूर्वांचली नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जब जेपी नड्डा ने पूर्वांचलियों को घुसपैठिया कहा था, तब मनोज तिवारी कहां थे।**

सौरभ भारद्वाज ने कि मैं दिल्ली के पूर्वांचली नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जब जेपी नड्डा ने पूर्वांचलियों को घुसपैठिया कहा था, तब मनोज तिवारी कहां थे। पूर्वांचल मोर्चा कहां था। उन्होंने कहा कि जब मेरे निर्वाचन क्षेत्र में छठ घाट को नष्ट किया गया था, तब मनोज तिवारी कहां थे? हमने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें बताया गया कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों के वोट काटे जा रहे हैं, क्योंकि वे आप को वोट देते हैं। यह विवाद तब पैदा हुआ जब अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली विधानसभा में कथित मतदाता अनियमितताओं के बारे में चिंता जताने के लिए चुनाव आयोग से मुलाकात की।

पार्टी ने इस सीट पर मतदाता पंजीकरण और विलोपन में उल्लेखनीय वृद्धि को उजागर किया, जबकि बड़े पैमाने पर मतदाता धोखाधड़ी होने का आरोप लगाया। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने कहा कि 22 दिनों में कुल 5,500 वोट पंजीकृत किए गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि मतदाता सूची से 5500 नाम हटाने के लिए आवेदन करने वाले 89 लोगों में से 18 ने अनुरोध प्रस्तुत करने से इनकार कर दिया। केजरीवाल ने गुरुवार को चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मुख्य चुनाव आयुक्त बाहर हैं, लेकिन हमने अन्य दो आयुक्तों से मुलाकात की। हमने जो मुद्दे उठाए, उनमें से एक यह था कि नई दिल्ली विधानसभा में 15 दिसंबर से 7 जनवरी के बीच 22 दिनों में कुल 5,500 वोट दर्ज किए गए। इस विधानसभा में कुल वोट 1,00,000 हैं। इसका मतलब है कि पिछले 22 दिनों में 5.5 प्रतिशत वोट दर्ज किए गए, जो स्पष्ट रूप से कुछ अनियमितताओं को दशार्ता है। इन आवेदनों में कुछ समस्याएं हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

नईदिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को अपराध की राजधानी बना दिया है। महिलाओं के लिए अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आए दिन डकैती, झपटारी और गैंगवार की घटनाएं हो रही हैं और पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा दिल्ली के लोगों से नफरत करती है। यह उनकी नफरत का कारण ही है कि वे पिछले 25 वर्षों में दिल्ली की सत्ता में वापस नहीं आए हैं। केजरीवाल ने लोगों को आश्वासन दिया है कि आआपा सरकार बनने पर आरडब्ल्यूए को अपने संबंधित क्षेत्रों में निजी सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए दिल्ली सरकार रुपये देगी। यह रुपये सरकारी फंड से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को बदलना हमारा मकसद नहीं है। भाजपा अब धरना पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि कल मैं चुनाव आयोग में शिकायत करने गया था कि भाजपा रोहिंग्याओं के नाम पर पूर्वांचल के लोगों के वोट काट रही है।

### भाजपा-आप कार्यकताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव बादली विधानसभा के भगत सिंह पार्क एवं राणा पार्क क्षेत्र के भाजपा और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों में एडवोकेट नेहा यादव, कृष्णा यादव, सागर सिंह, गौतम यादव, सतीश अग्रवाल, धीरज खत्री, निखिल यादव, विशु, दलेर यादव, गौरव, अमित, पारस खत्री, यों मनदीप, ऊषा, पूजा, अनु गुप्ता, अनीता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर कांग्रेस एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठिया, सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ और राजेन्द्र पाल गौतम भी मौजूद थे।

### बाबसाहेब की विचारधारा के खिलाफ हैं केजरीवालः कांग्रेस

नईदिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अपने कार्यालय में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र लगाने वाले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दोनों महापुरुषों की विचारधारा के खिलाफ हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पार्टी नेता राजेंद्र पाल गौतम ने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि केजरीवाल कभी जाति जनगणना और सामाजिक न्याय के विषय पर नहीं बोलते। केजरीवाल सरकार में मंत्री रहे और अब कांग्रेस में शामिल हो चुके गौतम ने आरोप लगाया, अरविंद केजरीवाल अपने कार्यालय में एक तरफ बाबा साहेब आंबेडकर जी और दूसरी तरफ शहीद भगत सिंह जी की तस्वीर लगाते हैं। लेकिन सच्चाई है कि वह इन दोनों से ही नफरत करते हैं। केजरीवाल इन दोनों की ही विचारधारा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, आपने (मीडिया) केजरीवाल जी के मुंह से कभी भी जातिगत जनगणना की बात नहीं सुनी होगी, जिससे सभी को उनका हक मिल सके। अरविंद केजरीवाल सामाजिक न्याय के विषय में कभी नहीं बोलते। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने भाजपा पर आरक्षण की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति को पाठ्यक्रम में शामिल करने के विचार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, जहां हम संविधान में दिए गए अधिकारों की बात करते हैं, वहीं भाजपा दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों के पदों को आरक्षण की श्रेणी से बाहर करने करने की बात करती है।

### दिल्ली के 23 स्कूलों को धमकी भरे ईमेल 12वीं के छात्र ने भेजे थे

नई दिल्ली। 23 स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल 12वीं कक्षा के छात्र द्वारा भेजे गए थे। दिल्ली पुलिस ने छात्र को हिरासत में लिया है। नाबालिग को हिरासत में तब लिया गया जब पुलिस ने बम की धमकी मामले की जांच की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह परीक्षा नहीं देना चाहता था। लड़के ने अपने संस्थान को छोड़कर कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल भेजे। पिछले कुछ सप्ताह में कई स्कूलों को बम की धमकियां मिली थी। जांच के दौरान कुछ भी नहीं निकला था। लेकिन, लगातार बम की धमकियों ने पुलिस को परेशान कर दिया था। धमकियों के मद्देनजर, पुलिस और शिक्षा विभाग ने स्कूल के शिक्षकों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया और उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित भी किया। स्कूलों के अलावा कई एयरलाइनों को भी बम की धमकियां मिली थी। पिछले साल 20 दिसंबर को द्वारका में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में बम की धमकी की सूचना मिली थी।

## देवेंद्र यादव ने सीईओ से मुलाकात कर दिल्ली पुलिस को स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) आर। एलिस वाज को ज्ञापन देकर चुनाव में अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। उन्होंने ज्ञापन में मतदान वाले दिन पिछले चुनाव में हुईं अव्यवस्थाओं को सीईओ के समक्ष उठाया है। देवेंद्र यादव ने लिखा कि चूंकि भारत के चुनाव आयोग ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, इसलिए मैं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दिल्ली में चुनाव प्रबंधन के संबंध में विभिन्न चिंताओं को संज्ञान में लाना चाहूंगा।

देवेंद्र यादव ने लिखा कि मतदान के दिन चिंता का विषय बनने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है मतदान केन्द्रों के अन्दर/बाहर राजनीतिक दलों के कार्यकताओं द्वारा की जाने वाली गतिविधियों जैसे कि मेज, पार्टी के झंडे, चिन्ह तथा अन्य सामग्री रखना ताकि पार्टी कार्यकताओं को अनावश्यक



रूप से परेशान न किया जा सके। स्थानीय पुलिस को स्पष्ट दिशा-निर्देश/ निर्देश जारी की जानी चाहिए। यह अनुभव किया गया है कि पुलिस द्वारा आदर्श आचार संहिता की आड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सबसे अधिक परेशान किया जाता है, जो चुनावी प्रथाओं तथा स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। पिछले चुनावों में भी देखा गया था कि कई विधानसभा क्षेत्र ऐसे थे, जहां मतदान प्रतिशत अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की तुलना में अधिक था। यह भी देखा गया था कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में भारी मतदान के कारण, कई बूथों पर खराब प्रबंधन के कारण वोट डालने के लिए लंबी कतारें लगी थीं, मतदान में अनावश्यक देरी हुई तथा घंटों तक व्यवधान पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप न केवल मतदाताओं को बल्कि राजनीतिक दलों के कार्यकताओं सहित चुनाव मशीनरी को भी देर रात तक परेशान होना पड़ा। यह भी अनुरोध किया जाता है कि उचित सत्यापन के बिना मतदाता सूची में कोई भी नाम न हटाया जाए अथवा न जोड़ा जाए। देवेंद्र यादव ने सीईओ से अनुरोध किया है कि आप उपरोक्त चिंताओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस को लिखित रूप में निर्देश जारी करें कि वे निष्पक्ष तरीके से कार्य करके अनुशासन बनाए रखें तथा चुनाव आयोग द्वारा जारी निदेशों का पालन करें। चुनावी मशीनरी को स्पष्ट निर्देश भी जारी किए जाने चाहिए कि वे सबसे अधिक मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में अनावश्यक देरी के बिना मतदान को सुचारू रूप से संचालित करें, ताकि लंबी कतारों तथा देर रात तक मतदान को नियंत्रित किया जा सके। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, डॉक्टर नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में केजरीवाल और सिसोदिया कोर्ट में हुए पेश, 17 जनवरी को अगली सुनवाई

**स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 17 जनवरी को करने का आदेश दिया। इससे पहले कोर्ट ने 6 दिसंबर 2024 को सीबीआई को दस्तावेजों की सूची भी दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 11 सितंबर 2024 को दुर्गेश पाठक को एक लाख रुपये के बेल बांड पर जमानत देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 3 सितंबर 2024 को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 23 अगस्त 2024 को सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई है।**

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के सीबीआई से जुड़े मामले में आज इस मामले के आरोपी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आप नेता दुर्गेश पाठक, विजय नायर और बीआरएस नेता के कविता कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 17 जनवरी को करने का आदेश दिया। इससे पहले कोर्ट ने 6 दिसंबर 2024 को सीबीआई को दस्तावेजों की सूची भी दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 11 सितंबर 2024 को दुर्गेश पाठक को एक लाख रुपये के बेल बांड पर जमानत देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 3 सितंबर 2024 को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 23 अगस्त 2024 को सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की



अनुमति मिल गई है। कोर्ट ने 10 जुलाई 2024 को केजरीवाल के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 17 मई 2024 को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार होने वाले लोगों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के कविता शामिल हैं। इस मामले में केजरीवाल, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और के कविता को सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियमित जमानत मिल चुकी है। ईडी ने 21 मार्च 2024 को देर शाम को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। 10 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 1 जून तक की अंतरिम जमानत दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून 2024 को सरेंडर किया था। केजरीवाल को 26 जून 2024 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। बता दें कि 27 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने के कविता को सीबीआई और ईडी के मामले में जमानत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को केजरीवाल को सीबीआई के मामले में नियमित जमानत दी थी। उस से पहले सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई 2024 को ईडी के मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी।

## आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगाया वोट खरीदने का आरोप

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। सांसद संजय सिंह और आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर वोट खरीदने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी तीखा हमला बोला।



अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज संजय सिंह ने बेहद विस्फोटक खुलासा किया है। दिल्ली के लोग पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि भाजपा पार्टी के कुछ नेता दिल्ली में खुलेआम लोगों को प्रति व्यक्ति 1100 या 1000 रुपये दे रहे हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट कर कहा कि भाजपा पार्टी दिल्ली का चुनाव बुरी तरह से हार रही है, इसलिए वो अब पैसे से वोट खरीदकर चुनाव लड़ना चाहती है। उनका सभी लोगों से अनुरोध है कि पैसे बांटने से जुड़ा वीडियो को सोशल मीडिया में हर जगह खूब फैला दो और सबको उस पार्टी की सचाई बता दो।

वहीं मनीष सिसोदिया ने एक्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा पार्टी ने दिल्ली के चुनाव में फजीवाड़ा की सारी हदें पार कर दी हैं। वहीं प्रेस वार्ता में सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में भाजपा के कुछ नेताओं ने दिल्ली में वोट खरीदने के लिए 1100-1100 रुपये बांटे थे। इस बात की चर्चा मीडिया और पूरी दिल्ली में हुई। खुलेआम नोट देकर वोट खरीदने की कोशिश की गई। इसी क्रम में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वोट खरीदने के लिए पैसे देना भ्रष्ट आचरण की परिभाषा में सीधे तौर पर आता है। यह भ्रष्टाचार है। चुनाव आचार संहिता लगने के बावजूद दिल्ली के अंदर खुलेआम भ्रष्टाचार जारी है। लेकिन उससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि भ्रष्टाचार के अंदर भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

## जाट के बहाने केजरीवाल की तरकश से निकला एक और चुनावी तीर

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। न सिर्फ जाट आरक्षण को लेकर मोदी-शाह को सवालों में घेरा है, बल्कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से जाट प्रत्याशी परवेश वर्मा पर भी जाट की मुख्तारी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अरविंद केजरीवाल ने दो टूक पूछा है कि राजस्थान के जाट को दिल्ली में आरक्षण मिलेगा लेकिन दिल्ली के जाट को नहीं, ऐसा क्यों? बात सिर्फ सवाल तक नहीं है। केजरीवाल ने दावा किया है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने बीते 10 साल में चार बार जाट नेताओं से झूठ बोला है। वादा करके धोखा दिया है। जब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भी झूठ बोलेंगे तो जनता कहां जाएगी? केजरीवाल ने उन चार मौकों का भी जिक्र किया। 26 मार्च 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली जाट समाज के प्रतिनिधियों को अपने घर बुलाकर ये वादा किया कि केंद्र की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज को शामिल किया जाएगा। 8 फरवरी 2017 को यूपी चुनाव से पहले अमित शाह ने चौधरी वीरेंद्र सिंह के घर पर दिल्ली और देश के जाट नेताओं से वादा किया कि स्टेट लिस्ट में ओबीसी जातियों को केंद्र की लिस्ट में जोड़ा जाएगा। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में परवेश वर्मा के आवास पर अमित शाह ने जाट नेताओं से मुलाकात की और जाट समाज को केंद्र के ओबीसी लिस्ट में शामिल करने का वादा दोहराया। 2022 में दिल्ली में अमित शाह ने सैकड़ों जाट नेताओं को बुलाया, मुलाकात की और फिर वादा दोहराया। दिल्ली में जाट बहुल सीटों पर अभी आम आदमी पार्टी का दबदबा है। महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, नजफगढ़ और



बिजवासन जाट बहुल सीटें हैं और ये सभी सीटें आम आदमी पार्टी के पास हैं। मगर, इन सीटों को बचाने की चुनौती आम आदमी पार्टी के पास है। इसके अलावा भी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में जाट वोटर बहुत प्रभावशाली हैं। दिल्ली में लगभग 10 प्रतिशत जाट वोट हैं। दिल्ली के 364 गांवों में से 225 गांवों में जाटों का दबदबा है। बीते दिनों किसान आंदोलन में जाट समुदाय की भागीदारी रही थी। हरियाणा और राजस्थान में जाटों ने कांग्रेस को वोट दिए थे। हालांकि लोकसभा चुनाव में जाट वोटों का झुकाव बीजेपी की ओर दिखा था। आसन्न विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीजेपी की ओर से चुनौती दे रहे हैं परवेश वर्मा, जो न सिर्फ जाट हैं बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री और दबंग जाट नेता साहिब सिंह वर्मा के बेटे भी हैं। हालांकि बीजेपी ने कोई मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं दिया है लेकिन परवेश वर्मा स्वयं को लगभग उसी तरीके से प्रोजेक्ट कर रहे हैं।

**जाट समुदाय से वादाखिलाफी का आरोप:** अरविंद केजरीवाल ने जाट समुदाय के साथ बीजेपी के किए गए वादों और उन वादों पर अमल नहीं करने का मुद्दा उठाकर नरेंद्र मोदी और अमित शाह के साथ-साथ परवेश वर्मा पर भी सवाल उठाए हैं। जाटों की उपेक्षा का यह सवाल जाटों को आम आदमी पार्टी के साथ एकजुट कर सकता है। अगर ऐसा हुआ तो जाट बहुल सीटें तो आम आदमी पार्टी बचा ही ले जाएगी, साथ ही पूरे दिल्ली में 18 प्रतिशत वोटों का झुकाव उसके साथ होगा। अरविंद केजरीवाल ने यह भी साफ किया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव केवल आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच है। ऐसा कहकर उन्होंने जाट समेत तमाम वोटरों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि वे कांग्रेस के बारे में ना सोचें।

केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज को शामिल करने को लेकर बीजेपी की ओर से धोखा दिए जाने का उल्लेख करते हुए अरविंद केजरीवाल ने भरोसा दिया है कि वे इस लड़ाई को लड़ेंगे। जाट वोटरों के साथ खड़े होने का वादा करके अरविंद केजरीवाल ने निश्चित रूप से जाट वोटरों के बीच अपनी पहुंच को मजबूत करने का जज्बा दिखाया है। दिल्ली में केंद्र सरकार की 7 यूनिवर्सिटी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के कई कॉलेज हैं। दिल्ली पुलिस, एनडीएमसी, एम्स, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया जैसे कई केंद्र सरकार के संस्थान हैं, जहां दिल्ली के जाट समाज को रिजर्वेशन और नौकरी दोनों मिल सकती है। मगर, केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल नहीं होने के कारण ऐसा नहीं हो पाता है। अरविंद केजरीवाल ने जाट के अलावा रावत, रौनियार, रायतंवर, चारन और ओड को भी केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में शामिल करने की मांग की जो दिल्ली की ओबीसी लिस्ट में शामिल हैं।

**दलित, मुस्लिम, जाट बहुल 30 सीटें हैं ह्यआपह्न के पास:** दिल्ली में 17 प्रतिशत दलित वोटरों को लेकर भी आम आदमी पार्टी बहुत सचेत है। दलितों के लिए दिल्ली की सभी 12 सुरक्षित सीटें आम आदमी पार्टी के पास हैं। ऐसे में जैसे ही अमित शाह ने सदन में बाबा साहब अंबेडकर को लेकर बयान दिया। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में इस मुद्दे को पकड़ लिया। अंबेडकर के नाम पर स्कॉलरशिप की घोषणा करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसा वे इसलिए कर रहे हैं क्योंकि अमित शाह ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। आम आदमी पार्टी इसलिए भी सचेत है कि दलित वोटरों का रुख कहीं कांग्रेस की ओर ना हो जाए जिसके पास 1998 में सभी 13 सुरक्षित सीटें थीं। मुस्लिम बहुल 11 सीटों में आम आदमी पार्टी के पास 9 सीटें हैं। इस तरह जाट (7), दलित (12) और मुस्लिम बहुल (11 में 9) सीटों के साथ कुल 30 सीटें आम आदमी पार्टी के पास हैं। इन सीटों को बचाए रखना सत्ता मे लौटने की गारंटी भी है।

आम आदमी पार्टी को लगता है कि बीजेपी से मुकाबले में इंडिया गठबंधन के दल समाजवादी पार्टी, टीएमसी, शिवसेना यूबीटी का समर्थन हासिल हो जाने के बाद वे कांग्रेस के हाथ से संघर्ष को त्रिकोणा बनाने का मौका छीनने में कामयाब हो रहे हैं। ऐसा होता है तो आम आदमी पार्टी की चिंता बहुत हद तक खत्म हो जाती है। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी अब बीजेपी को हिन्दुत्व के मोर्चे पर भी टक्कर देती दिख रही है। ग्रंथी-पुजारी सम्मान योजना के साथ-साथ चुनाव अभियान में भी साधु-संतो का इस्तेमाल भी आम आदमी पार्टी करती दिख रही है। जाटों के लिए आरक्षण की मांग कर अरविंद केजरीवाल ने जाट वोटों को सुरक्षित करने की कोशिश की है। ऐसा करते हुए नरेंद्र मोदी, अमित शाह और परवेश वर्मा तीनों पर जाट समुदाय से वादाखिलाफी के आरोप लगाए हैं। देखना यही है कि केजरीवाल का चुनावी तीर क्या विरोधियों को घायल कर पाता है।

## यूपी और बिहार के लोग दिल्ली आकर फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवा रहे हैं : मनोज तिवारी

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा सांसद (एमपी) और दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रमुख मनोज तिवारी ने उत्तर प्रदेश (यूपी) और बिहार के लोगों को फर्जी कहने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तीखी आलोचना की है। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने हाल ही में यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी कहा और उन पर दिल्ली में फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाने का आरोप लगाया। तिवारी ने एक बयान में दावा किया कि केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) इन राज्यों के निवासियों के लिए गहरी नफरत रखती है। तिवारी ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जो दिखाते हैं कि आप और अरविंद केजरीवाल यूपी और बिहार के लोगों से कैसे नफरत करते हैं। आज एक बार फिर अरविंद केजरीवाल ने यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी कहा। उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार के लोग दिल्ली आकर फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवा रहे हैं। तिवारी ने पिछले विवादों, खासकर कोविड-19 संकट के दौरान प्रवासी श्रमिकों से निपटने की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने केजरीवाल पर महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों को गुमराह करने का आरोप लगाया, विशेष रूप से उल्लेख किया कि कैसे उन्हें आनंद विहार में मरने के लिए छोड़ दिया गया था। जब वे अपने गृह राज्यों में लौटने के लिए बेताब थे। तिवारी ने कहा कि यह वही अरविंद केजरीवाल और आप हैं जिन्होंने यूपी, बिहार और झारखंड के लोगों से झूठ बोला। उन्हें कोरोना के दौरान मरने के लिए आनंद विहार भेज दिया। तिवारी ने आगे कहा कि जब लोगों को घर में सुरक्षित रखना था, तो उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार के लोग 500 रुपये के टिकट पर यहां आते हैं और 5 लाख रुपये का इलाज कराकर चले जाते हैं। भाजपा नेता ने आप पर 2022 के चुनावों के दौरान यूपी और बिहार के निवासियों सहित लगभग 7.5 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का भी आरोप लगाया।

## हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में 25 साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी अजय कुमार दहिया (59) के रूप में हुई है। आरोपित हरियाणा में 20 साल से भेष बदलकर रह रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि आठ अगस्त 2000 को उत्तम नगर थाने में कष्णा सेठी नामक महिला ने अपने बेटे की गुमशुदगी और हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़िता ने अपनी बहू सरोज के ऊपर आरोप लगाया कि उसका अवैध संबंध अजय दहिया के साथ है। उन्होंने दोनों पर हत्या का शक जाहिर किया। जांच के दौरान मृतक अश्वनी सेठी का शव हरियाणा के बिरधाना से बरामद हुआ। अश्वनी को गोली मारी गई थी। स्थानीय पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। इधर मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपित की लंबे समय से तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित हरियाणा में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता कर आरोपित को दबोचा। आरोपित ने सोमपाल के नाम से फर्जी पहचान पत्र बना रखा था। पूछताछ के दौरान अजय ने खुलासा किया कि वह सरोज से प्यार करता था।

## महिला सम्मान योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को 2100 रुपये मासिक सहायता देने के आम आदमी पार्टी पार्टी के चुनावी वादे के प्रचार पर रोक लगाने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। दरअसल, आज सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से किसी वकील के पेश नहीं होने के बाद सुनवाई टाली गई है। जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को करने का आदेश दिया। याचिका विजय कुमार की ओर से दायर किया गया है। 9 जनवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा था कि इस याचिका पर चुनाव याचिका के रूप में कैसे सुनवाई की जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील शिव शंकर पराशर ने कहा था कि आम आदमी पार्टी की ओर से घोषित मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा था कि आम आदमी पार्टी मतदाताओं को गलत तरीके से लुभाने के लिए ऐसा कर रही है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली सरकार खुद इस योजना से इनकार कर चुकी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इस याचिका को चुनाव याचिका की तरह कैसे सुनवाई की जाए। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि 3 जनवरी को उन्होंने निर्वाचन आयोग को इस संबंध में प्रतिवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने कहा कि आप चुनाव याचिका की बजाय जनहित याचिका क्यों नहीं दायर करते हैं। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि आपकी याचिका को चुनाव याचिका के रूप में सुनवाई कैसे की जाए इस पर 10 जनवरी को दलीलें पेश करें। यह है पूरा मामलाः आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 12 दिसंबर 2024 को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ₹मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना₹ की घोषणा की।

**चुनाव** | दिल्ली के 70 निर्वाचन क्षेत्रों में से 7 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका में हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनावः क्या कांग्रेस दिल्ली की मुस्लिम बहुल 7 सीटों पर कर सकती है खेला?

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में चुनावी बिगुल बज चुका है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस काफी सक्रिय नजर आ रही है, ऐसे में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। हालांकि, पिछले दो चुनावों में कांग्रेस रेस में कहीं नजर नहीं आई, लेकिन इस बार अगर मुस्लिम वोटरों का साथ मिल जाता है, तो कांग्रेस गेम में वापस आ सकती है। दिल्ली के 70 निर्वाचन क्षेत्रों में से 7 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। ये सीटें हैं- मटिया महल, बाबरपुर, सीलमपुर, ओखला, मुस्तफाबाद, चांदनी चौक और बल्लीमारान। क्याय कांग्रेस दिल्ली की मुस्लिम बहुल सीटों पर कर सकती है खेला..? आम आदमी पार्टी ने 2020 के विधानसभा चुनाव में मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, मटिया महल, बाबरपुर, सीलमपुर, ओखला और बल्लीमारान सभी सीटों पर बड़ी आसानी से जीत दर्ज की थी। ऐसा लगा ही नहीं कि आम आदमी पार्टी की टक्कलर में कोई सामने खड़ा भी है या नहीं। वहीं, कांग्रेस पार्टी का हाल ये रहा कि इन सभी सीटों पर वो तीसरे नंबर पर रही। आम आदमी पार्टी ने इन चुनावों में 70 में से 62 सीटों पर शानदान जीत दर्ज की थी और उसका वोटिंग प्रतिशत 53.57 फीसदी रहा। वहीं, बीजेपी को 38.51 फीसदी और कांग्रेस को सिर्फ 4.26 फीसदी वोट मिले थे। लेकिन इस बार कांग्रेस फिर रेस में आने की कोशिश कर रही है। लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या मुस्लिम वोटर कांग्रेस के साथ जाएंगे? दिल्ली. चुनाव पर नजर रखने वाले एक्स पर्ट बताते हैं कि इस बार काफी संभावना है कि दिल्लीक के मुस्लिम वोटर कांग्रेस के बारे में विचार करें। इसके पीछे आम आदमी पार्टी की बदली रणनीति है।

आम आदमी पार्टी के नेताओं को भी इस बात का अहसास है कि उनके हाथों से इस बार मुस्लिम वोटरों के छिटकने का चांस है। दबी आवाज में कुछ आप नेता कहते हैं कि मुस्लिम समुदाय को लेकर इस बार कुछ असमंजस की स्थिति है। हालांकि, उन्हेंग विश्वांस है कि इस बार भी सभी सातों सीटों पर वे बड़े मार्जन से नहीं, लेकिन जीत दर्ज कर लेंगे। दरअसल, 2020 में हुए दिल्लीी दंगे, मुस्लिम अभी तक भूले नहीं हैं, जब आम आदमी पार्टी ह्यमूक दर्शकह्न बन गई थी और मुस्लिम वोटरों के पक्ष में कुछ नहीं कहा था। वहीं, आम आदमी पार्टी का हिंदुत्व की ओर कुछ झुकाव भी खेल बिगाड़ सकता है और सीधा फायदा कांग्रेस पार्टी को हो सकता है।

साल 2015 में, जब आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटों के साथ दिल्ली में जीत हासिल की, तो मुस्तफाबाद उन तीन निर्वाचन क्षेत्रों में से एक था जो भाजपा के पास गए थे। इसके उम्मीदवार जगदीश प्रधान ने लगभग 40 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं के साथ सीट से जीत हासिल की, जिसका मुख्य कारण आप के हाजी यूनुस (30.13 फीसदी वोट शेयर) और कांग्रेस के हसन अहमद (31.68 फीसदी) के बीच भाजपा विरोधी वोट का विभाजन था। लेकिन 2020 में, हाजी यूनुस के पीछे अल्पसंख्यकों के एकजुट होने के बाद, आप ने मुस्तफाबाद में जीत हासिल की, जिससे उन्हें 53.2 फीसदी वोट मिले। जगदीश प्रधान 42.06 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस के अली मेहदी को केवल 2.89 फीसदी वोट मिले। हालांकि, इस बार असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने इस सीट पर अपने उम्मीबदवार को उतार दिया है, जिससे मुकाबला कड़ा हो गया है। मुस्तफाबाद से पार्टी ने आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को मैदान में उतारा है, जो दिल्ली दंगा मामले के आरोपियों में से एक हैं और इसके सिलसिले में कुछ समय जेल में भी रह चुके हैं। कांग्रेस ने मेहदी फिर उतारा है आप ने नए उम्मीदवार आदिल अहमद खान को टिकट दिया है। बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र में मुसलमानों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। यहां आम आदमी पार्टी ने मंत्री गोपाल राय को फिर टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने सीलमपुर से आप के पूर्व विधायक मोहम्मद इशराक को मैदान में उतारा है। गोपाल राय ने पांच साल पहले बाबरपुर में 59.39 फीसदी वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जबकि बीजेपी के नरेश गौड़ 36.23 फीसदी वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। कांग्रेस की अन्वीक्षा जैन 3.59 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं। ओखला विधानसभा सीट, जिसे आप के अमानतुल्ला खान के गढ़ के रूप में देखा जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं सुझाव व आपत्ति

बदायूँ: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जनसामान्य को सूचित किया है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना 15 जनवरी 2016, सतत रेत खनन प्रबंधन दिशानिर्देश 2016 और रेत खनन के लिए प्रवर्तन एवं निगरानी दिशानिर्देश 2020 के अनुक्रम में जनपद बदायूँ की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विद्मान क्षेत्र के साथ नये क्षेत्रों के सम्मिलित एवं संशोधन का कार्य करते हुये नवीन ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार किया गया है, जिसे गठित उपविभागीय समिति (एसडीएलसी) द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद बदायूँ के नीवन ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को सर्व साधारण से टिप्पणी/ आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु जनपद बदायूँ के पब्लिक डोमेन इनकंनदपदपबपद पर 30 दिवस के लिये अपलोड किया गया है तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं खनिज कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है। सर्व साधारण से प्राप्त टिप्पणी/आपत्ति पर विचार किया जायेगा और उपयुक्त पाये जाने पर उन्हें अन्तिम रूप से जाने वाली जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में शामिल किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति इस के सम्बन्ध में अपना सुझाव/आपत्ति देना चाहता है तो वह 30 दिवस के अन्दर अपना सुझाव / आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है

### डीएम ने की गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा

● भव्यता व गौरवपूर्ण ढंग से होगा गणतंत्र दिवस का आयोजन

बदायूँ: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए भव्यता व गौरवपूर्ण ढंग से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसमें सभी सरकारी व गैर सरकारी संगठनों आदि का सहयोग लिया जाए। आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अपनी ड्यूटी को अपने अधिकारों से पहले रखें तथा देश को सर्वोपरि मानकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न महानुभावों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप कार्य कराया जाए। उन्होंने जनपद की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 24, 25 व 26 जनवरी को विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए कहा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि 26 जनवरी को प्रभात फेरी का आयोजन गांधी ग्राउंड से किया जाएगा जो की विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस गांधी ग्राउंड पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी कार्यालय एवं भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय संकल्प का पाठ किया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जनपद में क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित होगी। समस्त शैक्षिक संस्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। जिला चिकित्सालय में फल वितरण कराया जाएगा। बदायूं क्लब बदायूं में भी कार्यक्रम किया जाएगा। जनपद में कवि सम्मेलन, मुशायरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

# गुरुग्राम: वंचित बच्चों को स्कूल की दहलीज तक लाने को जीरो ड्रॉप आउट मिशन शुरू

प्रात: किरण संवाददाता




गुरुग्राम। शिक्षा से वंचित बच्चों के भविष्य को सुधारने की हैश टैग जीरो ड्रॉप आउट मिशन अनोखी पहल की गई है। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत निपुण गुरुग्राम मिशन एवं मैजिक बस फाउंडेशन की मुहिम है जीरो ड्रॉप आउट मिशन। ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा के मंदिर तक पहुंचाने के लिए शिक्षक धरातल पर इस कार्य को मिशन के रूप में कर रहे हैं।

जीरो ड्रॉप आउट मिशन में उन बच्चों से सीधा संपर्क किया जाता है, जो किसी कारण से शिक्षा से वंचित रह गए हैं। अभी भी स्कूल से बाहर हैं और कहीं पर भी पढ़ते नहीं। जीरो ड्रॉप आउट मिशन की 9 जनवरी 2025 से शुरू हुई है, जो कि 15 जनवरी 2025 तक चलेगी। कोई भी अध्यापक अपने क्षेत्र में सर्वे करने के बाद बच्चों का दाखिला कराकर इसमें अपनी आहुति डाल सकता है। सभी अध्यापक गुरुग्राम जिले के विभिन्न स्कूलों के आसपास या अन्य क्षेत्र में रहने वाले ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ा सुनिश्चित करेंगे। निपुण हरियाणा मिशन के नोडल अधिकारी मनोज कुमार लाकड़ा ने बताया कि इस मुहिम में अध्यापकगण, एबीआरसी, वोकेशनल वॉलेंटियर एनजीओ, फाउंडेशन, सरपंच, पार्षद, मेंबर, ग्रामवासी भी जुड़कर मुहिम को सफल बनाने में सहयोग कर सकते हैं। ड्रॉप आउट मिशन पूरे राज्य में चलाया जा रहा है।

गुरुग्राम में विशेष तौर पर हैश टैग जीरो ड्रॉप आउट मिशन के साथ-साथ हैश टैग गर्ल्स एजुकेशन भी चलाया जा रहा है। क्योंकि यहां पर अप्रवासी बच्चे बहुत ज्यादा संख्या में हैं। उनको मुख्य धारा में भी जोड़ा बहुत जरूरी है। ये बच्चे अभी तक स्कूल से बाहर हैं। अगर थोड़ा सा भी प्रयास कर किसी भी बच्चे को स्कूल में ला पाते हैं तो हम उसके भविष्य को सुधार करने का काम करते हैं।

बच्चों को पास के स्कूल में दाखिला दिया जाएगा राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक मनोज कुमार लाकड़ा ने बताया कि यह डाटा हम विभिन्न स्कूलों के क्लस्टर मुखिया एवं स्कूल मुखिया के साथ भी सांझा करेंगे, ताकि इन बच्चों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए पास के स्कूल में दाखिला किया जा सके। गूगल फॉर्म के माध्यम से हर बच्चे की आवश्यक जानकारी इकट्ठी की जा रही है। यह जानकारी सभी के साथ सर्वे उपरांत जल्द सभी के साथ सांझा की जायेगी। एबीआरसी सोनम यादव ने बताया कि इस मुहिम में क्यूआर कोड स्कैन कर जीरो ड्रॉप आउट मिशन के वाट्सअप ग्रुप में जुड़ सकते हैं। एक दिन का श्रमदान कर एक बच्चे के भविष्य को बदला जा सकता है।

# गुरुग्राम में फिर गरजा बुलडोजर, आंखों के सामने टूटते गए घरों के रैंप; कुछ नहीं कर पाए लोग

प्रात: किरण संवाददाता



नया गुरुग्राम। डीएलएफ फेज पांच में डीएलएफ प्रबंधन और इंडिव्यूएस ब्लाक निवासियों के बीच तकरार बढ़ता ही जा रहा है। बृहस्पतिवार को तो डीएलएफ प्रबंधन ने बिना ड्यूटी मजिस्ट्रेट और इन्फोर्समेंट टीम ने लोगों के घरों के आगे बने रैंप पर जेसीबी चला दी और तोड़फोड़ की। निवासियों ने इसका जमकर विरोध किया और आरोप लगाया कि पूरा प्रशासन बिल्डर प्रबंधन के साथ मिला हुआ है। उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इससे पहले डीएलएफ प्रबंधन की तरफ से यहां 81 मकानों के सीवर-पानी के कनेक्शन काट दिए गए। इसके विरोध में निवासियों ने बुधवार को प्रदर्शन किया था।

सीवर के मैनहोल को भरने का काम शुरू किया

इसके बाद भी प्रबंधन की तरफ से देर रात में इंडिव्यूएस ब्लाक में भवन सामग्री डाल सीवर के मैनहोल को भरने का काम शुरू किया गया। स्थानीय निवासी विरोध करते रहे लेकिन सुनवाई करने वाला कोई नहीं। अल्ट्रा लग्जरी प्रोजेक्ट लॉन्च किया

लोगों ने आरोप लगाया कि पूरा प्रशासन बिल्डर प्रबंधन के साथ मिला हुआ है। इसका कारण यह है कि डीएलएफ प्रबंधन की तरफ से करोड़ों रुपये की कीमत के फ्लोर यहां बेचे गए। आलीशान माल का निर्माण और एक अल्ट्रा लग्जरी प्रोजेक्ट लॉन्च किया जाने वाला है। इसी के चलते डीएलएफ बिल्डर इंडिव्यूएस ब्लाक के निवासियों को तंग किया जा रहा है।

स्थानीय निवासी प्रीति मिश्रा का कहना है कि बिल्डर प्रबंधन की तरफ से 81 मकानों के बाहर के रैंप तोड़ दिए गए और सीवर-पानी के कनेक्शन को पूरा तरह से हटा दिया। सभी मकानों के मैनहोल के ढक्कन भी सील कर दिए। कोई सुनवाई करने वाला नहीं है।

डीएलएफ प्रबंधन से संपर्क करने का किया गया प्रयास

निवासी अभिनव, एसपी कटारिया, विशाल का कहना है कि बिल्डर प्रबंधन अपने मुनाफे के लिए यह सब कर रहा है। बिना सीवर-पानी के लोग कैसे जी सकते हैं। हमारे पास रहने का कोई ठिकाना नहीं है। इस संबंध में डीएलएफ प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# किसान मुफ्त बिजली योजना में कराएं पंजीयन में लाएं तेजी

बदायूँ: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में किसान मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 मार्च 2025 तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने को कहा।

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अखिलेश कुमार ने बताया कि किसान मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत 31 मार्च 2023 के बाद निजी नलकूप धारक किसानों के बिजली के बिल माफ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 हॉर्स पावर तक के निजी नलकूप धारक किसान के लिए 1045 यूनिट निशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 के बाद के निजी नलकूप के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए किसान को नचचबसण्वतह वेबसाइट पर अपना पंजीयन करना होगा

उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के निजी नलकूप के बिजली के बिल का भुगतान संबंधित किसान को करना होगा। जो वह 06 किस्तों में कर सकता है। उन्होंने बताया कि किसान को अपने घर के विद्युत कनेक्शन के संबंध में ब्यौरा भी देना होगा तथा उसके लिए केवाईसी भी करानी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 40 हजार निजी नलकूप धारक किसान है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित विद्युत विभाग के अन्य अभियंता आदि मौजूद रहे।

# 15वें वित्त आयोग की धनराशि से जनपद में होंगे विकास कार्य

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में 15वें वित्त आयोग की धनराशि से विभिन्न अवस्थापना व विकास कार्य के प्रस्तावों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कराए जाएं उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अलग-अलग नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में मशीनों आदि के क्रय के लिए अलग-अलग दरें नहीं होनी चाहिए। इसका सभी अधिशासी अधिकारी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं तथा अपने कार्यालय में आमजन की शिकायतों को सुनकर उसका प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान विभिन्न नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में कराए जाने वाले कार्यों के लिए बनाई गई वीडियो को देखा। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से उनके क्षेत्र अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को बनाकर गैप एनालिसिस करने के निर्देश भी दिए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन व प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार ने बताया कि 15वें वित्त आयोग की धनराशि से नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में सीसी रोड, फ्लड लाइटिंग, पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु पीसीसी पोल आदि विकास कार्य होंगे वहीं कुछ नगर पंचायतों में स्काई लिफ्ट आदि मशीनों के क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# विजय परेड में दमखम दिखाएगी प्रो कबड्डी लीग की चैंपियन टीम हरियाणा स्टीलर्स

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतक। इस साल की होने वाली विजय परेड में प्रो कबड्डी लीग की विजेता चैंपियन टीम शामिल होगी।

इससे पहले टीम ने 29 दिसंबर को फाइनल में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 32-23 से पछाड़कर पहला प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का खिताब अपने नाम किया है।

जीत का जश्न मनाने के लिए शनिवार, 11 जनवरी को जिंदल ओवरब्रिज से सुबह 10:30 बजे विजय परेड का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन शाम चार बजे महर्षि दयानंद विश्व विद्यालय में शाम चार बजे होगा।

हेड कोच मनप्रीत सिंह, कप्तान जयदीप दहिया तथा उपकप्तान राहुल सेठपाल सहित यह खिलाड़ी होंगे टीम में शामिल हरियाणा स्टीलर्स टीम के हेड कोच मनप्रीत सिंह, कप्तान जयदीप दहिया तथा उप कप्तान राहुल सेठपाल के नेतृत्व में सहायक कोच नीर गुलिया तथा खिलाड़ी साहिल, विनय तेवतिया,शिवम अनिल पटारे, विशाल शिवशंकर टाटे, विकास रामदास जाधव,नवीन,संस्कार मिश्रा,घनश्याम,आशीष गिल तथा संजय विजय परेड में हिस्सा लेने वाली टीम के सदस्य होंगे।

विधायक सावित्री जिंदल विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में होंगे शामिल

हरियाणा की विधायक सावित्री जिंदल, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

सुबह 10:30 बजे से जिंदल ओवरब्रिज से होगी परेड की शुरूआत, प्रशंसकों से भी रूबरू होगी टीम

विजय परेड हिसार में जिंदल ओवरब्रिज से सुबह 10:30 बजे शुरू होगी। सभी खिलाड़ी,कोच और हरियाणा स्टीलर्स प्रबंधन सावित्री जिंदल के साथ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भी समारोह में मौजूद रहेंगे। यहां स्टीलर्स की टीम प्रशंसकों से भी बातचीत करेगी। प्रो कबड्डी लीग का खिताब जीतना पूरी टीम के लिए एक सपने के सच होने जैसा था। परेड की शुरूआत 10:30 बजे होगी और 4 बजे तक रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) पहुंचेगा

परेड की शुरूआत सुबह 10:30 बजे जिंदल ओवरब्रिज से होगी और शाम 4:00 बजे रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में पहुंचेगी। यहां युवा कबड्डी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स एमडीयू के साथ मिलकर अत्याधुनिक कबड्डी अकादमी की स्थापना की आधारशिला रखी जाएगी। प्रो कबड्डी लीग में शानदार जीत पर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह ने बताया कि पीकेएल जीतना उनके खिलाड़ियों की टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष रामकिशन मौर्य का शॉल एवं अशोक स्तंभ देकर किया स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

रामपुर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य द्वारा भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित सभी मंडल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी गई तथा अनेक मंडल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों को शॉल उढाकर शुभकामनाएं दी गई तथा इसी क्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य द्वारा अपने निज निवास पर अपनी टीम के साथ बरेली जिले के भोजीपुरा विधानसभा के परदौली मंडल से अपने प्रिय साले साहब रामकृष्ण मौर्य को भाजपा में मंडल अध्यक्ष बनने पर शॉल उढाकर एवं अशोक स्तंभ देकर जोरदार स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करके शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# गांव चौमा में अवैध निर्माण की शिकायत पर दो अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि काम में लापरवाही और जनता की शिकायतों को नजर अंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाधान शिविर हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई एक जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य नगर निकायों से जुड़ी जन शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। वे शुक्रवार को निगम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आई 8 शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। गांव चौमा से आए संदीप यादव व अन्य नागरिकों ने समाधान शिविर में अवैध निर्माण से संबंधित शिकायत रखते हुए कहा कि इस बारे में वे पहले भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन संबंधित सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सुनवाई के दौरान डा. सिंह ने पाया कि संबंधित सहायक अभियंता हरि प्रकाश व कनिष्ठ अभियंता हिमांशु समाधान शिविर से गैर-हाजिर हैं।

# भाजपाने सदैव बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का किया सम्मान: अर्जुन रस्तोगी

## संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत ग्रामीण मंडल में कार्यशाला आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

रामपुर। संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत रामपुर नगर विधानसभा के ग्रामीण मंडल में कार्यशाला आयोजित की गई, कार्यशाला में नगर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के सभी पदाधिकारी, समिति अध्यक्ष मौजूद रहे और मुख्य वक्ता के तौर पर जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभियान आया है, संविधान गौरव अभियान, इस अभियान के अंतर्गत हम सभी को अपने ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक बूथ तक इस अभियान को पहुंचना है और भीमराव रामजी अंबेडकर जी के विचारों को और जो भारतीय जनता पार्टी ने सदैव उनका सम्मान को बढ़ाने का काम किया है, उन बातों को अनुसूचित समाज तक पहुंचना है। उन्होंने कहा सन 1956 में भीमराव रामजी अंबेडकर जी ने अपना शरीर त्याग दिया था मगर कांग्रेस पार्टी ने अपने शासनकाल में कभी भी उन्हें सम्मान नहीं दिया और कांग्रेस पार्टी ने सबसे ज्यादा संविधान के साथ छेड़छाड़ की जबकि एनडीए की सरकार ने सन 1990 में भीमराव रामजी अंबेडकर जी को भारत रत्न से नवादा और संविधान के हक की लड़ाई हमेशा भारतीय जनता पार्टी ने लड़ी, पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के 400 प्लस के नारे को कांग्रेस पार्टी ने गलत तरीके से दुष्प्रचार किया और लोगों को बरगलाया लेकिन जनता अब सब समझ चुकी है और वह कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के दुष्प्रचारों में अब नहीं आने वाली, विपक्ष ने हमेशा समाज को तोड़ने का काम किया है और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया है, बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर जी हम सभी के आदर्श है इस बात को कहकर उन्होंने अपनी बात को समाप्त किय, कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष एडवोकेट कमल सिंह लोधी, महामंत्री मक्खन लाल सैनी, उपाध्यक्ष ठाकुर विजेंद्र सिंह, प्यारेलाल, डॉ जगदीश, राम बहादुर सैनी, मानसिंह लोधी, पान सिंह यादव, डॉ रामावतार लोधी, किशन किशन लाल प्रधान, कमल कुमार, सुदर्शन गोला, पिछला वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह, ओम प्रकाश प्रजापति, मोहन वाल्मीकि,रोशन पाल, इंदल सैनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चीनी मिल चन्दनपुर ने किया 31 दिसंबर तक का गन्ना मूल्य भुगतान

प्रात: किरण संवाददाता



हसनपुर। त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर ने पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ 04 नवम्बर को विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ किया था। चीनी मिल चन्दनपुर द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में क्रयकेन्द्रों पर 03 नवम्बर से ही गन्ना खरीद का कार्य प्रारम्भ कर दिया था। चीनी मिल द्वारा 07 जनवरी तक 40.21 लाख कुं० गन्ने की खरीद की जा चुकी है।जिसमें से 08 जनवरी को 31 दिसम्बर तक 40.21 लाख कुं० खरीदे गये गन्ने का भुगतान 13144.98 लाख रुपये का समिति के माध्यम से कृषकों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। इसी प्रकार चीनी मिल द्वारा समयानुसार भुगतान किया जाता रहेगा। चीनी मिल के उपाध्यक्ष (शुगर) श्री आमोद कुमार शर्मा ने वार्ता के क्रम में अवगत कराया कि गन्ना मूल्य भुगतान में चीनी परता की प्रमुख भूमिका रहती है और वर्तमान में 8.99 प्रतिशत का चीनी परता प्राप्त हो रहा है जो गतवर्षों की तुलना में बहुत कम है। श्री आमोद कुमार शर्मा ने वार्ता के क्रम में बताया कि बहुत से कृषक गन्ने के साथ अगरौल ला रहे हैं तथा गन्ना छिलाई में दरांती का प्रयोग नहीं कर रहे हैं जिस कारण चीनी मिल को स्वस्थ गन्ना प्राप्त नहीं हो पा रहा है। ऐसे कृषक भाईयों से अपील करते हुए निवेदन किया कि चीनी मिल को साफ, ताजा जड़ पत्ती अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने में अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें तथा रेडरॉट रोग से ग्रसित गन्ना अपने खेत से ही निकालकर गन्ना लेकर आये। आपका सहयोग बहुत आवश्यक है क्योंकि आपसी परस्पर सहयोग के कारण चीनी मिल भी गतवर्षों की भांति इस वर्ष में भी समय से गन्ना भुगतान करती रहेगी। इसके अतिरिक्त बहुत से किसान भाई अपना गन्ना औने-पौने दामों अपना गन्ना बेंच रहे हैं। ऐसे सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि अपना गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें। किसान भाई पौधा गन्ना अभी न काटे अभी से पौधा गन्ना काटने से आपको भरपूर पैदावार प्राप्त नहीं होगी। उपरोक्त के अतिरिक्त श्री आमोद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष (शुगर) ने यह भी बताया कि गन्ना प्रजाति को० 0238 में रेडरॉट (लाल सड़न) जैसी भयंकर बीमारी आ गई है जिसकी वजह से कृषक भाईयों को उपज के रूप में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है इसलिये को0 238 के स्थान पर को. 118, को. 98014, को. 15023, को.जा. 85 एवं को. जा. 88 की बुवाई करें। साथ ही यह भी बताया कि कुछ कृषकों के द्वारा नकली को. 118 (अस्वीकृत प्रजाति) की बुवाई करने की सोच रहे हैं इसलिये नकली प्रजाति को पहचाने और असली को. 118 गन्ने की ही बुवाई करें।

# अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाएं रखना ही रहेगा प्राथमिकता: एसपी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने प्रेस कांफ्रेंस की। जिसमें उन्होंने अपराध पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था दुरुस्त एवं महिला सशक्तिकरण को बेहतर बनाने को अपनी प्राथमिकता में शामिल बताया। आगे बताया कि पुलिस का प्रथम कर्तव्य अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखना है। इसके अंतर्गत, पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी और अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए गश्त और नाकाबंदी जैसी गतिविधियों को तेज करेगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### अपराधियों को सजा दिलाना पुलिस की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है

अमरोहा। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत, पुलिस अदालतों में चल रहे मामलों की पैरवी कर यह सुनिश्चित करेगी कि अपराधियों को कानून के तहत अधिकतम सजा मिले। पुलिस साक्ष्य जुटाने, गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान देगी ताकि किसी भी अपराधी को कानून के शिकंजे से बचाया न जा सके। इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बढ़ाना और अपराधियों में कानून का भय पैदा करना है।

### महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई - मिशन शक्ति

अमरोहा। महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मिशन शक्ति के अंतर्गत, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी और महिला हेल्पलाइन को और अधिक प्रभावी बनाएगी। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### सामुदायिक पुलिसिंग पर ध्यान

अमरोहा।पुलिस और समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना सामुदायिक पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य है। पुलिस जनता के साथ मिलकर काम करेगी और उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास करेगी। पुलिस जन संवाद, मोहल्ला समितियों और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के साथ संपर्क स्थापित करेगी और उनकी समस्याओं को सुनेगी। सामुदायिक पुलिसिंग से अपराधों को रोकने और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे पुलिस के साथ सहयोग करें और सामुदायिक पुलिसिंग की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

अमरोहा।आधुनिक तकनीक का उपयोग अपराधों को सुलझाने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ह्लऑपरेशन त्रिनेत्रह्व के तहत, जिले में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि अपराधों की निगरानी की जा सके और अपराधियों को पकड़ा जा सके। सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त फुटेज का उपयोग अपराधों की जांच में किया जाएगा और अपराधियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। ऑपरेशन त्रिनेत्र से अपराधों पर नियंत्रण पाने और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### पुलिस प्रशिक्षण और कल्याण पुलिस की महत्वपूर्ण प्राथमिकता

अमरोहा।पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण और कल्याण पुलिस की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। नए कानूनों, भारतीय न्याय संहिता (इठर), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ) के कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन नए कानूनों के बारे में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे इन्हें प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। इसके अलावा, पुलिस कर्मियों के कल्याण का भी ध्यान रखा जाएगा ताकि वे बेहतर मनोबल के साथ काम कर सकें। प्रशिक्षित और खुशहाल पुलिस बल ही बेहतर परिणाम दे सकता है।

### पुलिस के दैनिक कामकाज में प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग

अमरोहा।पुलिस के कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और तेजी लाने के लिए प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग किया जाएगा। ह्लई-ऑफिसह्व जैसी तकनीकों को लागू किया जाएगा ताकि फाइलों का प्रबंधन और निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुचारू बनाया जा सके। प्रौद्योगिकी के उपयोग से पुलिस के कामकाज में दक्षता और पारदर्शिता आएगी।

अमरोहा पुलिस जनता की सेवा में सदैव तत्पर है और जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक

## निष्क्रिय दुग्ध समितियों को बनाए सक्रिय

बदायूँ: जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विकास समिति (डी०सी०डी०सी०) की बैठक अटल बिहारी बाजपेयी सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले की जो दुग्ध समितियाँ निष्क्रिय हैं, उन्हें पुनः सक्रिय किया जाये। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत 02 नई समितियों के निबन्धन की कार्यवाही चल रही है, जिसे माह जनवरी 2025 तक पूर्ण रूप से गठित करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत सहकारिता विभाग की 15 बी-पैक्स का जीर्णोद्धार के प्रस्तावित पर निर्देश दिए गए कि इन 15 समितियों का मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत जीर्णोद्धार कराकर उर्वरक तथा ऋण वितरण के अतिरिक्त सहकार से समृद्धि की महत्वपूर्ण योजनाओं के अन्तर्गत अन्य गतिविधियां भी संचालित की जायें।

जिला सहकारिता विकास समिति (डी०सी०डी०सी०) का मुख्य उददेश्य प्रत्येक न्याय पंचायत में एक एम-पैक्स का गठन किया जाना है। आगामी फरवरी के प्रथम सप्ताह में जिलाधिकारी द्वारा पुनः डी०सी०डी०सी० में कराये गये विकास कार्यो की समीक्षा की जाएगी।

इस अवसर पर जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, दुग्ध अधिकारी, डी०डी०एम० नाबार्ड, सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी डी०सी०बी० बदायूँ और सहकारिता विभाग के सभी ए०डी०सी०ओ० ने प्रतिभाग किया। बैठक के संयोजक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता रहे।

### समाधान शिविरों से प्रशासनिक कुशलता व जन सहभागिता बढ़ी: अजय कुमार

गुरुग्राम। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में जन सेवा को समर्पित समाधान शिविर का जिले में प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। डीसी अजय कुमार ने शुक्रवार को कहा कि यह शिविर न केवल शिकायतों के प्रभावी समाधान का माध्यम है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। लघु सचिवालय में आयोजित हुए शिविर में तहसीलदार शिखा गर्ग ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद, पेंशन, बिजली, पानी और अन्य जनकल्याण योजनाओं से संबंधित शिकायतें नागरिकों द्वारा शिविर में प्रस्तुत की गईं। कई मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जिनका समाधान तुरंत संभव नहीं था उनका निर्धारित अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# गायब होती बेटियाँ: आखिर किसकी बन रहीं शिकार

हरियाणा के हिसार में लापता बेटी की खोज में परेशान एक पिता ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने सीएम के पास जाने से रोका तो दंपती ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री का काफिला हिसार दौरे पर था। पिता ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे समय रहते रोक लिया। गीता कॉलोनी निवासी के अनुसार 29 सितंबर से उसकी 16 साल की बेटी लापता है। थाने में शिकायत देकर गुमशुदगी दर्ज करवा चुके हैं। उसने बताया कि वह गाड़ी चलाता है, बेटी नौवीं कक्षा तक पढ़ी है। बताया कि 29 सितंबर की सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर वह घर से निकली थी। लेकिन लगभग चार माह बाद भी बेटी नहीं मिली। आखिर कहाँ गायब हो जाती है देश की बेटियाँ? क्यों नहीं ढूँढ पाती बेटियां को हमारी पुलिस? इसने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार के तमाम दावों के बावजूद भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध रुक नहीं रहे हैं। इसका एक मुख्य कारण इस मुद्दे को लेकर सभी राजनीतिक दलों में रुचि की कमी है। भारत में बेटियों की सुरक्षा हमेशा से ही सबसे गंभीर मुद्दा रहा है। इसे लेकर कई कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके देश में लड़कियों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार के अनुसार भारत में पिछले दो साल के बीच 15.13 लाख से ज्यादा लड़कियाँ और महिलाएँ लापता हुई हैं। अब ये महिलाएँ कहाँ गई, इनके साथ क्या हुआ, इसके बारे में किसी को कुछ भी नहीं पता है। इन लापता लड़कियों में 18 साल से कम और उससे ज्यादा दोनों उम्र की महिलाएँ शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर रोज 345 लड़कियाँ गायब हो जाती हैं। इनमें 170 लड़कियाँ किडनैप होती हैं, 172 लड़कियाँ लापता होती हैं और लगभग 3 लड़कियों की तस्करी कर दी जाती है। इनमें से कुछ लड़कियाँ तो मिल जाती हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लापता, किडनैप और तस्करी की गई लड़कियों का कुछ पता नहीं चलता। इस संख्या की गणना गुमशुदा महिलाओं और लड़कियों के सम्बंध में पुलिस स्टेशनों में दर्ज रिपोर्टों के आधार पर की है। हालांकि सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि असल संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कई परिवार सामाजिक कलंक समेत विभिन्न कारणों से लापता लड़कियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा महिलाएँ मध्य प्रदेश से लापता हुई हैं। एमपी के बाद लिस्ट में दूसरा स्थान बंगाल का है। इन राज्यों के अलावा राजधानी दिल्ली में भी लड़कियों और महिलाओं के गायब होने के कई मामले सामने आए हैं। आंकड़ों की मानें तो केंद्र शासित प्रदेशों में राजधानी दिल्ली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट चौंकाने वाली है। जो लड़कियाँ गायब होती हैं, उनमें से अधिकतर का पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हुआ है? वे कहाँ गई हैं? लापता होने के पीछे राज क्या है? 16 दिसम्बर 2012 को दिल्ली के निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कई कठोर कानून बनाए गए, लेकिन सवाल ये है कि क्या कानूनों के बनाए जाने के बाद भी देश में महिलाओं की स्थितियाँ सुधरी हैं या महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में कोई कमी नजर आई है भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर कई कानून बनाए गए हैं। देश में हो रहे यौन अपराध को रोकने के लिए पुराने कानूनों में संशोधन भी किया गया और उसे कठोर भी बनाया गया है। इसके अलावा देश में 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ रेप की घटना में दोषी को मृत्युदंड सहित कई कठोर दंडात्मक प्रावधान भी किए गए हैं। देश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं, जिसमें यौन अपराधों के खिलाफ प्रभावी रोकथाम के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 शामिल है। इसके अलावा, आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 को 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के बलात्कार के लिए मौत की सजा सहित और भी अधिक कठोर दंड प्रावधानों को-को निर्धारित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में बलात्कार के मामलों में दो महीने में जांच पूरी करने और आरोप पत्र दाखिल करने और अगले दो महीने में सुनवाई पूरी करने का भी आदेश दिया गया है। सरकार ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली शुरू की है।

# विपक्षी दलों में खलबली के खतरनाक संकेत

भारत में लोकतंत्र खतरे में हो या न हो लेकिन तमाम विपक्षीदल जरूर खतरे में नजर आ रहे हैं। अनेक क्षेत्रीय दल अब सत्तारूढ़ भाजपा से मोर्चा लेने के बजाय उसकी शरण में जाने के लिए लालायित दिखाई दे रहे हैं। भारत के दो दलीय लोकतंत्र के लिए एक तरह से ये ठीक भी है और नहीं भी, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है? पिछले महीने महाराष्ट्र, हरियाणा विधानसभा में पराजय के बाद इंडिया गठबंधन के अनेक सहयोगी दल दिल्ली विधानसभा के चुनाव के समय अपनी-अपनी ढपली बजाकर अपना-अपना राग सुनाने लगे हैं। दिल्ली में शुरूवात आम आदमी पार्टी ने की। आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को अलग करने की मांग की। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने को राजी नहीं थी। कांग्रेस ने जब पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र को उतारा तो आम आदमी पार्टी बिदक गयी। उसने कांग्रेस को ही भाजपा की बी टीम कह दिया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हार चुके महाराष्ट्र विकास अगाडी के सदस्य एनसीपी के शरद पंवार गुट को भी अब भाजपा प्रिय लगने लगी है। महाराष्ट्र के दिग्गज शरद पंवार का ये आखरी चुनाव था। वे अब ये कहते नहीं थकते कि संघ जैसा कोई नही। संघ ने ही भाजपा को प्रचंड विजय दिलाई। भाजपा के हाथों खंडित हो चुके शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी अब अपना वजूद संकट में नजर आ रहा है, वे भी अब हिंदुत्व का राग अलापते दिखाई दे रहे हैं और वो दिन भी दूर नहीं है जब वे भाजपा के सहयोगी बन जाएँ, क्योंकि न अब पंवार को लड़ना आता है और न उद्धव ठाकरे को। ये केवल परास्त ही नहीं बल्कि हिम्मत हार चुके योद्धा बनकर रह गए हैं। बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी तो पहले से इंडिया गठबंधन की अगुवाई करने का मन बनाये बैठीं हैं, वे भाजपा से अब तक जूझती आयीं है लेकिन अब उन्हें भी कांग्रेस से भय लगने लगा है। ममता को पता है कि भाजपा से पंगा लेने की ताकत इंडिया गठबंधन में यदि किसी में है तो वो सिर्फ कांग्रेस है। और कोई कांग्रेस की जगह नहीं ले सकता, लेकिन चूंकि वे पुरानी कांग्रेसी हैं, अभी भी उनके साथ कांग्रेस का पुंछल्ला जुड़ा है इसलिए उन्हें लगता है कि शायद गठबंधन के दूसरे सहयोगी उनका नेतृत्व स्वीकार कर ले। इंडिया गठबनधन के सबसे बड़े दलों में से एक समाजवादी पार्टी ने विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस से अलग रहकर चुनाव लड़कर देख लिया है। महाराष्ट्र विधानससभा चुनावों में भी समाजवादी दल सुप्रीमो अखिलेश की अपनी ढपली और अपना राग सुनाई दिया था। समाजवादी दल की महत्वाकांक्षा ममता बनर्जी जैसी नहीं है। अखिलेश उत्तर प्रदेश से बाहर नहीं निकलना चाहते। उन्हें इंडिया गठबंधन के नेतृत्व की ललक भी नहीं है क्योंकि वे जानते हैं कि उनका और उनके दल का कद कांग्रेस जैसा नहीं है। फिर भी उनके मन में भी भय है। वे भाजपा से मोर्चा तो लिए हुए हैं, लेकिन उनका आत्मविश्वास भी हिला हुआ है। बिहार का राष्ट्रीय, जनता दल कांग्रेस का अखंड सहयोगी रहा है, लेकिन बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले वहां भी असंतोष के सुर सुनाई दे रहे हैं। राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अब बूढ़े हो चुके है। उनके उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव ठसक में हैं लेकिन वे कांग्रेस के खिलाफ बागी नहीं हुए है। उन्हें पता है कि वे बिहार को अकेले दम पर न जीत सकते हैं और न भाजपा को सत्ता में आने से रोक सकते हैं, इसलिए वे अभी कांग्रेस के खिलाफ मुखर नहीं हुए हैं, लेकिन दल के और अपने वजूद की फिक्र उन्हें भी खाये जा रही है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के बाद नेशनल कांफ्रेंस के नेता और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के स्वर भी कांग्रेस को लेकर तल्ख हो गए है।

# युवा शक्ति को सशक्त बनाना: विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025

**विकसित भारत युवा नेता संवाद अपने पैमाने, समावेशिता और प्रभाव को दशार्ता है। इसकी पारदर्शी चयन प्रक्रिया से लेकर कार्रवाई योग्य विचारों पर इसके विशेष ध्यान तक, यह पहल युवा सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती है। नवोन्मेषी विचारों के लिए एक मंच प्रदान करने तथा राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर के अग्रणी व्यक्तियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने के माध्यम से यह संवाद कार्यक्रम शासन में युवाओं की भागीदारी के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है।**






**डॉ. मनसुख मांडविया**
**(केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री)**

भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है - विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो विकसित भारत से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है। हालांकि, इस वर्ष, हमने अलग तरीके से सोचने का साहस किया। 18 नवंबर, 2024 को, हमने उत्सव के प्रारूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की घोषणा की, जिसके केंद्र में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण को रखा गया। इस परिकल्पना का केंद्र है - विकसित भारत चुनौती, जो तीन चरणों वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। यह चुनौती योग्यता, समावेश और पारदर्शिता पर आधारित है, जो भौगोलिक या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर युवा भारतीय को योगदान करने का समान अवसर मिलना सुनिश्चित करती है। पहले चरण, विकसित भारत क्विज में देश भर के लगभग 3 मिलियन युवाओं ने भाग लिया। 12 भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में पिछले दशकों में भारत की प्रगति के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिससे समावेश और पहुँच सुनिश्चित हुई। दूसरे चरण के तहत, विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पेश किये गए दो लाख से अधिक निबंधों में विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, सतत विकास को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने जैसे दस विषयगत क्षेत्रों पर विचार प्रस्तुत किये गए। विशेषज्ञ पैनल द्वारा मूल्यांकित इन निबंधों ने हमारे युवाओं की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और मौलिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। अंतिम चरण के अंतर्गत, विकसित भारत विजन डेक प्रतियोगिता में शीर्ष प्रतिभागी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए। यहाँ, युवा नेताओं ने क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों और नेतृत्व मध्यस्थों के पैनल के सामने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। इस चरण में जमीनी स्तर के दृष्टिकोण और क्षेत्रीय विविधता पर जोर दिया गया, जिससे युवा भारतीयों की स्थानीय रूप से कार्य करते हुए वैश्विक स्तर पर सोचने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। इन चरणों के माध्यम से पूरी हुई यात्रा को सुदृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानियों से रेखांकित किया जा सकता है। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों तथा राजस्थान और गुजरात के गाँवों से लेकर तमिलनाडु के तटीय शहरों तक, हमने युवा नेताओं को सामाजिक बाधाओं, लॉजिस्टिक्स चुनौतियों और व्यक्तिगत कठिनाइयों को पार करते हुए विकसित भारत का अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते देखा - एक ऐसा भारत, जिसकी वे कल्पना करते हैं। भव्य संवाद: एक ऐतिहासिक समागम विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गए हैं। प्रतिभागी सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के साथ एक विशेष रात्रिभोज, अनौपचारिक संवाद के लिए एक दुर्लभ मंच प्रदान करेगा, जो युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ेगा। 11 जनवरी को एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ संवाद की शुरूआत होगी, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक, वैचारिक नेता और नवोन्मेषक भाग लेंगे। यह उच्च-स्तरीय चर्चा दस महत्वपूर्ण विषयों पर विषयगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार करेगी, जिसका नेतृत्व सलाहकार और क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञ करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ह्विकसित भारत के रंगह्व के साथ संध्या बेला जीवंत हो उठेगी, जिसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा और यह हमारे युवाओं की असीम क्षमता का भी प्रतीक होगा। यह दिन बौद्धिक विमर्श और सांस्कृतिक उत्सव के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है, जो प्रतिभागियों को बड़े सपने देखने और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय युवा दिवस: विकसित भारत के लिए एक विजन स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा सशक्तिकरण की उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन का अंतिम दिन होगा, जो प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक निर्णायक क्षण साबित होगा। विषयगत ट्रैक से शीर्ष दस विचार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जो नवोन्मेषी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान करेगा। यह संवाद शासन और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। इसके बाद, प्रतिभागियों को माननीय प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के साथ दोपहर के भोजन पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इससे सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को यादगार पलों को संजोने का मौका मिलेगा और उनमें सशक्तिकरण की भावना का विकास होगा। इस दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भव्य पूर्ण सत्र का भी आयोजन होगा। यह सत्र विकसित भारत को आकार देने में भारत के युवाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। इस सत्र के जरिये प्रतिभागियों को बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए सशक्त और प्रेरित किया जाएगा।

# शनिदेव कर्मों के अनुसार जातकों को फल देते हैं

**काले घोड़े की नाल की अँगूठी बनवाकर पहनना, दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन करना, हनुमान जी के श्लोकों को पढ़ते हुए सात बार हनुमान जी की परिक्रमा करना, पीपल के वृक्ष को जल देकर सात बार परिक्रमा करना, शनि स्त्रोत का पाठ करना, शनिवार का व्रत करना और काला कंबल, उड़द की दाल, काले तिल, काला कपड़ा, लौह पात्र का दान करना लाभकारी बताया जाता है। प्रतिदिन एक माला शनि मंत्र-ॐ शं शनैश्चराय नमः का जप करने से भी लाभ होता है, बताया जाता है जब शनि 01 जनवरी से 29 मार्च 2025 तक कुम्भ राशि में रहेंगे, तब साढ़ेसाती की स्थिति में मकर राशि बालों को उतरती हुई शनि का प्रभाव पैरों पर रहेगा। क्योंकि उतरता हुआ साढ़ेसाती शनि का प्रभाव सामान्य तौर पर शुभ फल प्रदान करता है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

सनातन धर्म में सभी ग्रहों में शनिदेव को न्यायमूर्ति यानि न्याय के देवता माना जाता है। शनिदेव की पूजा प्रेम के कारण नहीं बल्कि डर के कारण की जाती है। क्योंकि शनिदेव कर्मों के अनुसार जातकों को फल देते हैं। जातक के अच्छे कर्म पर शनिदेव की कृपा बनी रहती है और बुरे कर्मों में लिप्त रहने वालों पर शनिदेव का प्रकोप बरसता है। शास्त्र के अनुसार, शनिदेव को भगवान सूर्य और माता छाया के पुत्र बताया गया हैं। शनिदेव का वर्ण कृष्ण है और इनकी सवारी कौआ हैं। किदवंती है कि शनिदेव श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त में से एक थे और बाल्यावस्था में ही भगवान श्रीकृष्ण की आराधना में लीन रहते थे। शनिदेव का विवाह चित्ररथ की कन्या से हुआ था। एक बार जब उनकी पत्नी पुत्र प्राप्ति की इच्छा लिए शनिदेव के पास पहुंची, तो उन्होंने देखा कि शनिदेव श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन थे और बाहरी संसार से पूर्ण रूप से अलग थलग थे। पत्नी उनकी प्रतीक्षा करने लगी और जब प्रतीक्षा करते करते थक गई, तब क्रोधित होकर शनिदेव को श्राप देते हुए कही कि आप जिसे भी देखेंगे वह नष्ट हो जाएगा। शनिदेव का जब ध्यान टूटा तो पत्नी को श्राप मुक्त करने के लिए बहुत मनाया। पत्नी को पश्चाताप होने लगा, लेकिन श्राप वापस लेने की शक्ति उनमें नहीं थी, इसलिए शनिदेव अपना सर नीचा करके रहने लगे, ताकि किसी पर भी विपत्ति न आए। किंवदंतियों यह भी है कि जब सूर्यदेव पत्नी छाया के पास पहुंचे तो उनकी प्रकाश से छाया ने अपनी आंख बंद कर ली, जिसके कारण शनिदेव का रंग श्याम अर्थात काला पड़ गया। शनिदेव पिता से क्रोधित होकर भगवान शंकर की घोर तपस्या की और तपस्या से शनिदेव का पूरा शरीर जल गया। शनिदेव की भक्ति से और होकर भगवान शिव ने उनसे वरदान मांगने को कहा। शनिदेव ने वरदान कहा कि मेरी पूजा मेरे पिता से अधिक हो और मेरे पिता का अपने प्रकाश का अहंकार टूट जाए। भगवान शिव ने शनिदेव को वरदान दिया कि आप नव ग्रहों में श्रेष्ठ रहेंगे और पृथ्वी लोक में न्यायाधीश के रूप में लोगों को कर्मों के अनुसार फल देंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि ग्रह की गणना अशुभ ग्रहों में की जाती है और वह नौ ग्रहों में सातवें स्थान पर रहते हैं। शनि ग्रह प्रत्येक राशि में 30 महीने तक निवास करते हैं और मकर एव कुंभ राशि के स्वामी ग्रह है। शनि की महादशा 19 वर्ष की होती है। वहीं शनि के गुरुत्व बल के कारण लोगों के अच्छे और बुरे विचार शनिदेव तक पहुंचते हैं और कर्म के अनुसार, लोगों को फल देते है। शनिदेव की उपासना करने से शनिदेव आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। शनि की महादशा या साढ़ेसाती का प्रभाव लोगों के जन्म के समय कुंडली में शनि की जो स्थिति होती है उसके अनुसार शनि का शुभ और अशुभ फल लोगों को मिलता है। इस वर्ष शनि 01 जनवरी से 29 मार्च 2025 तक कुम्भ राशि में रहेंगे, ऐसी स्थिति में मकर राशि, कुम्भ राशि और मीन राशि में शनि की साढ़ेसाती और कर्क राशि और वृश्चिक राशि में अढैया रहेगी। वहीं 29 मार्च 2025 से वर्षान्त तक शनि मीन राशि में रहेंगे। जब शनि 01 जनवरी से 29 मार्च 2025 तक कुम्भ राशि में रहेंगे, तब साढ़ेसाती की स्थिति में मकर राशि बालों को उतरती हुई शनि का प्रभाव पैरों पर रहेगा। क्योंकि उतरता हुआ साढ़ेसाती शनि का प्रभाव सामान्य तौर पर शुभ फल प्रदान करता है, जिसके प्रभाव से व्यापार में वृद्धि, धन- धान्य की समृद्धि, सामाजिक मान-सम्मान, राजकीय कार्यों में सफलता, मुकदमे बाजी में विजय, कर्ज से मुक्ति मिलती है। कुम्भ राशि वालों को मध्य की साढ़ेसाती होगा, शनि के प्रभाव से धन लाभ, स्त्री-पुत्र सुख, प्रगति के मार्ग बनेंगे, स्वास्थ्य ठीक रहेगा, सम्पत्ति का लाभ होगा। मीन राशि वालों को चढ़ती हुई साढ़ेसाती शनि का प्रभाव मस्तक पर रहेगा। जिसके प्रभाव से व्यापार में प्रगति, धन-धान्य में समृद्धि, सुख-शांति, अचानक लाभ, पदोन्नति, मांगलिक कार्य बनेंगे, राजकीय क्षेत्रों में सम्मान बढ़ेगा। शनि की अढैया की स्थिति में कर्क राशि वालों को लघु कल्याणी अढैया शनि का प्रभाव रजत पाद से होने के कारण व्यापार में वृद्धि होगी, धन-धान्य में समृद्धि बढ़ेगी, सुख सम्पदा का लाभ होगा। वृश्चिक राशि वालों को लघु कल्याणी अढैया शनि का प्रभाव होगा, जिसके प्रभाव से शारीरिक कष्ट, पारिवारिक क्लेश, निजी जनों का विरोध, व्यापारिक परेशानियाँ, संतान और रोगी के कार्यों में विशेष खर्च हो सकता है। जब शनि 29 मार्च 2025 से वर्षान्त तक मीन राशि में रहेंगे, तब साढ़ेसाती शनि कुम्भ राशि वालों की उतरती हुई शनि का प्रभाव पैरों पर होगा, जिसके प्रभाव से नौकरी एवं व्यापार में प्रगति होगी, धन धान्य की समृद्धि होगी, पुराना पैसा मिलेगा, कानूनी मामलों में सफलता, राजकीय क्षेत्र में उन्नति, शत्रु भी मित्र का काम करेंगे, पुराने लेनदेन की पूर्ति, व्यापार में कुछ नये शत्रु उभर सकते हैं, वर्षान्त में शारीरिक कष्ट कम होगा। मीन राशि वालों को शनि का कोई प्रभाव स्वर्ण पाद से हृदय में होगा। जिसके प्रभाव से निजी जन का विरोध, शत्रु संख्या में वृद्धि, घरेलू परेशानी, स्वास्थ्य चिंता, पुराने रोगों से कष्ट, भाई बन्धुओं का विरोध, बटवारे जैसी घटनायें हो सकती हैं। मेष राशि वालों को चढ़ती हुई साढ़ेसाती का प्रभाव मस्तक पर होगा। जिसके प्रभाव से व्यापार- व्यवसाय में प्रगति होगी, अधिकारियों से मेल-जोल बढ़ेगा। धन-धान्य की समृद्धि होगी। अढैया की स्थिति में सिंह राशि वालों को शारीरिक पीड़ा हो सकती है। धनु राशि वालों को शारीरिक कष्ट हो सकता है, चोट-चपेट की सम्भावना, रक्त विकार, स्त्री-पुत्र की चिंता, व्यापार में परिश्रम अधिक लाभ कम रहेगा, लेन-देन की चिंता एवं चोरी का भय रहेगा। शनि की साढ़ेसाती और अढैया की स्थिति में शनि के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए उपाय के रूप में प्रति शनिवार को तेल में अपना मुँह देखकर छायादान करना।

# स्वामी विवेकानंद और युवा - चिंतन

अवधेश झा

स्वामी विवेकानंद ब्रह्म और प्रकृति की तरह अपनी पूर्ण अवस्था में थे और पूर्ण अवस्था में ही ब्रह्म में लीन हो गए। इसलिए, उनकी पूर्णता सर्वत्र व्याप्त है। स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और युवाओं के लिए जो ब्रह्म वाक्य उन्होंने कहा है, वह हमेशा से श्रेष्ठ है और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने, युवाओं को हीन भावनाओं से ऊपर उठकर एक उच्च एवं आदर्श व्यक्तित्व विकसित करने को कहा है। स्वामी विवेकानंद के संबंध में जस्टिस राजेंद्र प्रसाद, पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, पटना ने कहा कि ह्वब्रह्म स्वयं ही विवेकानंद के रूप में उपस्थित होकर महान कार्यों का संपादन किया है। यह उनके ब्रह्म के प्रति निष्ठा से स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने भारतीय वेदांत दर्शन, योग दर्शन आदि के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व मंडल को उच्च व्यक्तित्व और आत्म दर्शन से प्रभावित किया है। उन्होंने बाहर की यात्रा की अपेक्षा, अपने भीतर या स्वयं को जानने के लिए कहा है तथा अपने भीतर की ब्रह्म शक्ति को उद्घाटित करने पर बल दिया है। क्योंकि, इंद्रियों से जो ज्ञान हो रहा है, उस ज्ञान को ह्ववास्तविक ज्ञानह्व नहीं समझना ही ह्वआत्म ज्ञानह्व है। आत्म ज्ञान ही स्वयं का पूर्ण ज्ञान है। इसलिए, स्वामी विवेकानंद का ज्ञान शाश्वत, सनातन और आत्मा या ब्रह्म का ज्ञान था और वह ज्ञान व्यक्ति की उपस्थिति या अनुपस्थिति पर निर्भर नहीं करता है। उनकी कीर्ति सदा विद्यमान रहती है। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था, यह वह समय था जिसमें अंग्रेजी शासन का बोल बाला था। ऐसे समय में भी महान विचारक स्वामी जी भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण मानवता का गौरव बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने भारत की वेद व आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाया। वह स्वयं भारतीय दर्शन के गुढ़ ज्ञाता थे और हिन्दू परंपरा के एकनिष्ठ संकल्पित ऐसे संन्यासी थे, जिन्होंने हिंदू धर्म और सनातन धर्म के संदेश को सम्पूर्ण विश्व मंडल में फैलाया तथा अपनी धर्म, संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित किया। स्वामी जी हमेशा सकारात्मक पक्ष की ओर युवाओं का ध्यान आकृष्ट किया है। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने अमेरिका के शिकागो में ह्वविश्व धर्म सम्मेलनह्व में भारत का प्रतिनिधित्व किया और हिंदू तथा सनातन धर्म की सार्वभौमिकता से पूरे विश्व को अवगत करवाया। स्वामी जी के विषय में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था-यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानन्द को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पायेंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं। यही भारत की पहचान है। भारत जिस विश्व गुरु के लिए जाना जाता है; वह ज्ञान परंपरा, वैदिक ज्ञान परंपरा ही है! भारत की ज्ञान और वेद - वेदांत की विरासत ही उसका मूल पहचान है। स्वामी जी वेदांत दर्शन के वाक्यों से भी युवाओं के लिए स्पष्ट संदेश दिया था। वेदांत दर्शन से युवा जागृति: हे सुंदर युवक! जो सबमें सर्वोच्च है, वह तुम हो। संसार की सारी शक्ति तुम्हारे भीतर है, उसे पहचानो। तुम पवित्र हो, ब्रह्म स्वरूप हो और तुम्हारे ब्रह्म या आत्म स्वरूप से ही यह समस्त निर्माण हुआ है। इस संबंध में शास्त्र भी कहता है;

अतः समुद्र गिरयश्च सर्वेऽस्मात्स्यदंते सिंधवः सर्वरूपः।

अतश्च सर्व ओषधयो रसश्च येनैषा भूतैस्थते न्तरात्मा।। आत्मा से ही समुद्र, सभी पर्वत और नाना प्रकार की नदियाँ उत्पन्न हुई हैं; उसी से सभी औषधियाँ और स्वाद भी उत्पन्न हुए हैं, जो भूतों से घिरे हुए हैं, अर्थात स्थूल तत्वों के मध्य में आत्मा अर्थात सूक्ष्म शरीर में बैठा है। इस सृष्टि में जो भी दृश्य है, उसकी उत्पति, स्थिति और प्रलय आत्मा में ही होता है। वह आत्मा पुरुष रूप में सर्वत्र व्याप्त है। वह विराट और सूक्ष्म भी है। इस संबंध में शास्त्र कहता है। पुरुष एवेदं विश्वं कर्म तपो ब्रह्म परमार्थम्। एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रंथि विकीरतिहा सोम्या।। इस तरह से यह पुरुष ही यह सब जगत है - कर्म और तप। यह सब ब्रह्म है, परम् और अमर है। जो इसे हृदयगुहा में स्थित जानकर यहाँ भी अज्ञान की गाँठ खोल देता है, हे सुन्दर युवक! उसे ही वरण करो। उपनिषदों द्वारा प्रदत्त महान् अस्त्र को लेकर, उसमें निरन्तर ध्यान से नुकीला किया हुआ बाण स्थिर करके, तथा मन को ब्रह्म में स्थिर करके, हे सुन्दर युवक! अपने लक्ष्य पर प्रहार करो। इस संसार में कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसे तुम प्राप्त नहीं कर सकते हो। सम्पूर्ण सृष्टि ही तुम्हारी है। हे सुंदर युवा, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करो। उससे सुंदर न कोई था, न है और न भविष्य में होगा। उस चिर सुंदर को जानो। जो नित्य युवा है, वह आत्मा ही है और वह तुम ही हो। तुम समस्त अवस्था से परे है और सदा पूर्ण हो। अपनी पूर्णता हो प्रदर्शित और अपने लक्ष्य को परिलक्षित करो। गुरु के प्रति निष्ठा: स्वामी विवेकानंद योगी स्वभाव के थे, उनके गुरु महान योगी एवं माता काली के उपासक श्री रामकृष्ण परमहंस थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 11 जनवरी, 2025



# भू माफिया को देर सवेर खाली करनी ही होगी जमीन : सीएम योगी

प्रात : किरण संवाददाता

महाकुम्भनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला और आज प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने चेतावनी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ भूमि




पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ।

कमला बहुगुणा के संघर्ष को किया याद

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। 8 साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित भी किया। जब उन्होंने घर में अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह पिटाई की आदत डालनी होगी। तभी अंग्रेजों से हम अपने देश को आजादी दिला पाएंगे।

1954 में ही बहुगुणा ने शिविर की शुरूआत की

सीएम योगी ने बताया कि 2019 के महाकुम्भ के दौरान एक शिविर में पहुंचे। वहां पता चला कि कमला बहुगुणा ने 1954 में ही एक शिविर की शुरूआत की थी, जो आज भी संचालित होता है। यहां खोया-पाया के साथ ही कई प्रकार से श्रद्धालुओं की मदद की जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने बहुगुणा परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा, हेमवती नंदन बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर रहते हुए भी कभी भौतिक संपत्ति की चाह नहीं की। वे यहीं प्रयाग में किराए के मकान में रहते थे, जबकि वे आसपास के सभी घर खरीद सकते थे। उनकी यही विशेषता बहुगुणा परिवार को यादगार बनाए रखेगी।

जो भाव अयोध्या के लिए, वही भाव लोगों के अंतर्मन में आज महाकुम्भ के लिए

सीएम योगी ने महाकुम्भ के आयोजन के महत्व पर भी जोर दिया। सीएम ने कहा कि लोगों के अंतर्मन में जो भाव अयोध्या के लिए था, वही भाव आज महाकुम्भ के लिए भी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रयाग एक पवित्र स्थान है, जहां न केवल मनुष्य, बल्कि पवित्र आत्माएं भी पहुंचती हैं। यही कारण है कि स्वच्छ प्रयाग की कल्पना को साकार करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने भी कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे विदेश में थे। वहीं पर महाकुम्भ के जरिए यूपी की बदलती तस्वीर की खबरें आने लगीं। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास की खबरें देश दुनिया में पहुंच रही हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मंच का संचालन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मेरठ में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

मेरठ। उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट के सुहेल गार्डन क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार मोइन, उनकी पत्नी अस्मा और उनकी तीन छोटी बेटियों के शव गुरुवार देर रात 15 फुटा रोड स्थित उनके घर के अंदर पाए गए। इस दुखद वारदात का पता उस समय चला, जब पड़ोसियों और रिश्तेदारों को सारा दिन घर के दरवाजे बंद रहने पर अनहोनी की आशंका हुयी जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। पांचों सदस्यों के शव बेड में पड़े मिले।

पुलिस की प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि हत्या की वारदात संभवतः संपत्ति को लेकर पारिवारिक विवाद के कारण की गयी है। मोइन ने हाल ही में एक प्लॉट खरीदा था और अपने मकान का निर्माण शुरू किया था। पुलिस ने परिवार के 20 सदस्यों से पूछताछ की और खुलासा किया कि संपत्ति के स्वामित्व को लेकर आंतरिक मतभेद के कारण यह घातक घटना घटी होगी। मूल रूप से रुड़की का रहने वाला यह परिवार अपने पैतृक गांव में जमीन बेचने के बाद यहां लिसाड़ी गेट क्षेत्र के सुहेल गार्डन में आकर बस गया था। मोइन और अस्मा की शादी को दस साल हो गए थे और उनकी तीन बेटियाँ थीं, नौ वर्षीय अक्सा, तीन वर्षीय अजीजा और एक वर्षीय अलीजाबा। अस्मा मोइन की तीसरी पत्नी थीं, जबकि यह उनकी दूसरी शादी थी। बताया गया है कि रिश्तेदारों ने परिवार को आखिरी बार बुधवार शाम को देखा था। अस्मा की भाभी नजराना ने बताया कि वह उनसे मिलने गई थी और उनकी सबसे छोटी बच्ची का हालचाल जानने भी गई थी, जो अस्वस्थ थी। गुरुवार शाम तक जब घर पर ताला लगा रहा तो लोगों को शक हुआ और परिवार के सदस्य छत पर चढ़े तो उन्हें पीड़ितों के शवों का भयावह दृश्य देखने को मिला। पुलिस जांच में एक जटिल वैवाहिक इतिहास का भी पता चला। मोइन की पहली पत्नी जाफरा की बेटी को जन्म देने के बाद मौत हो गई थी, जबकि उनकी दूसरी शादी तलाक में समाप्त हो गई थी। अस्मा की पहली शादी से कोई संतान नहीं थी, जबकि मोइन से उसकी तीन बेटियां थीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि लिसाड़ी गेट और मेडिकल समेत कई थानों से पुलिस टीम को गहन जांच और सामुदायिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पांचों शवों को कल रात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था और आज सुबह उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक मकसद का पता लगाने तथा अपराधियों की पहचान करने के लिए पुलिस प्रयास जारी हैं।

# विश्व हिन्दी दिवस: श्री वेंकटेश्वरा मे काव्य संगोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन

**हिन्दी माँ भारती के मस्तक का भाल, आइये मिलकर करें पूरे विश्व में हिन्दी को गुंजायमान**

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वी.जी.आई. मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में ‟हिन्दी दिवस" पर शानदार ‟काव्य संगोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह" का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सो से आये कवियो एवं साहित्यकारो ने हिन्दी के सम्मान में एक से एक बढ़कर शानदार प्रस्तुति देकर सभी से हिन्दी को अपने कामकाज, व्यवहार एवं व्यापार की भाषा बनाने की पुरजोर वकालत की। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर कवियो एंव साहित्यकारो को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भैंटकर सम्मानित किया। श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर सभागार में काव्य संगौष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का शुभारम्भ समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, देश की अन्तर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. मधु चतुवेर्दी, डॉ. यतीन्द्र कटारिया, श्रीमती शशि त्यागी, डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। कवि सम्मेलन / संगौष्ठी का शुभारम्भ पर काव्य पाठ करते हुए वरिष्ठ/विख्यात कवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने यूं कहा-



‟उम्र भर हमने ऐसे कसाले जिये, तम निगलते रहे पर उजाले दिये, प्यास में आँसुओ का रसायन मिला, तृप्ति के घट तुम्हारे हवाले किये" सुनाकर सभी को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया प्रतिकुलाधिपति एवं विख्यात साहित्यकार डा. राजीव त्यागी ने अपने चिर परिचित हास्य व्यंग के अंदाज में कहा कि एक हिन्दी टीचर मेरी वाइफ को हिन्दी सिखाने लगी, उनसे ज्यादा हमें भाने लगी। सुनाकर सभी को खूब हंसाया। वरिष्ठ हिन्दी सेवी एवं राज्यभाषा पुरस्कार से सम्मानित कवि डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने हिन्दी के लिए कहा कि-सात समुन्द्र पार है हिन्दी, भारत की जयकार है हिन्दी, विश्व पटल पर बढ़ती जाती, भारत का विस्तार है हिन्दी।"वरिष्ठ कवि डॉ. राजेश सारस्वत ने कहा कि-लोग कहते है कि तू अब भी खफा है मुझसे, पर तेरी आँखो ने तो कुछ और ही कहा है मुझसे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण ने कहा कि -शिकवा करने गये थे, इबादत सी हो गयी, तुझे भूलने की जिद थी, पर तेरी आदत सी हो गयी ।। सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। कवि संगौष्ठी को वरिष्ठ कवि डॉ. श्री गोपाल नारसन, डॉ. अंजना व्यास, वरिष्ठ कवियित्री शशि त्यागी, रेखा रानी, वरिष्ठ कवि डा. राजेश सारस्वत डा. इन्दुरानी, आकृश त्यागी आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, आर.एस. शर्मा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डी.पी. सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. राहुल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. रामकुमार, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अनिल जायसवाल, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, राजीव सिंह, विशाल शर्मा, एस.एस. बघेल, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डा. स्नेहलता गोस्वामी एवं रिपोर्टिंग श्री राम गुप्ता ने किया।

# महाकुंभ 2025 : दो हजार किलोमीटर की अनोखी यात्रा पर बुलेट से निकलीं महंत

भदोही। द्वादश ज्योतिर्लिंग संगम क्षेत्र की महंत और बुलेट रानी के नाम से मशहूर राजलक्ष्मी मांडा प्रयागराज कुंभ 2025 के प्रचार-प्रसार के लिए 2000 किलोमीटर की अनूठी बुलेट यात्रा पर निकली हैं। सनातन धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कुंभ में स्नान के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से वह 32 जिलों से बुलेट लेकर गुजरेंगी। उनकी यह यात्रा 14 जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी को प्रयागराज में समाप्त होगी। उनकी इस यात्रा के दौरान अन्य बाइक सवार भी खुशी-खुशी जुड़ रहे हैं और लोगों में प्रयागराज आने के लिए प्रेरणा दे रहे हैं। लोगों को बताया जा रहा है कि वह प्रयागराज में आयोजित कुंभ में आकर स्नान करें और अपना जीवन पवित्र करें। बुलेट रानी की यात्रा शुरूआत भदोही के सुंदरवन से हुई, जहां राजलक्ष्मीजि मांडा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के मार्ग में वाराणसी, गाजीपुर, अयोध्या, लखनऊ, मथुरा, कानपुर और चित्रकूट जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। उनके साथ 35 लोगों की टीम भी इस यात्रा में हिस्सा ले रही है। हर जिले में स्थानीय लोगों द्वारा उनका अभिनंदन किया जा रहा है।

महंत राजलक्ष्मी ने बताया कि महाकुंभ में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह हमारे सनातन धर्म और संस्कृति का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उन्होंने कई यात्रा बुलेट से की है। जिसकी वजह से उन्हें बुलेट रानी के तौर पर भी जाना जाता है। वह लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के उद्देश्य से बुलेट यात्रा पर निकली थीं। इस दौरान उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। बता दें कि प्रयागराज में 13 जनवरी से भव्य महाकुंभ का आगाज हो रहा है। यूपी सरकार ने पूरी व्यवस्था कर ली है और तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस बीच देशभर से साधु-संतों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां पर लोगों के ठहरने व स्नान करने के लिए उचित व्यवस्था की गई हैं। लोगों के ठहरने के लिए यूपी टूरिज्म द्वारा प्रयागराज को टेंट सिटी में तब्दील किया गया है। जहां पर बहुत ही कम दामों में लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## योगी ने मां की रसोई का किया उद्घाटन

महाकुम्भ नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए संस्थान की ओर से शुरू की गई इस सेवा पर प्रसन्नता जाहिर की और खाने की गुणवत्ता, स्वच्छता के साथ ही सुविधाओं की भी सराहना की। उन्होंने थाली परोसकर सेवा भी की और मां की रसोई के किचन का भी अवलोकन किया। प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सीएम योगी स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने फीता काटकर नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के बाद सीएम डाइनिंग रूम में भी पहुंचे, जहां लोगों को बैठाकर खाना खिलाने का प्रबंध किया गया है। यहां मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से थाली लगाकर वहां उपस्थित लोगों की सेवा की। इसके बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी उन्हें लेकर सीधे किचन पहुंचे, जहां खाना तैयार किया जाता है।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाईक सवार को मारी टक्कर, चालक गंभीर महिला की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

कांठ। तेज रफ्तार से जा रही रोडवेज बस नम्बर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार बैठी महिला की मौत हो गई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को उपचार के लिए सीएचसी कांठ भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को लगभग सायं बजे सिराजुद्दीन पुत्र मेराजुद्दीन निवासी फायानगर ,कोहिनूर तिराहा थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद अपनी पत्नी राबिया (आयु 30 वर्ष) के साथ बाइक द्वारा मुरादाबाद मार्ग पर थाना कांठ बार्डर पर स्थित आरिफ अली शाह पीर की मजार से अपने घर मुरादाबाद लौट रहे थे। जब यह दोनों कांठ थाना क्षेत्र के गांव नया गांव कावड़ पथ तिराहे के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही उत्तराखंड ऋषिकेश डिपो की रोडवेज ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में जहां बाइक पर सवार राबिया की मौत हो गई तो वहीं उसका पति सिराजुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर चोटिल दम्पत्ति को 108 नम्बर एंबुलेंस से उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भिजवाया। जहाँ डॉक्टरों ने जांच करने के बाद राबिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस और दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल को थाने भिजवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है इस सम्बंध में परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# योगी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ किया भोजन, भेंट किए उपहार

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के पहले दिन साधु संतों के साथ रात्रि भोज किया और उन्हें उपहार भी भेंट किया। इस रात्रि भोज में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा के पूज्य संत उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित इस भोज के बाद सभी संतों को उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी संतों का भोज में सम्मिलित होने के लिए आभार भी जताया। इस अवसर पर सभी साधु संतों ने सीएम योगी को धन्यवाद दिया और महाकुम्भ के सकुशल और भव्य संपन्न होने की कामना की।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित रेडियो ट्रेनिंग हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आयोजित इस रात्रि भोज कार्यक्रम में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा समेत प्रयागवाल के कुल 20 साधु संत सम्मिलित हुए। इनमें जूना, निरंजनी, उदासीन बड़ा, निर्मल, तीनों वैष्णव अखाड़े (निमोर्ही, दिगंबर, निवार्णी), अग्नि, आवाहन, अटल, आनंद, निरंजनी अखाड़े के पूज्य संत शामिल रहे। खाकचौक से महामंडलेश्वर संतोष दास (सतुआ बाबा) भी उपस्थित रहे। सीएम योगी के आग्रह पर आए इन साधु संतों को सात्विक भोजन परोसा गया। भोज में सम्मिलित संतों के अनुसार, निर्धारित जिसमें मूंग और अरहर की दाल, चने का साग, पनीर की सब्जी, आलू-मेथी सोया, मलाई कोफ्ता, मटर निमोना एवं मूंग का हलवा था। भोज के बाद मुख्यमंत्री ने सभी साधु संतों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया।

# जैविक खेती का संदेश देने के लिये सिर पर उगाया जौ

महाकुंभनगर। सनातन संस्कृति के सबसे बड़े मानव समागम महाकुंभ में अजब गजब के साधु-संत और तपस्वी नजर आ रहे हैं लेकिन उनमें पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का संदेश देने के लिए सिर पर जौ उगाने वाले बाबा लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। संगम की रेती पर 13 जनवरी से महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए देश के कोने कोने से साधु संत पहुंच रहे हैं, जो संगम की रेती पर बने अस्थायी तंबुओं की आध्यात्मिक नगरी में कठिन साधना और तप करेंगे। इन्हीं संतो में कुछ संत ऐसे भी हैं जो अपनी खास वेशभूषा और साधना के अनूठे अंदाज से लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन्हीं संतो में सोनभद्र के मारकुंडी से आए अमरजीत योगी भी शामिल हैं। बाबा अमरजीत योगी ने अपनी जटाओं में जौ उगा रखा है। इसके जरिए वह लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का भी संदेश दे रहे हैं। बाबा अमरजीत योगी के सिर पर उगाई गई जौ को देखने के लिए लोग दूर दूर से उनके पास आ रहे हैं। महाकुंभ मेले में अपनी जटाओं में जौ उगाने वाले हठयोगी बाबा अमरजीत की साधना को देखकर लोग तरह-तरह की चचार्एं भी कर रहे हैं। कई श्रद्धालु जहां उनकी जटाओं में जौ की चर्चा करते हैं। तो वहीं कई श्रद्धालु उनके लिए खाने-पीने का इंतजाम कर देते हैं। हठ योगी अमरजीत ने बताया कि उन्होंने पांच वर्ष का संकल्प ले रखा है। इस पांचवें वर्ष उन्होंने अपनी जटाओं में जौ उगाई है। उन्होंने जटाओं में इस बार जौ, चना, उड़द और मूंग के भी बीज रोपे हैं।

## उप्र: एएमयू परिसर को बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल मिला, सुरक्षा जांच शुरू

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, क्योंकि कुलपति समेत विश्वविद्यालय के सभी शीर्ष अधिकारियों को ईमेल पर परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस अधीक्षक (शहर) मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद कल शाम से ही परिसर और उसके आसपास के सभी संवेदनशील इलाकों में जांच जारी है और अधिकारी इस धमकी को लेकर कोई जोखिम नहीं उठा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और विश्वविद्यालय के अधिकारी मौलाना आजाद लाइब्रेरी समेत भीड़ वाले सभी इलाकों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

एएमयू के प्रवक्ता असीम सिद्दीकी ने बताया कि ईमेल में फिरौती की रकम का भी जिक्र है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी, जिन्होंने धमकी जारी करने वाले ई-मेल आईडी के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर अपराध प्रकोष्ठ को भी सूचित कर दिया है। पुलिस ने परिसर के अंदर प्रमुख स्थानों पर श्वान दस्ते को सक्रिय कर दिया तथा अन्य सेवाएं भी शुरू कर दी हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सिविल लाइंस) अभय पांडे ने कहा कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि धमकी झूठी थी या शहर की शांति भंग करने के उद्देश्य से दी गई थी।

## उप्र: बस और ट्रक की टक्कर में बस के चालक, परिचालक की मौत, दो अन्य घायल

सुलतानपुर। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह रोडवेज की एक बस ओवरटेक करते हुए घने कोहरे के कारण ट्रक से जा टकराई, जिससे उसके परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल चालक ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि घटना बलिया-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सूरापुर अंतर्गत पडेला के पास हुई। बिजेथुआ धाम से सुबह अयोध्या जाने वाली परिवहन निगम की अनुबंधित बस निकली जिस पर स्टॉफ समेत तीन से चार लोग सवार थे। पडेला के पास बस समानांतर जा रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय घने कोहरे के कारण उससे टकरा गई। हादसे के समय बस परिचालक सौरभ तिवारी (28) उर्फ सूरज बस के गेट के पास खड़े थे। टक्कर के बाद वह बस से गिरे तथा ट्रक के पहिये के नीचे आ गए। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में बस चालक इरशाद खान (26), बस पर सवार यात्री विनोद कुमार (42) और दीपक (46) को काफी चोटें आईं। इन लोगों को कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बस चालक इरशाद खान की गंभीर हालत देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाद में इलाज के दौरान चालक इरशाद ने दम तोड़ दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि बस परिचालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

## उप्र: शामली में दहेज के लिए विवाहिता की गला घोंटकर हत्या

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में दहेज की मांग को लेकर 21 वर्षीय विवाहिता की उसके ससुराल वालों ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बृहस्पतिवार शाम जिले के कांधला कस्बे में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुस्कान के पति शाहरुख, उसके भाइयों जावेद और फारूख तथा उसके ससुराल वालों मजीद एवं शकीला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिंह ने बताया, सभी आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

पीड़िता के भाई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुस्कान की शादी तीन महीने पहले शाहरुख से हुई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया, शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और जब मांगें पूरी नहीं हुईं तो मुस्कान की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## कठोर तपस्या और साधना से निकलकर बनते हैं नागा साधु, सनातन धर्म की रक्षा मकसद

**साधक को अंतिम चरण में लिंग तोड़ प्रकिया से गुजराना होता**

प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान नागा साधु हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहते हैं। उनके रहस्यमय जीवन और कठोर तपस्या से जुड़े कई सवाल लोगों के मन में होते हैं। नागा साधुओं की तपस्वी जीवन शैली, सनातन धर्म के प्रति उनका समर्पण, और उनकी कठिन साधना प्रक्रिया सभी को हैरान करती है। नागा साधु बनने की पूरी प्रक्रिया को समझने के लिए नागा साधु दिगंबर मणिराज पुरी ने इन रहस्यों को उजागर किया।

उन्होंने बताया कि नागा साधु बनने की यात्रा आसान नहीं है। यह जीवन त्याग और तपस्या का प्रतीक है। नागा साधु बनने के लिए साधक को अपने शरीर का अंतिम संस्कार और पिंडदान करना पड़ता है। यह प्रतीकात्मक है, जो सांसारिक जीवन के त्याग को दिखाता है। गुरु से दीक्षा लेने के बाद साधक को कठोर तपस्या और कई वर्षों तक कठोर साधना करनी होती है। नागा साधु बनने की प्रकिया के दौरान अंतिम चरण में एक गुप्त प्रक्रिया के तहत लिंग तोड़ किया जाता है। यह काम वासना और इच्छाओं पर पूरी तरह से विजय पाने का प्रतीक है। इतना ही नहीं नागा साधुओं को बंदूक और अन्य हथियारों की ट्रेनिंग दी जाती है। यह उनके सनातन धर्म की रक्षा के उद्देश्य से होता है।

नागा साधु बनने के लिए साधकों को अपना घर, परिवार और सारी सांसारिक मोह-माया छोड़नी पड़ती है। हमने अपने घर और रिश्तों को त्याग दिया, लेकिन अब पूरी दुनिया ही हमारा परिवार है। हमारा उद्देश्य सिर्फ हरि भजन और मानव कल्याण है। नागा साधु का जीवन हर प्रकार की इच्छाओं और वासनाओं से परे होता है। उनका जीवन शिव के प्रति पूर्ण समर्पण और सनातन धर्म की सेवा के लिए होता है। नागा साधु श्मशान भस्म का उपयोग करते हैं और प्राकृतिक स्थितियों (गर्मी, ठंड) में संतुलन बनाते हैं।

सनातन की रक्षा और समाज कल्याण नागा साधु केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं हैं। वे सनातन धर्म की रक्षा के लिए हथियारबंद सेना का हिस्सा भी होते हैं। उन्होंने बताया, अगर धर्म पर कोई खतरा आता है, तब हम सनातन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं। नागा साधु बनने का सफर तप, त्याग और कठिन साधना का मार्ग है। उनका जीवन दर्शन संसार के भौतिक सुखों से ऊपर उठकर ईश्वर को प्राप्त करने का मार्ग दिखाता है।

# योगी ने किया आकाशवाणी के एफएम चैनल कुम्भवाणी का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुम्भ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चैनल कुम्भवाणी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने एफएम चैनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुम्भ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं। उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुम्भ की हर जानकारी पहुंचाएंगे।

योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम ने कुम्भवाणी चैनल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और



सूचना प्रसारण मंत्रालय व प्रसार भारती को भी धन्यवाद दिया।

उन्होने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था। मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया। बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चैनल आए, लेकिन समय की इस प्रतिस्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चैनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल को शुरू करने की कार्यवाही प्रारंभ की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है। जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वो कुम्भ का दर्शन करे, यहां आकर अवलोकन करे। जो लोग एक संकीर्ण दृष्टि से सनातन धर्म को देखते हैं, साम्प्रदायिक मतभेद, भेदभाव या छुआछूत के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं उन लोगों को आकर देखना चाहिए कि यहां पर न पंथ का भेद है, न जाति का भेद है, न छुआछूत है, न कोई लिंग का भेद है। सभी पंथ और सम्प्रदाय एक साथ एक ही जगह स्नान करते हैं। सभी लोग एक जगह आकर आस्था की डुबकी लगाकर सनातन गर्व के संदेश को पूरे देश और दुनिया तक लेकर जाते हैं। यह एक आध्यात्मिक संदेश है। इस अवसर पर पूरी दुनिया यहां पर एक घोंसले के रूप में देखने को मिलती है।

योगी ने कहा कि दुनिया के बहुत सारे लोगों का यहां पर आगमन शुरू हो चुका है। वो आस्था की डुबकी लगाकर आध्यात्म की गहराइयों को समझने का प्रयास करना चाहते हैं। यह अद्भुत क्षण है और इस अद्भुत क्षण को प्रसार भारती ने कुम्भवाणी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। पूरे दिन भर के कुम्भ के कार्यक्रमों को न सिर्फ आंखों देखा हाल के माध्यम से बल्कि महाकुम्भ के आयोजन के साथ जुड़े हुए हमारे धार्मिक उद्धरणों को भी दूर दराज के गांवों में प्रसारित करने का काम कुम्भवाणी करेगा। जब भी हम सनातन धर्म के इस गौरव को पूरी ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाएंगे तो यह मानकर चलिए कि आमजन के मन में इसके प्रति सच्ची श्रद्धा का भाव होगा। उन्होंने कहा कि जब कोविड महामारी आई थी और लॉकडाउन प्रारंभ हुआ था तब जैसे ही दूरदर्शन ने रामायण सीरियल दिखाना प्रारंभ किया तो दूरदर्शन की टीआरपी बढ़ गई थी। आज तो एफएम चैनल युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है। निश्चित रूप से इसका लाभ प्रसार भारती को प्राप्त होगा।

इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री डॉ एल मुरुगन ने योगी का आभार जताया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, ओमप्रकाश राजभर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल उपस्थित रहे।

# जैविक खेती का संदेश देने के लिये सिर पर उगाया जौ

महाकुंभनगर। सनातन संस्कृति के सबसे बड़े मानव समागम महाकुंभ में अजब गजब के साधु-संत और तपस्वी नजर आ रहे हैं लेकिन उनमें पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का संदेश देने के लिए सिर पर जौ उगाने वाले बाबा लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं।

संगम की रेती पर 13 जनवरी से महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए देश के कोने कोने से साधु संत पहुंच रहे हैं, जो संगम की रेती पर बने अस्थायी तंबुओं की आध्यात्मिक नगरी में कठिन साधना और तप करेंगे। इन्हीं संतो में कुछ संत ऐसे भी हैं जो अपनी खास वेशभूषा और साधना के अनूठे अंदाज से लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इन्हीं संतो में सोनभद्र के मारकुंडी से आए अमरजीत योगी भी शामिल हैं। बाबा अमरजीत योगी ने अपनी जटाओं में जौ उगा रखा है। इसके जरिए वह लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का भी संदेश दे रहे हैं। बाबा अमरजीत योगी के सिर पर उगाई गई जौ को देखने के लिए लोग दूर दूर से उनके पास आ रहे हैं। महाकुंभ मेले में अपनी जटाओं में जौ उगाने वाले हठयोगी बाबा अमरजीत की साधना को देखकर लोग तरह-तरह की चचार्एं भी कर रहे हैं। कई श्रद्धालु जहां उनकी जटाओं में जौ की चर्चा करते हैं। तो वहीं कई श्रद्धालु उनके लिए खाने-पीने का इंतजाम कर देते हैं। हठ योगी अमरजीत ने बताया कि उन्होंने पांच वर्ष का संकल्प ले रखा है। इस पांचवें वर्ष उन्होंने अपनी जटाओं में जौ उगाई है। उन्होंने जटाओं में इस बार जौ, चना, उड़द और मूंग के भी बीज रोपे हैं। इन सबसे बेखबर अपनी साधना में लीन रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपने आश्रमों और शिविरों के बाहर जौ रोपित करते हैं और जब उनका कल्पवास पूरा होता है तो उसे भगवान को अर्पित कर चले जाते हैं। लेकिन उनका संकल्प है कि उनकी जटाओं में उगाया गया यह जौ इसी तरह रहेगा। जब तक कि फसल पक नहीं जाएगी।

बाबा अमरजोत ने कहा कि वे अपनी जटाओं में उगाए गए जौ को संभालने के लिए लगातार पानी डालते रहते हैं। इस बार उनके सिर में जौ काफी बड़ी हो गई है और यह फसल पकने तक इसी तरह से रहेगी। महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालु अमरजीत योगी को अनाज वाले बाबा के नाम से भी पुकारने लगे हैं। लोगों के लिए भी जौ वाले बाबा आश्चर्य और कौतूहल का विषय बने हुए हैं। उन्होंने अपनी जटाओं को गेरूआ कपड़े से चारों तरफ से लपेट कर रखा हैं।

हठ योगी ने बताया कि पिछले 14 सालों से लोगों को पर्यावरण का संदेश देते आ रहे हैं। लेकिन पिछले पांच वर्षों से संकल्प लेकर उन्होंने सिर पर जौ उगा रखी है। वह इसके जरिए लोगों को पेड़ पौधे लगाकर, पर्यावरण बचाने और जैविक खेती को बढ़ावा देने का भी संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि रासायनिक खाद्य के खेतों में उपयोग से कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। कुछ मुख्य नुकसानों में से एक यह है कि यह पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम हो सकती है।लगातार रासायनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम हो रही है। इससे अब कई स्थानों पर बिना रासायनिक उर्वरक के खेती करना संभव भी नहीं हो पा रहा।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 11 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### दो घरों के ताले तोड़कर चोरी

ग्रेटर नोएडा, । सेक्टर सिग्मा-2 में विजय सैनी परिवार के साथ रहते हैं। वह किसी काम से मेरठ गए थे। इसी बीच बदमाश मकान का ताला तोड़कर 40 हजार रुपये और गहने चोरी कर ले गए। वहीं, सेक्टर-36 निवासी इंद्रदेव छोकर मध्य प्रदेश गए थे। इस दौरान उनके घर का ताला तोड़कर बदमाश एक लाख रुपये और गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### दिल्ली के मतदाताओं को अवकाश मिलेगा

ग्रेटर नोएडा, । दिल्ली के जो मतदाता गौतमबुद्ध नगर में नौकरी हैं, उनको पांच फरवरी चुनाव के दिन अवकाश दिया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### फरीदाबाद में दो दिन बाद मौसम ने ली करवट, घना कोहरा छाया

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में दो दिन की तेज धूप के बाद शुक्रवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ली। घना कोहरा छाने की वजह से सडकों और हाईवे पर विजिबिलिटी घटकर मात्र 50 मीटर रह गई। जिससे वाहन ड्राइवरों और कार्यालय जाने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार जनवरी माह में कभी तेज धूप तो कभी घने कोहरे के कारण ठंड बढ़ जाती है। प्रशासन ने छोटे बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। कामकाजी लोगों को गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलने की हिदायत दी गई। मौसम विभाग के अनुसार कोहरे और ठंड जहां एक ओर सब्जियों की फसल के लिए नुकसानदायक है, वहीं अन्य फसलों को लाभ हो सकता है। सडक दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए वाहन ड्राइवरों से धीमी गति से और सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने की अपील की गई है।

### छात्रों ने सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जाना

ग्रेटर नोएडा, । विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बादलपुर स्थित दुजाना पब्लिक स्कूल में उम्मीद संस्था द्वारा दिव्य महाकुम्भ प्रयागराज हमारी सांस्कृतिक धरोहर विषय पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक और सभ्यता की महत्ता को जीवित रखना और हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान बढ़ाना था। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी मूल जड़ों, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राहुल नागर ने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी लेखन शैली से सांस्कृतिक धरोहर की महत्ता को उजागर किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों दिव्यांशी राणा, गुंजन नागर, महिमा नागर को सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान कर उनका प्रोत्साहन बढ़ाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ममता शुक्ला, ब्रह्म सिंह, पिंकी नागर रहे।

### सीढ़ियों से गिरकर मजदूर की मौत

ग्रेटर नोएडा, । तिलपता गांव स्थित एक निमार्णाधीन मकान में काम करने वाले मजदूर की सीढ़ियों से नीचे गिरने से मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मूलरूप से कुशीनगर का रहने वाला 35 वर्षीय टिंकू पांडे तिलपता गांव स्थित एक निमार्णाधीन मकान में मजदूरी करता था। वह गुरुवार की रात सीढ़ियों से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। परिजन की शिकायत पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली के उप राज्यपाल एयरपोर्ट का दौरा करेंगे

ग्रेटर नोएडा, । दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दौरा कर सकते हैं। 13 जनवरी को उनके जनपद आगमन की तैयारी चल रही है। वह एयरपोर्ट का दौरा करेंगे और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से शहर के मॉडल की जानकारी लेंगे। हालांकि, अभी उनका आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ हैं, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी उनके स्वागत की तैयारी में जुट गए हैं।

# वक्फ बोर्ड नहीं भूमाफियाओं का है बोर्ड: प्रयागराज में बोले सीएम योगी

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ/प्रयागराज, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रयागराज की इस धरती पर हजारों वर्ष से कुम्भ का आयोजन होता आ रहा है। इसके बाद भी उसको कोई वक्फ बोर्ड की लैंड बोल दे तो बस यही कहना है कि ये वक्फ बोर्ड है या भूमाफियाओं का बोर्ड है। इस तरह की दुष्प्रवृत्ति पर रोक लगनी ही चाहिए और हम रोक लगाएंगे। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर एक निजी चैनल के कार्यक्रम में योगी ने कहा कि हमने कुछ संशोधन यहां पर किए हैं कि कोई भी जमीन जिस पर वक्फ ने कब्जा किया है या दावा किया है, 1363 फसली की उसके पूरे रिकॉर्ड को चेक किया जाए। कहीं भी वक्फ शब्द आता है तो पहले उसे देखो की जमीन किसके नाम पर थी और फिर उसको हम वापस दिलाने का काम कर रहे हैं। कहीं भी, किसी भी ऐसी जमीन पर जो सार्वजनिक उपयोग में होगी। हिंदू आस्था से जुड़े पवित्र स्थलों की जमीन होगी या सरकार की होगी, यहां पर इस प्रकार के किसी भी भूमाफिया बोर्ड को कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ये कुम्भ की भूमि है और आने वाले साधु-संतों को कुम्भ के आयोजन के लिए इसी प्रकार से उपलब्ध होती रहेगी। दुनिया भर से आस्थावान लोग प्रयागराज के महाकुंभ में आ रहे हैं और अगर कोई उनकी आस्था और श्रद्धा को ठेस पहुंचाने के लिए ये कहता है कि साहब यह तो वक्फ की जमीन है। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि हजारों वर्षों की भारत की विरासत का प्रतीक आयोजन यहीं पर होता आया है। उन्होने कहा कि किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिये। हम जिस दिन मस्जिद बोलना बंद कर देंगे तो उस दिन लोग जाना भी बंद कर देंगे। यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ भी है कि किसी की भी आस्था को ठेस पहुंचाकर, वहां मस्जिद नुमा ढांचा खड़ा कर दिया हो। ऐसे स्थान पर किसी भी प्रकार की होने वाली इबादत खुदा को भी मंजूर नहीं होती है। जब खुदा को मंजूर नहीं होती है तो बेकार में वहां क्यों इबादत की जाए। वहीं इस्लाम में उपासना के लिए एक स्ट्रक्चर खड़ा हो, यह आवश्यक नहीं है जबकि यह सनातन धर्म में है। सनातनी उपासना के लिए मंदिर जाएगा, इस्लाम के लिए नहीं है। ऐसे में हमे किसी भी ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद्द नहीं करनी चाहिये। यह समय एक नये भारत के बारे में सोचना के साथ आगे बढ़ने का है। हमे इस ओर ध्यान देना चाहिये। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक वर्ष पहले अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के साथ दक्षिण भारत के राज्यों से संतों का आगमन नहीं हो पाता था। वहीं इस बार महाकुंभ में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर देखने को मिलेगी। यहां हर जगह से संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी अगले 45 दिनों में प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी लगाएगी। योगी ने विपक्ष के वार पर पलटवार करते हुए कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि बीजेपी ने खुद को महाकुम्भ के आयोजन से जोड़ा है। इस आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था। 2017 के पहले यही आयोजन गंदगी का पर्याय बनता था और अव्यवस्था होती थी। 2013 के महाकुंभ में क्या स्थिति थी। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्नान करने आए थे और अव्यवस्था गंदगी देख आंखों से आंसू बहाकर दुखी मन से कहा था कि क्या यही गंगा है और वापस चले गये थे।

## घर पर पथराव और गाड़ी में तोड़फोड़ करने का आरोप



ग्रेटर नोएडा, । सैनी गांव में एक घर पर पथराव और गाड़ी में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज कर हंगामा किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आकाश शर्मा ने गांव के रहने वाले छोटू, अभिषेक और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी गुरुवार की रात उनके घर पहुंचे और गाली गलौज की। आरोपियों ने पीड़ित और उसके भाई को बाहर आने के लिए कहा। पीड़ित डर की वजह से बाहर नहीं निकले। इस बीच आरोपियों ने घर पर पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ की। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## फरीदाबाद : आयुष हत्या मामले में फरार तीन आरोपियों को दबोचा

प्रात : किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । आयुष हत्या के मामले में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सत्यनारायण निवासी संजय कालोनी, सेक्टर -23 की शिकायत पर उसके बेटे आयुष (18) की हत्या करने के मामले में थाना मुजेसर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने आशीष (24), अतुल (19) और परशुराम (21) को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आशीष गांव रामदाशपुर जिला जोनपुर उत्तर प्रदेश, अतुल वासी गांव कुछमुचपुरा जिला जोनपुर उत्तर प्रदेश, परशुराम जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले है तथा वर्तमान में सुरुरपुर एरिया में रह रहे है। तीनों आरोपियों को अपराध शाखा टीम ने दशहरा ग्राउंड बल्लबगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने बताया कि वह सरुरपुर इंडस्ट्रियल एरिया की एक कम्पनी में नौकरी करते है वही पर वहीं उनके साथी पंकज व जीलाजीत भी नौकरी करते थे। संजय कॉलोनी वासी वरुण भी इसी कंपनी में नौकरी करता है। छह जनवरी को दिन के समय कंपनी में उनकी वरुण के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसपर उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वरुण को सबक सिखाने का प्लान बनाया और कंपनी की छुट्टी के बाद अपने साथियों के साथ रास्ते में खडे हो गए। आरोपियों ने उनके साथ झगडा किया और झगडे में आयुश को चोट लग गई, जिससे आयुश घायल हो गया था। जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। तीनों आरोपियो को मामले में पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## फरीदाबाद निगम ने चेताया, पशु पालक सीवरेज लाइन में न डाले गोबर

**निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में लग रहा है समाधान शिविर, शिविर में नगर निगम अधिकारियों ने दिए निर्देश**

प्रात : किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । फरीदाबाद नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निदेर्शों पर निगम मुख्यालय के सभागार में चल रहे समाधान शिविर में शुक्रवार निगम के चीफ इंजीनियर बीके कर्दम ने जन समस्याएं सुनी। नगर निगम के चीफ इंजीनियर बीके कर्दम ने समाधान शिविर में डबुआ कालोनी से आई शिकायत पर पशु पालन करने वाले लोगों को कहा कि अपने पशुओं के गोबर को सीवरेज लाइन में न डालें, गोबर से सीवर जाम हो जाती है जिससे अन्य निवासियों को परेशानी आती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुछ शिकायत प्रॉपर्टी आईडी, सीवर,पानी और सफाई और कालोनियों में चल रही वर्कशॉप के ध्वनि प्रदूषण से संबंधित थी। जिनका समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है। जिनका समाधान जल्द कराया जाएगा। कुछ शिकायतें नगर निगम से संबंधित नहीं थी लेकिन उन्हें भी संबंधित विभागों को भेजा गया है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होने पर शिकायतकताओं को उसकी जानकारी दी जाती है। चीफ इंजीनियर बीके कर्दम ने कहा कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसी दिशा में नगर निगम कार्य कर रहा है ताकि समाधान शिविर का उद्देश्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर निगम के एसई ओमवीर सिंह, एक्सईन नितिन कादियान,एक्सईन पदम भूषण और जड़टीओ सुमन रतरा, एफएमडीए से संबंधित अलग अलग विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## दलित युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

दादरी, । जारचा कोतवाली क्षेत्र के छौलस गांव में बुधवार देर रात को हुई दलित दिव्यांग अंकित की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी नवाब को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि शराब पीने के दौरान दोबारा शराब लेकर आने के रुपये देने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद अंकित पर ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को जिला न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। छौलस गांव का रहने वाला दिव्यांग युवक अंकित और नवाब आपस में दोस्त हैं। बुधवार शाम को नवाब बाइक पर बैठाकर अंकित को शराब के ठेके पर ले गया। इसके बाद दोनों ने गांव के बाहर एक खाली प्लॉट में शराब पी। देर शाम को शराब खत्म हो गई। इसके बाद दोनों में दोबारा शराब लाने के लिए रुपये को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नवाब ने अंकित के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। दिव्यांग होने के कारण अंकित अपना बचाव नहीं कर सका। अंकित को गंभीर रूप से घायल कर नवाब फरार हो गया। सिर से रक्त का अधिक रिसाव हो जाने के कारण अंकित की मौत हो गई। युवक की हत्या के बाद गांव में तनाव है। प्रकरण अलग-अलग समुदाय का होने का कारण तनाव की स्थिति बनी हुई है। एहतियातन गांव में पीएसी की दो कंपनी तैनात कर दी गई हैं।

## गांजे के साथ दो महिला तस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा, । सेक्टर-63 पुलिस ने दिल्ली से गांजा लाकर नोएडा के अलग-अलग हिस्से में उसकी आपूर्ति करने वाली दो महिला तस्कर को छिजारसी से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से दो किलो आठ सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। महिलाओं की पहचान मुरादाबाद निवासी मुमताज और बरेली निवासी चांदनी के रूप में हुई है। मुमताज के खिलाफ गाजियाबाद और नोएडा के अलग-अलग थाने में सात केस दर्ज हैं। उसके खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। चांदनी का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। मुमताज 2018 से गांजे की तस्करी कर रही है, जबकि चांदनी गिरोह की नई सदस्य है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे दिल्ली से गांजा लाती हैं और गाजियाबाद व नोएडा में उसकी आपूर्ति कर तीन गुना मुनाफा कमाती हैं। मुमताज के कई पुरुष साथी भी गांजे की तस्करी में संलिप्त हैं। पुलिस उनकी जानकारी जुटा रही है। मुमताज और चांदनी गांजे की आपूर्ति कॉलेजों के पास व झुग्गियों में करती हैं। पुलिस को दोनों से नियमित गांजा लेने वाले कुछ ग्राहकों की जानकारी भी मिली है।

## फरीदाबाद : यूपी से चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार




प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंकिंग एंड ड्राइविंग के तहत चेकिंग के दौरान एक युवक को यूपी से चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गुरुवार रात्रि बडखल चौक पर मौजूद टीआई सेंट्रल इंस्पेक्टर दर्पण, चौक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर कैलाश, सिपाही रविन्द्र और होमगार्ड प्रशांत व ललित वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी उन्होंने बाइक सवार एक शख्स को रोका गया जिसको एल्को सेंसर से चेक किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान उसकी होंडा बाईक का नंबर चालान मशीन में फीड किया गया तो पाया कि यह बाईक चोरी की है और थाना कोतवाली नगर, एटा में वर्ष 2016 मार्च को चोरी का मुकदमा दर्ज है। चोरी की बाइक सहित आरोपी को काबू किया गया। डीसीपी जसलीन कौर और टीआई सेंट्रल इंस्पेक्टर दर्पण कुमार ने चोरी की बाईक की सुचना थाना प्रबंधक कोतवाली नगर एटा को दी। पता लगा की किदवई नगर, एटा निवासी फारूक कि शिकायत पर थाना कोतवाली मे शुक्ला मैरिज गार्डन के सामने से हुई चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। डीसीपी जसलीन कौर ने पुलिस कर्मियों को शाबाशी दी। काबू किए आरोपी को पूछताछ के लिए बाईक सहित क्राइम ब्रांच के हवाले किया गया है। आरोपी यूपी का रहने वाला है और वर्तमान में पिछले 7/8 महीने से तिलपत फरीदाबाद में रह रहा है और किसी वर्कशाप में कार्यरत है।

## फरीदाबाद:मुठभेड़ के बाद लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, । करीब एक सप्ताह पूर्व गांव करनेरा में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों द्वारा परिवार वालों को बंधक बनाकर लूट मामले में अपराध शाखा एवीटीएस पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। मामले में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार तडके पुलिस टीम को गांव करनेरा में हुई लूट की वारदात में शामिल आरोपी वीरेंद्र व विनीत की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर अपराध शाखा एवीटीएस फरीदाबाद प्रभारी सुंदर ने अपनी टीम के साथ गाँव नाचोली रेलवे लाइन के पास नाका बंदी की जहा पर एक मोटर साइकिल पर दोनों आरोपी आए और पुलिस टीम को देख कर कच्चे रास्ते से भागने लगे, जिसपर पुलिस टीम ने पीछा किया जो थोडी दूर आगे चलकर दोनों मोटर साइकिल सहित गिर गये और फिर पुलिस पार्टी पर जान से मारने के नियत से सीधा फायर किया, जिसपर जवाबी कार्यवाही में विनीत निवासी रामनगर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश को पैर में गोली लगी तथा दूसरा आरोपी वीरेंद्र निवासी उत्तर प्रदेश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। घायल विनित को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान विनित के पास से डॉक्टर को 2 जिंदा रोंद, 50000/-रु व एक सोने की चेन मिली, जिसको कब्जा पुलिस में लिया। आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिसकी स्थिति सामान्य है, उपचार उपरांत गहनता से पूछताछ की जाकर कार्यवाही की जाएगी। मौका से अवैध हथियार व खोल तथा मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। रिकॉर्ड अनुसार मोटरसाइकिल दिल्ली से चोरी होनी पाई गई है। अपराधिक रिकॉर्ड से ज्ञात हुआ है कि आरोपी पर उत्तर प्रदेश के हापुड व मेरठ में लूट व अवैध हथियार के 6 मामले दर्ज है। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी को पुलिस चौकी सिकरोना में नवीन निवासी गांव करनेरा ने दी अपनी शिकायत में बतलाया कि 3/4 जनवरी की रात्रि समय करीब 12 बजे 6 व्यक्ति हथियारों सहित घर मे घुस आए और जान से मारने का भय दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस प्रवक्ता आगे बतलाया कि मामले में 4 आरोपी सोनू, बबलू, आकाश व राहुल को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## हेलमेट न पहनने पर 26 जनवरी से पेट्रोल नहीं मिलेगा

नोएडा, । नोएडा और ग्रेटर नोएडा के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिला प्रशासन ने इस बारे में परिवहन आयुक्त के आदेश को दस जनवरी को लागू कर दिया। यदि दोपहिया वाहन पर सवारी भी बैठी है तो उसका भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने आदेश के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के लिए ह्यनो हेलमेट0 नो फ्यूल की रणनीति लागू की गई है। प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया था, जिसे जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप संचालकों को एक हफ्ते के भीतर पंपों पर लोगों को इसकी जानकारी देने और जागरूक करने के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने का समय दिया गया है। सभी पेट्रोल पंप संचालक परिसर में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय करें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन टीम पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण भी करेगी। यदि कहीं पर भी आदेश का उल्लंघन होता मिलेगा तो इसकी रिपोर्ट डीएम को दी जाएगी। डीएम की ओर से जो भी कार्रवाई के आदेश होंगे, उसका पालन किया जाएगा। बता दें कि जिला प्रशासन की ओर से पहले भी बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने आदेश लागू किया गया था, लेकिन उसका पालन नहीं होता है। पेट्रोल पंपों पर कई लोग बिना हेलमेट दोपहिया वाहन में पेट्रोल डलवाते दिखते हैं।

## फरीदाबाद : ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान, नहीं हुई पहचान

फरीदाबाद, । फरीदाबाद जिले में नीलम फ्लाईओवर के नीचे से गुजरती रेलवे लाइन पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। एक 28-30 वर्षीय युवक ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। चश्मदीद के अनुसार जब वह शौच के लिए जा रहा था, तभी अचानक युवक को ट्रेन के सामने कूदते देखा। ट्रेन की गति और निकटता के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। जीआरपी एएसआई चेतराम ने बताया कि थाना प्रभारी राजपाल से सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान और पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल शवगृह में रखवाया। एएसआई चेतराम ने बताया कि शव की पहचान नहीं होने तक उसे 72 घंटे शवगृह में रखा जाएगा। यदि पहचान नहीं होती, तो पोस्टमॉर्टम के बाद सरकारी खर्च पर अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। जीआरपी पुलिस परिजनों की तलाश कर रही है। शव की पहचान होने पर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मृतक के पास से कोई ऐसे सबूत नहीं मिले हैं, जिससे उसकी पहचान हो सके या आत्महत्या की वजह का पता चल सके। मृतक ने हरे रंग की जैकेट, छापेदार शर्ट, सफेद बनियान, नीले रंग की जींस और काले जूते पहने हुए थे।

## जेवर में कृषि भूमि बेचने का झांसा देकर 10 लाख हड़पे

ग्रेटर नोएडा, । जेवर तहसील क्षेत्र के फलैदा खादर गांव में कृषि भूमि बेचने का झांसा देकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने जमीन की फर्जी खतौनी दिखाकर 10 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद से आरोपी फरार हैं। मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हरियाणा फरीदाबाद निवासी ब्रह्म प्रकाश गोयल ने न्यायालय को बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी मुलाकात अजीत रावत से हुई। अजीत रावत ने बताया कि जेवर तहसील क्षेत्र के फलैदा खादर गांव में उसकी कुछ जमीन है। उसने जमीन की सत्यापित खतौनी दिखाई। इसके बाद एक करोड रुपये में जमीन का सौदा तय हो गया। ब्रह्म प्रकाश ने आरोपी और उसके साथी द्वारा बताई गई कुछ महिलाओं के नाम दो-दो लाख रुपये बतौर बयान दे दिए। पीड़ित ने कुल मिलाकर 10 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बाद पीड़ित को पता चला कि जिस जमीन की खतौनी आरोपी ने दिखाई, वह उसके नाम पर दर्ज नहीं है। पीड़ित ने आरोपियों से संपर्क किया तो वह इधर-उधर की बात करने लगे। पीड़ित को पता चला कि आरोपी भूमाफिया गिरोह से जुड़कर इसी तरह लोगों को जाल में फंसाकर ठगी कर रहे हैं। इसकी शिकायत पीड़ित द्वारा पुलिस से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने आरोपी अजीत रावत, उसके साथी सुदेश, महिला शिवानी, चंद्र मोहनी, रजनी और मोहनी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## फरीदाबाद : डोडा पोस्त उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

फरीदाबाद, । अपराध शाखा सेंट्रल पुलिस टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ धरपकड़ का अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में पिछले दिनों डोडा पोस्त सहित पकड़े गए युवक की निशानदेही पर पुलिस ने डोडा पोस्त उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि 9 दिसंबर को अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने हरिशपाल को चार किलो 354 ग्राम चूरा डोडा पोस्त सहित काबू किया था, जिसके विरुद्ध थाना आदर्श नगर में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी ने पूछताछ बतलाया कि विमल से चूरा डोडा पोस्त खरीद कर लेकर आया था। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा टीम ने आरोपी विमल निवासी आसपुर, बरेली हाल जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि 4 किलो 354 ग्राम चूरा डोडा पोस्त हरिशपाल को दस हजार रुपये में बेचा था। आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड जांच ने पर पाया कि आरोपी पर पूर्व में भी नशा तस्करी के 3 मामले फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# चौंक गया था जब मेरे पिता ने कहा कि वह कहो ना प्यार है मेरे साथ बना रहे हैं: ऋतिक रोशन



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने बताया कि जब उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें कहा कि वह उनके साथ ह्यकहो ना प्यार है बनाएंगे तो वह दंग रह गए थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह फिल्म शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जैसे बड़े सितारों के लिए लिखी जा रही है। राकेश रोशन द्वारा निर्देशित,कहो ना प्यार है2000 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म से ऋतिक रोशन के करियर की शानदार शुरूआत हुई थी। ऋतिक की फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल की यात्रा का जश्न मनाने के लिए, इस फिल्म को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। बृहस्पतिवार शाम को एक विशेष फैन स्क्रीनिंग में देश भर से प्रशंसक इस लोकप्रिय फिल्म को देखने के लिए एकत्रित हुए। इस फिल्म में अमीषा पटेल भी थीं। एक संवाद सत्र के दौरान ऋतिक ने फिल्म की कास्टिंग के बारे में बात की। राकेश रोशन के साथ बतौर सहायक निर्देशक ह्यकिंग अंकल,करण-अर्जुन और कोयला में काम कर चुके ऋतिक रोशन ने बताया कि जब उनके पिता इस फिल्म की कहानी लिख रहे थे, उस समय उन्होंने अपने पिता से कहा कि इस भूमिका के लिए कोई भी अभिनेता उपयुक्त नहीं है। ऋतिक रोशन ने बताया,तब मेरे पिता ने कहा कि वह मेरे साथ यह फिल्म बना रहे हैं, तो मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। उन्होंने बताया कि शुरूआत में मुझे लगा कि यह कहानी शाहरुख खान, आमिर खान या सलमान खान जैसे बड़े सितारों के लिए लिखी जा रही है। उन्होंने बताया,मैंने कहा, पापा, इनमें से कोई भी अभिनेता इस फिल्म के लिए ठीक नहीं रहेगा। मैंने उन्हें उनकी पहली फिल्मों में यह सब करते देखा है। इस पर उन्होंने कहा,चुप रहो। मैं यह फिल्म तुम्हारे साथ बना रहा हूं। तो हां, यह थोड़ा चौंकाने वाला था। शुक्रवार को 51 साल के हुए ऋतिक ने कहा कि यह सुनने के बाद वह अपने कमरे में चले गए और सोचने लगे कि कैसे मैं ये सब कर पाउंगा। ऋतिक ने याद करते हुए बताया,पापा आए और दरवाजा खटखटाया। उन्होंने पूछा, क्या हुआ? मैंने कहा, कुछ नहीं। इसके बाद वह बोले,चार महीने में तैयार हो जाओ। मैंने उनसे कहा,मुझे छह महीने चाहिए। और इस तरह शुरूआत हुई। इन वर्षों में, कभी खुशी कभी गम, कोईङ्क मिल गया,लक्ष्य,धूम 2,जोधा अकबर,क्रिश, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा,सुपर 30 और वॉर जैसी फिल्मों में प्रशंसित अभिनय के साथ, ऋतिक ने हिंदी सिनेमा में सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें इस फिल्म पर हमेशा गर्व रहेगा और उनका मानना है कि यह कभी पुरानी नहीं होगी।

# जिम में चोट लगने से घायल हुईं रश्मिका मंदाना



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, ।एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना, हाल ही में जिम में चोट का शिकार हो गईं, जिससे उनके बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की शूटिंग फिलहाल रोकनी पड़ी है। रश्मिका को डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वह पूरी तरह से ठीक होने के लिए थोड़ा आराम करें। इसके बाद ही वह अपने बिजी शेड्यूल पर लौट सकती हैं। रश्मिका की चोट ने उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ा दी है, लेकिन ताजा अपडेट्स बताते हैं कि वह जल्द ठीक होने की राह पर हैं और जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगी। रश्मिका मंदाना के एक करीबी सूत्र ने कहा, रश्मिका को हाल ही में जिम में चोट लगी थी और वह आराम करके ठीक हो रही हैं। हालांकि, इस वजह से उनकी आने वाले प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कुछ समय के लिए रुक गई है। अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हैं और जल्द ही सेट पर वापसी करेंगी। रश्मिका, जिन्होंने एनिमल और पुष्पा फ्रेंचाइज के मौजूदा कलेक्शंस के साथ कुल 3096 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिया है, लगातार अपनी मेहनत और सकारात्मकता से अपने फैंस को प्रेरित करती रही हैं। हिट फिल्मों की इस सीरीज ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया है। हालांकि, शूटिंग का यह ब्रेक सिर्फ कुछ समय के लिए है, लेकिन फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि रश्मिका पहले से भी ज्यादा मजबूती और जोश के साथ वापसी करेंगी और अपनी खास अदाओं और एनर्जी से फिर से स्क्रीन पर धमाल मचाएंगी।

# भसड़ मचाने आ रहे हैं शाहिद कपूर, देवा के फर्स्ट सॉन्ग का टीजर हुआ रिलीज

मुंबई,। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स अपनी अपकमिंग फिल्म देवा के फैंस के लिए हर अपडेट के साथ एक बेहतरीन अनुभव देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. पोस्टर्स, टीजर्स से लेकर गाने की धमाकेदार घोषणा तक, उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खीच रखा है. ऐसे में अब फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट ने एक नया लेवल छू लिया है, क्योंकि ह्यभसड़ मचा का टीजर रिलीज हो चुका है, जो इस साल का सबसे बड़ा हिट होने वाला है.चीजों को और भी ज्यादा इलेक्ट्रीफाइंग बनाने के लिए, शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े दुबई में ओपनिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर आग लगाने के लिए तैयार हैं, जहां फैंस को आने वाली शानदार चीजों की झलक देखने मिलेंगी. लेकिन, फिलहाल हम उस हाई-वोल्टेज टीजर में डूबे हुए हैं, जो हर किसी की जुबां पर है. टीजर में शाहिद कपूर पूरी तरह से जोश में नजर आ रहे हैं, और ये बिलकुल साफ है कि उनके पास वो सब कुछ है, जो दर्शकों को चाहिए. उनके स्वैग से लेकर उनके डांस मूव्स तक, शाहिद यहां हैं आपको पहले से कहीं ज्यादा एंटरटेन करने के लिए.उनकी डांस परफॉर्मेंस आपको उठकर थिरकने के लिए मजबूर कर देगी. एनर्जी की बात करें तो, वो बिलकुल शानदार है।

# उरुग्वे में पति के साथ छुट्टियां मना रही प्रीति जिंटा



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, ।आजकल बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा अपने पति जीन गुडइनफ के साथ उरुग्वे में छुट्टियां मना रही हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरों में प्रीति और जीन बीच पर पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो क्लिप में प्रीति ने उरुग्वे के पुंटा डेल एस्टे के खूबसूरत नजारों को भी दिखाया, जो बेहद आकर्षक थे। इसके अलावा, प्रीति ने कुछ फूलों, होटल की प्राचीन वस्तुओं और स्वादिष्ट खाने की तस्वीरें भी शेयर की। इन सबके बीच, आखिरी तस्वीर में प्रीति और जीन एक रेस्तरां में बैठे हुए थे, जहां अभिनेत्री सेल्फी ले रही थीं। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में कुछ दिल और बुरी नजर वाले इमोजी भी डाले और बैकग्राउंड में निक जोनास का गाना दिस इज हेवन भी जोड़ा। प्रीति ने अपनी पोस्ट के जरिए अपने फैंस को अपने परिवार के साथ बिताए गए खास लम्हों की झलक दी। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने और जीन ने 2024 का स्वागत पेरू में किया था, जहां उन्होंने इंका ट्रेल पर पैदल यात्रा की और कई नई जगहों का दौरा किया, जिनकी तस्वीरें भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की। कैप्शन में उन्होंने लिखा,जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मैं सोच रही थी कि हमने पेरू में नए साल का कैसे स्वागत किया। यह एक एक्शन से भरपूर साल था, जिसमें मैंने लंबे समय बाद एक फिल्म की शूटिंग की। वहीं, प्रीति जिंटा के फैंस को जल्द ही उनकी आगामी फिल्म लाहौर 1947 में सनी देओल के साथ देखने का मौका मिलेगा, जिसे राजकुमार संतोषी निर्देशित कर रहे हैं।

# रंधावा ने किया टी-सीरीज के साथ चल रहे कॉपीराइट विवाद का खुलासा



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, ।हाल ही में बालीवुड सिंगर गुरु रंधावा ने टी-सीरीज के साथ चल रहे कॉपीराइट के विवाद का खुलासा किया है। गायक ने दावा किया कि पिछले डेढ़ साल से वह इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए थे, लेकिन अब समय आ गया है कि वह इसके बारे में खुलकर बात करें। यह विवाद तब सामने आया जब एक यूजर ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर दावा किया कि टी-सीरीज गुरु रंधावा को स्वतंत्र रूप से काम करने या किसी अन्य म्यूजिक लेबल के साथ काम करने से रोकने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही, एक स्क्रीनशॉट भी साझा किया गया, जिसमें यह दिखाया गया था कि टी-सीरीज म्यूजिक के द्वारा कॉपीराइट का दावा करने के कारण गुरु के एक वीडियो को हटा दिया गया था। गुरु रंधावा ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बड़े लोग बड़े समस्याओं का सामना करते हैं। यह समस्या कुछ ही दिनों में सुलझ जाएगी और हम पहले से भी ज्यादा मजबूत होकर वापस आएंगे। उन्होंने आगे कहा, इस साल म्यूजिक और फिल्मों से भरा हुआ होगा। हम बस तैयारी कर रहे हैं। मैं इन समस्याओं पर ज्यादा बात नहीं करता, लेकिन हां, अब समय आ गया है कि आपको बताऊं कि पिछले डेढ़ साल से क्या हो रहा है। लेकिन, उम्मीद है कि यह हल हो जाएगा और सब कुछ अच्छे तरीके से सुलझ जाएगा। गुरु ने अंत में हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, तब तक, प्यार फैलाओ। भगवान सबसे बड़े हैं ।गुरु रंधावा 2024 में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ मिलकर कई हिट गाने रिलीज कर चुके हैं, जिनमें रिच लाइफ (रिक रॉस के साथ) और एडिक्टेड शामिल हैं।

# बिपाशा ने पति करण और बेटी देवी के साथ लगाए उम्मीद के पौधे



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। अभिनेत्री बिपाशा बसु ने अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ मिलकर सभी के लिए खुशी और उम्मीदके पौधे रोपे, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर दिखाई। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेत्री बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह परिवार के साथ पौधे लगाती नजर आईं। पौधे के साथ उन्होंने एक कार्ड भी लगाया, जिस पर लिखा था, अस्तित्व को कृतज्ञता, करुणा, प्रेम, खुशी और उम्मीद से भरने के लिए धन्यवाद। साझा किए गए वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा,हम सभी की खुशी और उम्मीद के लिए पौधे लगाना। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करती रहती हैं और प्रशंसकों को अक्सर नए झलक दिखाती रहती हैं। अभिनेत्री पति और बेटी के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक क्लिप डाली, जिसमें देवी समंदर किनारे बीच पर खेलती नजर आईं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर क्लिप को फिर से साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, यह बहुत प्यारा है! छोटी सी एंजल के लिए एड-ए-मम्मा को चुनने के लिए धन्यवाद। (एड-ए-मम्मा आलिया भट्ट के ब्रांड का नाम है।) बिपाशा बसु के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार वेब सीरीज डेंजरस में नजर आई थीं। सीरीज का निर्देशन भूषण पटेल ने किया था और कहानी को विक्रम भट्ट ने तैयार किया था। डेंजरस में बिपाशा के साथ करण सिंह ग्रोवर, सोनाली राउत, नताशा सूरी और सुयश राय भी महत्वपूर्ण भूमिका में थे। इस सीरीज का प्रीमियर 2020 में एमएक्स प्लेयर पर हुआ था। वहीं, बिपाशा बसु के पति और अभिनेता करण सिंह ग्रोवर एक्शन थ्रिलर फाइटर में नजर आए थे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी एक्शन फिल्म में करण सिंह के साथ ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे।

# मेकर्स ने जारी किया पुष्पा 2 का एक्सक्लूसिव मेकिंग वीडियो




मुंबई,। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2: द रूल के मेकर्स ने इस फिल्म का एक्सक्लूसिव मेकिंग वीडियो जारी किया है। पुष्पा 2: द रूल को रिलीज हुये 36 दिन हो गये हैं। इसके बाद भी यह फिल्म सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। इस अभूतपूर्व सफलता के बीच, मेकर्स ने इस फिल्म की मेकिंग का एक एक्सक्लूसिव बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो जारी किया है, जो इस सिनेमा की मास्टरपीस के पीछे की मेहनत और क्रिएटिविटी को दिखाता है। टी-सीरीज ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, प्रस्तुत है भारतीय सिनेमा का इंडस्ट्री हिट - पुष्पा 2: द रूल (मेकिंग)!! बीटीएस वीडियो में निर्देशक सुकुमार और मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के बीच की महत्वपूर्ण बातचीत भी दिखाई गई है। मेकर्स ने दर्शकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए फिल्म की अद्भुत सफलता और प्यार के लिए धन्यवाद दिया है। फिल्म ने विश्वभर में ग्रास 1831 करोड़ से अधिक की शानदार कमाई कर ली है। पुष्पा 2: द रूलका निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स के बैनर तले हुआ है ।यह फिल्म पांच दिसंबर 2024 को रिलीज हुई थी।

# रिलीज हुई रीचर सीजन 3 का धमाकेदार ट्रेलर, इस तरह आगे बढ़ेगी शो की कहानी




प्रात: किरण,/ एजेसी

लॉस एंजेलिस,। प्राइम वीडियो ने रीचर सीजन 3 का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है. ये सीरीज आठ एपिसोडस की होगी. जिसके एपिसोड वीकली अपलोड किए जाएंगे। शो के पहले तीन एपिसोड 20 फरवरी 2025 को आएंगे. इसके बाद हर गुरुवार को नए एपिसोड अपलोड होंगे. ये सिलसिला 27 मार्च 2025 तक जारी रहेगा. ये सीरीज 240 से ज्यादा देशों में प्रसारित होगी. आपको बता दें कि रीचर का दूसरा सीजन साल 2023 में प्राइम वीडियो पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बना था. अब तीसरे सीजन के भी सफल होने की पूरी उम्मीदों के बीच शो के चौथे सीजन की अटकलें भी तेज हो गई हैं. खबर है चौथे सीजन की शूटिंग इसी साल शुरू होगी।

## ऐसे आगे बढ़ी कहानी

रीचर सीजन 3 ली चाइल्ड के नॉवेल पेर्सुअदर पर बेस्ड है. इस सीजन में जैक रीचर एक बड़े क्रिमिनल नेटवर्क से दुश्मनी मोल लेता है। इस दौरान वो एक अंडरकवर डीईए इनफॉर्मेंट को बचाने की कोशिश करता है। लेकिन इस मिशन के दौरान उस के पास वक्त की बहुत कमी है। इस मिशन के दौरान रीचर का सामना कई तरह के राज से होता है. साथ ही उसे वॉयलेंस का सामना भी करना पड़ता है। इस सीजन में एलन रिचसन, जैक रीचर के लीड रोल में ही नजर आऐंगे. मारिया स्टेन भी फिर से फ्रांसेस नीगली की भूमिका निभाएंगी। इस के अलावा एंथनी माइकल हॉल, सोन्या कैसिडी, ब्रायन टी, जॉनी बर्चटोल्ड, रॉबर्ट मोंटेसिनोस, ओलिवियर रिचटर्स, डेनियल डेविड स्टीवर्ट भी शो में नजर आएंगे।

## एमी नॉमिनेटेड राइटर का साथ

इस सीरीज को निक सैंटोरा ने लिखा है। जो फुबर और प्रिजन ब्रेक के लिए एमी अवॉर्ड के लिए भी नॉमिनेट हो चुके हैं. सैंटोरा इस शो के शोरनर और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। उनके साथ ली चाइल्ड, एलन रिचसन, डॉन ग्रेंजर, स्कॉट सुलिवन, मिक बेटनकोर्ट और स्कायडांस के डेविड एलिसन, डाना गोल्डबर्ग और मैट थुनेल भी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम कर रहे हैं. स्कायडांस टेलीविजन के लिए कैरोलिन हैरिस और केनी मैड्रिड एग्जीक्यूटिव्स-इन-चार्ज हैं।

# ऋतिक रोशन ने सुजैन खान-सबा के साथ मनाया जन्मदिन का जश्न



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहे जाने वाले मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन ने अपना 51वां जन्मदिन पूर्व पत्नी और खास दोस्त सबा आजाद संग मनाया। सुजैन खान के भाई जायद खान ने सोशल मीडिया पर जश्न की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ सुजैन खान और खास दोस्त सबा आजाद समेत अन्य दोस्त नजर आए। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेता जायद ने इंस्टाग्राम पर ऋतिक को शुभकामनाएं देते हुए माना कि वो हमेशा उन्हें गाइड करते रहे हैं। शेयर की गई तस्वीर में जायद खान के साथ ऋतिक रोशन, सुजैन खान, उनके प्रेमी अर्सलान, सबा आजाद और कुछ दोस्त नजर आए। जायद खान ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मेरे भाई, एक ऐसे शख्स को, जिसकी मैं बहुत प्रशंसा करता हूं! जिसकी इच्छा शक्ति कमाल की है। अभिनेता ने आगे लिखा,वह हमेशा से मेरे लिए एक ईमानदार गाइड रहे हैं। जिनकी सलाह मैं हमेशा लेता हूं और गहराई से आत्मनिरीक्षण करता हूं। मेरे भाई आपका आने वाला साल और भी कमाल का रहे, आप और भी शाइन करें। आपको बहुत सारा प्यार। हमेशा ऐसे बने रहो! बता दें, ऋतिक और सुजैन बचपन के दोस्त रहे हैं, इसके बाद दोनों में प्रेम हो गया और उन्होंने साल 2000 में शादी कर ली। हालांकि, शादी के 14 साल बाद दोनों अलग हो गए। ऋतिक और सुजैन के दो बेटे हैं। वहीं, जायद खान के बारे में बता दें कि वह दिग्गज अभिनेता संजय खान के बेटे हैं। उन्होंने साल 2003 में रिलीज हुई चुरा लिया है तुमने से करियर की शुरूआत की थी। जायद, शाहरुख खान, अमृता राव और सुष्मिता सेन के साथ मैं हूं ना में भी काम कर चुके हैं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। यह फिल्म उनके करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इसके बाद उन्हें वादा,शब्द, दस और शादी नंबर 1 जैसी फिल्मों में काम किया। जायद खान ने 2006 में आई सोहेल खान की एक्शन मल्टी-स्टारर फाइट क्लब - मेंबर्स ओनली में भी काम किया था। इसके बाद वह रॉकी द रिबेल में दिखाई दिए। अभिनेता कैश,स्पीड, ह्यमिशन इस्तांबुल,युवराज, ब्लू में भी दिखे। अभिनेता ने साल 2011 में प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस का नाम बॉर्न फ्री एंटरटेनमेंट रखा है।

# कुछ खटास के बावजूद मजबूत रहा शत्रुघ्न और अमिताभ का रिश्ता

प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। लोकप्रिय अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और अमिताभ बच्चन ने लगभग एक ही समय पर अपने करियर की शुरूआत की थी। शत्रुघ्न सिन्हा फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख चुके थे, जबकि अमिताभ बच्चन ने उन दिनों संघर्ष का सामना कर रहे थे। इस दौरान उनकी दोस्ती मजबूत हुई, और वे एक-दूसरे के करीबी मित्र बन गए। जब शत्रुघ्न सिन्हा अपनी फिल्मी पहचान बना रहे थे और अमिताभ बच्चन को संघर्षों का सामना करना पड़ रहा था, तब इन दोनों के बीच की दोस्ती काफी प्रगाढ़ थी। दोनों ने एक-दूसरे की मदद की और फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए एक-दूसरे का समर्थन किया। दोनों ने साथ में कई हिट फिल्मों में काम किया जैसे बॉम्बे टू गोवा, दोस्ताना, काला पत्थर, नसीब और शान जैसी शानदार फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा। इन फिल्मों के बाद दोनों ने सुपरस्टार का दर्जा प्राप्त किया और बड़े पर्दे पर एक अद्भुत तालमेल दिखाया। लेकिन, जैसे ही दोनों का करियर उचाईयों पर पहुंचा, उनके रिश्तों में कुछ खटास आ गई। शत्रुघ्न सिन्हा ने हाल ही में इस बारे में बात करते हुए कहा कि हर दोस्ती में उतार-चढ़ाव आते हैं और ऐसा किसी भी रिश्ते में हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह दोस्ती में प्रतिस्पर्धा, सितारों के प्रशंसक और उनके ह्यचमचोंह्न के कारण हो सकता है। हालांकि, जब यह खटास खत्म हो गई, तो दोनों ने एक दूसरे को फिर से समझा और उनके रिश्ते में सुधार हुआ।

# रामायण द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा का ट्रेलर जारी




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसने फैंस और सिनेमा लवर्स में उत्साह की लहर है ।यह फिल्म हिन्दुओं के धर्मग्रंथ वाल्मीकि की रामायण पर आधारित एक विजुअल मास्टरपीस है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और युद्ध दृश्यों को दिखाया गया है, जो दर्शकों को अयोध्या, जहां प्रिंस राम का जन्म हुआ, मिथिला, जहां उन्होंने सीता से विवाह किया, पंचवटी का जंगल, जहां राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास बिताया और लंका, जहां भगवान राम और रावण के बीच ऐतिहासिक युद्ध हुआ, इन सभी स्थानों को दिखाया है। ये सब कुछ खूबसूरती से जापानी एनीमे स्टाइल में पेश किया गया है। युगो साको की सोच और कोइची सासाकी और राम मोहन के निर्देशन में बनी ये फिल्म एक खास भारत-जापान का मिलाजुला प्रोजेक्ट है, जिसमें 450 से ज्यादा आर्टिस्ट्स ने करीब एक लाख हाथ से बने सेल्स का इस्तेमाल किया है। इसका रिजल्ट एक ऐसा विजुअल मास्टरपीस है, जो जापानी कला की खासियत और भारत की पुरानी कहानी कहने की ट्रेडिशन का शानदार कंबीनेशन है। ये फिल्म पहली बार 4ङ में 24 जनवरी 2025 को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसे गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट के जरिए थिएट्रिकली डिस्ट्रीब्यूट किया जाएगा।

# अरिजीत के तू हर लम्हा गाने पर गुरमीत ने देबिना संग किया रोमांस

मुंबई,। टीवी और फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता गुरमीत चौधरी ने एक वीडियो साझा की, जिसमें वह अरिजीत सिंह के गाने ह्यतू हर लम्हाह्न पर पी देबिना बनर्जी के साथ रोमांस करते नजर आए। गुरमीत चौधरी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं और प्रशंसकों को अपने हर एक नए और खूबसूरत पोस्ट से रूबरू कराते रहते हैं।

# सराफा बाजार में लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। घरेलू सराफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 350 रुपये से लेकर 380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति



10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने इंदौर में 24 एकड़ जमीन खरीदी; 500 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद

नई दिल्ली,। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने आवासीय भूखंड विकसित करने के लिए इंदौर में 24 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। उसे इस आगामी परियोजना से करीब 500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने इंदौर में करीब 24 एकड़ जमीन खरीदी है। हालांकि, उसने जमीन की कुल कीमत का खुलासा नहीं किया। कंपनी सूचना के अनुसार, इस परियोजना से करीब 500 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। इस भूमि पर विकास कार्य में मुख्य रूप से प्रीमियम प्लॉटेड आवासीय इकाइयां शामिल होंगी और अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्रफल लगभग 6.20 लाख वर्ग फुट होगा। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गौरव पांडे ने कहा कि कंपनी ने इस भूमि अधिग्रहण के साथ इंदौर में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। इंदौर-उज्जैन रोड पर जुलाई 2024 में 46 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने के बाद यह इंदौर में कंपनी का दूसरा अधिग्रहण है। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

### एसईसीआई की संचयी स्वीकृत अक्षय ऊर्जा क्षमता हुई 73 गीगावाट से अधिक

नई दिल्ली,। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए संचयी आवंटित क्षमता दिसंबर में 73 गीगावाट से अधिक हो गई। देश की प्रमुख अक्षय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसी (आरईआईए) एसईसीआई ने बयान में कहा, वह जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने तथा सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। बयान के अनुसार, एक अग्रणी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के रूप में एसईसीआई भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास तथा विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसकी संचयी उत्पादन क्षमता 31 दिसंबर 2024 तक 73 गीगावाट से अधिक हो गई। इसमें कहा गया, एसईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन के तहत अपने प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट रेटिंग हासिल की है। उसे 100 में से 96 अंक मिले हैं। एसईसीआई को 30 अगस्त 2024 को वित्त मंत्रालय ने नवरत्न का दर्जा भी प्रदान किया था।

### भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र,। भारतीय अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा निवेश का समर्थन मिलेगा। साथ ही, दक्षिण एशिया में आर्थिक वृद्धि इस साल मजबूत रहने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से भारत के मजबूत प्रदर्शन से प्रेरित रहेगी। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति व संभावना 2025 रिपोर्ट में यह बात कही गई जिसे बुधवार को यहां जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया के लिए निकट अवधि का परिदृश्य मजबूत रहने की उम्मीद है, जिसमें 2025 में 5.7 प्रतिशत और 2026 में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। यह भारत में मजबूत प्रदर्शन के साथ-साथ भूटान, नेपाल तथा श्रीलंका सहित कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार से प्रेरित है। भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में फिर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि पर लौटने का अनुमान है।

### चालू वित्त वर्ष में पूंजी बाजार से जुटाई गई राशि 21 प्रतिशत बढ़कर 14.27 लाख करोड़ हो जाएगी: बुच

मुंबई, । भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि शेयर और ऋण साधनों सहित पूंजी बाजारों से जुटाई गई कुल राशि के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 21 प्रतिशत बढ़कर 14.27 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 11.8 लाख करोड़ रुपये थी। बुच ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पिछले नौ महीनों में संस्थाओं ने शेयर से 3.3 लाख करोड़ रुपये और ऋण बाजारों से 7.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जिससे कुल जुटाई गई राशि 10.7 लाख करोड़ रुपये हो गई।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 10 जनवरी (वेब वार्ता)। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण शेयर बाजार में तेजी का रुख बनता हुआ नजर आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी हो रही थी। इस दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टीसीएस, टेक महिंद्रा, विप्रो, इन्फोसिस और नेस्ले के शेयर 3.99 प्रतिशत से लेकर 0.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 2.64 प्रतिशत से लेकर 2.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,351 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 275 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,076 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 25 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 9 शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में




कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 62.38 अंक की बढ़त के साथ 77,682.59 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 77,890.97 अंक तक पहुंच गया। हालांकि पहले 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लाल निशान में गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 417.83 अंक की कमजोरी के साथ 77,202.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 25.40 अंक की तेजी के साथ 23,551.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से पहले 10 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक करीब 70 अंक की मजबूती के साथ 23,596 अंक के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली के कारण निफ्टी गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजेनिफ्टी 147.05 अंक की कमजोरी के साथ 23,379.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 528.28 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,620.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 162.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,526.50 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

# रुपया एक पैसे गिरकर 85.87 प्रति डॉलर

**रुपया गुरुवार को 85.86 पर बंद हुआ था**



प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में एक पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.87 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला, हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से सकारात्मक संकेतों से इसे कुछ समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि साथ ही 20 जनवरी के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए अमेरिकी प्रशासन के प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों की प्रत्याशा के बीच मांग बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.86 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.03 पर रहा।

## सीएस टेक एआई को वैनगंगा-नल नदी जोड़ो परियोजना के लिए महाराष्ट्र सरकार से 381 करोड़ रुपये का मिला ठेका

मुंबई,। सीएस टेक एआई को वैनगंगा-नल नदी जोड़ो परियोजना के लिए महाराष्ट्र सरकार से 381.18 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। अनुमानित 85,000 करोड़ रुपये की लागत वाली नदी जोड़ो परियोजना का उद्देश्य सात जिलों नागपुर, वर्धा, यवतमाल, अमरावती, अकोला, वाशिम और बुलढाणा में जल वितरण चुनौतियों का समाधान करना है। सीएस टेक एआई का पहले नाम सिनेसिस टेक लिमिटेड था। कंपनी ने कहा, उसका कार्य विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना होगा। इसमें सर्वेक्षण, जल विज्ञान अध्ययन व नहरों, पाइपलाइन, सुरंगों, टैंकों और ह्यलिफ्टह्न सिंचाई प्रणालियों जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचे का डिजाइन शामिल होगा। सीएस टेक एआई के प्रबंध निदेशक कौशिक खोना ने कहा,यह पूरे महाराष्ट्र में पानी की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रौद्योगिकी व इंजीनियरिंग में हमारी विशेषज्ञता यह सुनिश्चित करेगी कि परियोजना अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करे।

## जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन तीसरी तिमाही में 2.3 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली,। उद्योगपति सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन 2.3 प्रतिशत बढ़कर 70.3 लाख टन हो गया। जेएसडब्ल्यू स्टील ने बीएसई को दी सूचना में बताया, कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में इस्पात उत्पादन 68.7 लाख टन रहा था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पूर्व परीक्षण (ट्रायल रन) के अलावा भारतीय परिचालन में क्षमता उपयोग 91 प्रतिशत रहा। कंपनी ने कहा,अक्टूबर महीने में डोल्वी स्थित एक ब्लास्ट फर्नेस में अस्थायी रखरखाव कार्य के कारण तिमाही में उत्पादन और क्षमता उपयोग प्रभावित हुआ था, जिसका सामान्य परिचालन नवंबर के पहले सप्ताह में पुनः शुरू हुआ था। जेएसडब्ल्यू स्टील 24 अरब अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत जेएसडब्ल्यू समूह का प्रमुख व्यवसाय है। भारत के अग्रणी व्यावसायिक घरानों में से एक के रूप में जेएसडब्ल्यू समूह का कारोबार ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, सीमेंट, पेंट्स, रियल एस्टेट, परिवहन, रक्षा, खेल और उद्यम पूंजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैला है।

## अदाणी विल्मर के शेयर में सुबह के कारोबार में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली,। अदाणी विल्मर के शेयर में शुक्रवार को सुबह के कारोबार में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर शेयर 9.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 292.05 रुपये पर, जबकि एनएसई पर यह 9.69 प्रतिशत फिसलकर 292.10 रुपये पर आ गया। अदाणी समूह के खुले बाजार में रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी अदाणी विल्मर की 20 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचकर 7,148 करोड़ रुपये जटाने की घोषणा के बाद कंपनी के शेयर में गिरावट आई है। यह कदम समूह की बुनियादी ढांचा कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गैर-प्रमुख कारोबार से बाहर निकलने की रणनीति का हिस्सा है। समूह ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया था, वह 10 जनवरी को (गैर-खुदरा निवेशकों को) और 13 जनवरी को (खुदरा निवेशकों को) 275 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर कंपनी में 17.54 करोड़ शेयर (13.50 प्रतिशत शेयर) बेचेगा। समूह ने पिछले महीने अपनी अधिकांश हिस्सेदारी एक संयुक्त उद्यम साझेदार को बेचकर अदाणी विल्मर से बाहर निकलने की घोषणा कर दी थी। विल्मर फॉर्च्यून ब्रांड का खाद्य तेल, गेहूं का आटा और अन्य खाद्य उत्पाद बनाती है।

## फैबटेक टेक्नोलॉजीज की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों का पैसा डबल

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। बायोटेक सेक्टर के लिए प्री-इंजीनियर्ड और प्री-फैब्रीकेटेड मॉड्यूलर पैनल बनाने वाली कंपनी फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड ने आज लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। घरेलू शेयर बाजार के निगेटिव सेंटीमेंट्स के बावजूद इस कंपनी के शेयर ने आज पहले दिन ही अपने आईपीओ निवेशकों का पैसा डबल कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 85 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर एसएमई सेगमेंट के लिए मैक्सिमम परमीसिबल प्रीमियम 90 प्रतिशत के साथ 161.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 169.57 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को आज पहले दिन ही 99.49 प्रतिशत का मुनाफा हो गया है। फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड का 27.74 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 740.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 224.50 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,485.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 715.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32.64 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने, एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को खरीदने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड की आर्थिक स्थिति पर नजर डालें, तो 2021-22 में कंपनी को 3.60 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इसके अगले साल 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 7.96 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि 2023-24 में कंपनी की कमाई में गिरावट आई, जिसके कारण इसका शुद्ध लाभ घट कर 5.78 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को अभी तक 5.40 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी को 62.23 करोड़ रुपये का रेवेन्यू भी मिल चुका है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का दबाव

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बंद रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,515.69 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं, एशियाई बाजारों में आज लगातार दबाव बना हुआ है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,319.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत उछल कर 7,490.28 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,317.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज लगातार दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार



कर रहे हैं, जबकि इकलौता जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। फिलहाल जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,115.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 160 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,500 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,173.51 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.70 प्रतिशत टूट कर 3,797.10 अंक तक गिर गया है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 426.35 अंक यानी 1.08 प्रतिशत लुढ़क कर 39,178.74 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.08 प्रतिशत फिसल कर 23,061.62 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.10 प्रतिशत टूट कर 2,519.38 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,354.33 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,198.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा: रिपोर्ट

नई दिल्ली,। भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बनाए रखेगा। फ्रैंकलिन टेम्पलटन की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में विकास की गति में सुधार होगा क्योंकि सरकार व्यय में वृद्धि हो रही है और उपभोक्ता का रुख भी सकारात्मक है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था के लिए संरचनात्मक विकास का दृष्टिकोण बहुत हद तक बरकरार है, कई संकेत बताते हैं कि 2024 में मंदी कुछ समय भर के लिए होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, कुल मिलाकर, हमारा मानना है कि भारत कम से कम 2029 तक लगभग 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को आराम से बनाए रख सकता है। आय वृद्धि और मध्यम वर्ग का उदय एक साथ जारी रहने की संभावना है। हमें उम्मीद है कि भारत की धनी और मध्यम वर्ग की आबादी में 400 मिलियन लोगों का विस्तार होगा। विशेष रूप से, भारत के सबसे धनी वर्ग के लोगों की संख्या तीन गुना बढ़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है,हम भारत की वाइब्रेंट डिजिटल अर्थव्यवस्था और इसके लाभार्थियों के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में संरचनात्मक विकास क्षमता पर भी सकारात्मक बने हुए हैं। भारत की आर्थिक वृद्धि 2024 में धीमी हो गई, वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की सालाना आधार पर वृद्धि केवल 5.4 प्रतिशत रही, जो सात तिमाहियों में सबसे कम है। परिणामस्वरूप, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूवार्नुमानों के आधार पर, मार्च 2025 को समाप्त होने वाले पूरे वित्त वर्ष के लिए वृद्धि संभवतः 6.6 प्रतिशत होगी, जो एक साल पहले के 8.2 प्रतिशत से कम होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंदी अस्थायी है, जिसका मुख्य कारण आम चुनाव वर्ष में सरकारी खर्च को स्थगित करना है। गर्मियों के दौरान भारी मानसून की बारिश भी आर्थिक गतिविधियों के लिए एक बड़ी परेशानी साबित हुई। कई हाई-फ्रिक्वेंसी डेटा बिंदु विकास में सुधार के लिए स्थितियों में सुधार दिखा रहे हैं। सितंबर से सरकारी खर्च बढ़ रहा है, यह दशार्ता है कि यह धीरे-धीरे कुछ पहलों, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और ग्रामीण विकास पर अपने खर्च को बढ़ा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारी व्यय और गतिविधियों में तेजी से निजी क्षेत्र में पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। उदाहरण के लिए, निर्माण और इंजीनियरिंग परियोजनाओं के लिए तेजी से मंजूरी मिलने से कंपनियों का निवेश करने और अधिक सक्रिय रूप से काम पर रखने का आत्मविश्वास बढ़ेगा। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए निजी खपत एक प्रमुख चालक के तौर पर काम कर रहा है और यह इस साल की दूसरी छमाही में मजबूत विकास गति दिखा रही है। अगर 2025 में मुद्रास्फीति कम होती है तो खपत वृद्धि को और सपोर्ट मिलना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई के पूवार्नुमानों के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति दर 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 5.7 प्रतिशत से घटकर 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4 प्रतिशत हो जाएगी।

## आशियाना हाउसिंग की अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बिक्री बुकिंग 2.5 गुना होकर 454.31 करोड़ रुपये



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग की अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 2.5 गुना होकर 454.31 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की अक्टूबर-दिसंबर 2023 में बिक्री बुकिंग 173.88 करोड़ रुपये रही थी। रियल एस्टेट कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान आशियाना हाउसिंग की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 935.68 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,362.17 करोड़ रुपये हो गई। दिल्ली स्थित आशियाना देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। वित्त वर्ष 2023-24 में आशियाना हाउसिंग ने 1,798.22 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 11 जनवरी,2025



# उथप्पा ने युवराज का करियर जल्दी समाप्त करने के लिए कोहली को जिम्मेदार ठहराया

प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कैंसर को मात देकर टीम में वापसी करने वाले युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय करियर को जल्दी समाप्त करने के लिए परोक्ष रूप से विराट कोहली को जिम्मेदार ठहराया।
और कहा कि इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिटनेस में कुछ रियायत देने के आग्रह को तत्कालीन भारतीय कप्तान ने नामंजूर कर दिया था।
सफेद गेंद वाले क्रिकेट में भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक युवराज ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम को टी20 और वनडे विश्व कप में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।
वनडे विश्व कप 2011 की खिताबी जीत के बाद उन्हें कैंसर का पता चला जिसका उन्होंने अमेरिका में इलाज कराया।
युवराज ने कैंसर से उबरकर भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में शतक भी लगाया।
लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में लचर प्रदर्शन करने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया।
और फिर उन्होंने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।
उथप्पा ने लल्लनटॉप से कहा, युवी पा (युवराज सिंह) का उदाहरण लें।
उस व्यक्ति ने कैंसर को हरा दिया और वह अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस आने की कोशिश कर रहा था।



उस व्यक्ति ने हमें दो बार विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।
उन्होंने कहा,जब आप कप्तान बनते हैं तब ऐसे खिलाड़ी के लिए कहते हैं कि उसके फेफड़ों की क्षमता कम हो गई है।
जबकि आपने उस खिलाड़ी को संघर्ष करते हुए देखा है।
मुझे किसी ने इस बारे में नहीं बताया लेकिन मैं चीजों का आकलन करता हूं।
उथप्पा ने कहा,आपने उन्हें संघर्ष करते हुए देखा है।
फिर जब आप कप्तान बनते हैं तो फिर आप कुछ मानक तय करके उनका स्तर बनाए रखना चाहते हैं।
लेकिन हर मामले में कुछ अपवाद होते हैं और यहां उस व्यक्ति की बात हो रही है जो अपवाद होने का हकदार था।
उस व्यक्ति ने केवल आपके लिए टूनार्मेंट जीते हैं।
बल्कि कैंसर को भी हराया है।
उथप्पा ने खुलासा किया।
कि युवराज ने फिटनेस टेस्ट में अंक कटौती की मांग की थी।
लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें कोई रियायत देने से इनकार कर दिया।
हालांकि इससे पहले उन्होंने टीम में शामिल होने के लिए।
फिटनेस टेस्ट पास किया था।
उन्होंने कहा,जब युवी ने दो अंक की कटौती के लिए अनुरोध किया।
तो उन्हें यह नहीं मिला।
वह फिटनेस टेस्ट पास करके टीम में आए थे।
लेकिन एक टूनार्मेंट में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया।
और फिर उनकी तरफ कभी गौर नहीं किया गया।
विराट तब कप्तान थे जो कुछ हुआ उनके अनुसार हुआ।
उथप्पा ने कोहली की नेतृत्व शैली के बारे में कहा।
कि वह माई वे और द हाइवे तरह के कप्तान थे।
उन्होंने कहा,मैं विराट की कप्तानी में बहुत अधिक नहीं खेला हूं लेकिन एक कप्तान के रूप में वह माई वे या हाइवे (सब कुछ उनकी मर्जी के अनुसार होना) तरह के कप्तान थे।
यह केवल परिणाम से नहीं जुड़ा है।
बल्कि यह अपनी टीम और साथियों के साथ व्यवहार से भी जुड़ा है।

# डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में जलवा बिखेरेंगे शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, सोनम बाजवा



प्रात: किरण,/ एजेसी

दुबई,। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में 11 जनवरी शनिवार को बॉलीवुड के मेगास्टार शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े और सोनम बाजवा अपना जलवा बिखेरेंगे।
डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 का तीसरा सीजन 11 जनवरी से 9 फरवरी 2025 तक चलेगा। शाहिद, पूजा और सोनम अपने ब्लॉकबस्टर गानों पर शानदार प्रदर्शन के साथ समारोह की शुरूआत करेंगे।
इस अवसर को और भी शानदार बनाने के लिए, प्रसिद्ध बॉलीवुड निमार्ता और अभिनेता जैकी भगनानी और रिधिमा पाठक उद्घाटन समारोह की मेजबानी करेंगे।
उद्घाटन समारोह को लेकर शाहिद कपूर ने आयोजकों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, अगर आप मुझे जानते हैं।
तो आप जानते होंगे कि मुझे क्रिकेट और डांसिंग कितना पसंद है।
और जब ये दोनों चीजें एक साथ आती हैं, तो आप दोनों दुनिया का सबसे अच्छा अनुभव प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं।
यही वजह है कि मैं 11 जनवरी 2025 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं।
बॉलीवुड और क्रिकेट के जश्न के लिए अभी अपने टिकट खरीदें, जिसमें असली क्रिकेट-टेनमेंट की भावना हो।
उद्घाटन की शाम बॉलीवुड के बेहतरीन और टी20 क्रिकेट के शिखर का अनूठा संगम पेश करेगी, जो रिंग ऑफ फायर के नाम से मशहूर डीआईएस की शानदार पृष्ठभूमि में होगा।
सीजन के उद्घाटन के लिए टिकटों की बिक्री शानदार रही है, और डीआईएस में शनिवार की शाम को खास अंदाज में स्टेडियम खचाखच भरा हुआ है।
सीजन की पहली गेंद स्थानीय समयानुसार शाम 7:15 बजे फेंकी जाएगी, जब पिछले साल के ग्रैंड फिनाले के रोमांचक रीमैच में गत चैंपियन एमआई एमिरेट्स का सामना दुबई कैपिटल्स से होगा।
छह डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 फ्रेंचाइजी ने आंद्रे रसेल (अबू धाबी नाइट राइडर्स), सुनील नरेन (अबू धाबी नाइट राइडर्स), एलेक्स हेल्स (डेजर्ट वाइपर्स), शेरफेन रदरफोर्ड (डेजर्ट वाइपर्स), डेविड वार्नर (दुबई कैपिटल्स), रोवमैन पॉवेल (दुबई कैपिटल्स), क्रिस जॉर्डन (गल्फ जायंट्स), शिमरॉन हेटमायर (गल्फ जायंट्स), अकील होसैन (एमआई एमिरेट्स), निकोलस पूरन (एमआई एमिरेट्स), आदिल राशिद (सीजन 2 में शारजाह वॉरियर्स वाइल्डकार्ड पिक) और जॉनसन चार्ल्स (शारजाह वॉरियर्स) जैसे टी20 सुपरस्टार्स को रिटेन किया है।
इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल के महान खिलाड़ी जेसन रॉय (शारजाह वारियर्स) पिछले सीजन में अबू धाबी नाइट राइडर्स के लिए दो बार खेलने के बाद लीग में वापस आ गए हैं।
वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान जेसन होल्डर अबू धाबी नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे, ऑलराउंडर पिछले सीजन में दुबई कैपिटल्स के लिए खेले थे।
इंग्लैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और पाकिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर सूफियान मुकीम भी अबू धाबी नाइट राइडर्स में शामिल हो गए हैं।
इसके अलावा, टिम साउथी (शारजाह वारियर्स), फखर जमान (डेजर्ट वाइपर्स), शाई होप (दुबई कैपिटल्स), लॉकी फर्ग्यूसन (डेजर्ट वाइपर्स), रोस्टन चेस (अबू धाबी नाइट राइडर्स), मैथ्यू वेड (शारजाह वारियर्स), इब्राहिम जादरान (गल्फ जायंट्स) और रोमारियो शेफर्ड (एमआई एमिरेट्स) सीजन 3 में अपना डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

## मोनफिल्स 38 साल की उम्र में अपने 35वें एटीपी फाइनल में पहुंचे

प्रात: किरण,/ एजेसी

ऑकलैंड,। गेल मोनफिल्स शुक्रवार को यहां ऑकलैंड ओपन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में अमेरिका के निशेष बसवारेड्डी को 7-6 (5), 6-4 से हराकर 38 साल 131 दिन की उम्र में पुरुष एलीट टेनिस टूर के फाइनल में पहुंचने वाले 1990 के बाद दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इवो कार्लोविच के पास एटीपी टूर रिकॉर्ड है, जिन्होंने 2019 में 39 साल, 311 दिन की उम्र में पुणे, भारत में फाइनल में जीत हासिल की थी। मोनफिल्स ने स्टैन वावरिंका को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में क्रोएशिया में खेले गए टूनार्मेंट में 38 साल और 124 दिन की उम्र में फाइनल में जगह बनाई थी। कार्लोविच 2017 में 38 साल, 110 दिन की उम्र में डेन बॉश के फाइनल में भी पहुंचे थे। इस रिकॉर्ड में शीर्ष पांच में शामिल अन्य खिलाड़ी रोजर फेडरर (2019 में बेसल में, 38 साल और 80 दिन की उम्र में) और राफेल नडाल (38 साल और 48 दिन की उम्र में 2024 में स्वीडिश ओपन में) हैं। फाइनल में मोनफिल्स का मुकाबला शनिवार को बेल्जियम के ज़िजो बर्ग्स से होगा।

# तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है। मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे। उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा,जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं। समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम की प्रतिष्ठित विरासत को सम्मानित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। उत्सव सप्ताह के दौरान, एमसीए 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों और महावाणिज्यदूत नौकरशाहों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन करेगा। मुंबई क्रिकेट के गुमनाम नायकों के योगदान और प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए, एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा, इसके बाद 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# आईसीसी की टीम चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का लिया जायजा

प्रात: किरण,/ एजेसी




लाहौर,। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पाकिस्तान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार सुबह पांच सदस्यीय टीम ने कराची में नेशनल बैंक स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन स्थल पर चल रहे निर्माण और नवीनीकरण कार्य का आकलन किया। इस दौरान पीसीबी अधिकारियों और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की प्रगति और समयसीमा से अवगत कराया। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने निमार्णाधीन पांच मंजिला इमारत का दौरा किया और विभिन्न खंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया सेंटर सहित स्टेडियम की मुख्य इमारत की सुविधाओं का मूल्यांकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधाओं का जायजा लिया और दीवारों पर प्रदर्शित अभिलेखों की जांच की और तस्वीरें खींचीं। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी इमारत के ड्रेसिंग रूम, चेयरमैन बॉक्स और पीसीबी गैलरी का निरीक्षण किया और तस्वीरें लीं। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल का चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के जायजा लेने का यह चौथा दौरा है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 19 फरवरी को नेशनल बैंक स्टेडियम में होगा। पहला मैच उसी दिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। स्टेडियम टूनार्मेंट में तीन मैच खेले जाने है।

# इंजमाम, मिस्बाह, मुश्ताक और अनवर पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल

प्रात: किरण,/ एजेसी



लाहौर,। इंजमाम-उल-हक, मिस्बाह-उल-हक, मुश्ताक मोहम्मद और सईद अनवर को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा गठित हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि दिग्गज चौकड़ी को 11 सदस्यीय स्वतंत्र पैनल द्वारा चयनित क्लब में वोट दिया गया था, जिसमें साथी हॉल ऑफ फेमर्स, महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और पत्रकार शामिल थे, उन्होंने कहा कि 2023 के लिए किसी को शामिल नहीं किए जाने के बाद 2024 के लिए चार शामिल किए गए थे। इसमें आगे कहा गया,चार दिग्गजों को औपचारिक रूप से वर्ष के दौरान पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा, जब उन्हें स्मारक कैप और विशेष रूप से डिजाइन की गई पट्टिकाएँ प्रदान की जाएंगी। इंजमाम, मिस्बाह, मुश्ताक और अनवर अब्दुल कादिर, एएच कारदार, फजल महमूद, हनीफ मोहम्मद, इमरान खान, जावेद मियांदाद, वसीम अकरम, वकार यूनिस, यूनिस खान और जहीर अब्बास के साथ इस शानदार समूह में शामिल हो गए हैं। इंजमाम ने 1991 से 2007 तक पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला और 1992 में विश्व कप जीतने वाली पाकिस्तान टीम के सदस्य थे। इसके अलावा वह टीम के कप्तान और 50 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी थे। बाद में उन्होंने दो बार पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता का पद भी संभाला और अफगानिस्तान को भी कोचिंग दी। मिस्बाह, जिनका अंतरराष्ट्रीय करियर 2001 से 2017 तक चला, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2009 जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और उन्होंने टीम को 2016 में आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान दिलाया। मिस्बाह ने 2019-2021 तक पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में काम किया और 2019-2020 में मुख्य चयनकर्ता भी रहे। दूसरी ओर, टेस्ट खेलने वाले चार मोहम्मद भाइयों में से एक मुश्ताक ने 1959 से 1979 तक पाकिस्तान के लिए खेला और 1977 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत के लिए टीम की कप्तानी की, साथ ही इंग्लैंड में 1975 के उद्घाटन एकदिवसीय विश्व कप में भी भाग लिया और फिर इंग्लैंड में 1999 के एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में राष्ट्रीय टीम की कोचिंग की। इस बीच, अनवर ने 1989 से 2003 तक पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और 1996, 1999 और 2003 के वनडे विश्व कप में तीन शतक और तीन अर्धशतक सहित कुल 31 शतक और 68 अर्धशतक बनाकर उनकी बल्लेबाजी के मुख्य आधार बन गए। यह सम्मान पाकिस्तान क्रिकेट और वैश्विक खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एक श्रद्धांजलि है। खेल के ये चार दिग्गज पाकिस्तान के समृद्ध क्रिकेट इतिहास में एक विशेष स्थान रखते हैं। उनके योगदान ने न केवल पाकिस्तान के भीतर खेल को ऊंचा किया, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी देश के बाहर होने की अटकलों को खारिज किया



प्रात: किरण,/ एजेसी

लाहौर,। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन अटकलों को खारिज किया है कि तीन स्टेडियमों में मरम्मत कार्य में विलंब के कारण 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी दूसरे देश में आयोजित की जायेगी। पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में होने हैं।
जबकि भारत के मैच दुबई में होंगे।
पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी दल की मौजूदगी इसकी पुष्टि करती है।
कि टूनार्मेंट पाकिस्तान में ही खेला जायेगा। उन्होंने कहा,बोर्ड ने करीब 12 अरब रुपए स्टेडियमों के नवीनीकरण पर खर्च किये हैं। हमने स्टेडियम में चल रहे काम के बारे में पहले बयान इसलिये जारी किया क्योंकि मीडिया तथ्यों की जांच किये बिना अफवाह फैला रहा था।

# दिनेश कार्तिक का अनुभव एसए20 सीजन 3 में फ्रेंचाइजी की मदद करेगा: डेविड मिलर

प्रात: किरण,/ एजेसी



केपटाउन,। पार्ल रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने अनुभवी बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की प्रशंसा की और कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज का अनुभव एसए20 सीजन 3 में फ्रेंचाइजी की मदद करेगा।
एसए20 में डेविड मिलर की अगुआई वाली पार्ल रॉयल्स आज सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ टूनार्मेंट में अपना सफर शुरू करेगी।
एसए20 सीजन 3 से पहले आधिकारिक कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिलर ने कहा कि रॉयल्स-आधारित फ्रैंचाइजी में कई नए चेहरे और रोमांचक युवा खिलाड़ी हैं। एसए20 रिलीज के अनुसार, मिलर ने कहा, मुझे लगता है कि इस साल हमारे पास कई नए चेहरे, कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ी हैं।
हमारे पास कुछ बेहतरीन प्रतिभाएँ हैं, इसलिए उन्हें पाकर हम बहुत उत्साहित हैं।
साथ ही एक नया कोच, ट्रेवर पेनी, जिसके पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कनाडा और ज़िम्बाब्वे के चार पासपोर्ट हैं।
इसलिए वह काफी अनुभवी है और उसने यात्रा की है।
वह कई सालों से दुनिया भर में कोचिंग और खेल रहा है, इसलिए उसे सेट-अप में पाकर बहुत अच्छा लगा।
इस साल के एसए20 का एक मुख्य आकर्षण दिनेश कार्तिक का शामिल होना है, जो पार्ल रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।
मिलर ने कहा, इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का अनुभव भी टी20 टूनार्मेंट के आगामी सत्र में फ्रैंचाइजी की मदद करेगा।
और फिर, जाहिर है, दिनेश कार्तिक भी हैं।
एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव होना अच्छा है।
कुल मिलाकर, खिलाड़ी वास्तव में अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं।
टूनार्मेंट 9 जनवरी 8 फरवरी तक चलेगा।
कुल 30 मैच खेले जाएंगे और इसके बाद 4, 5 और 6 फरवरी को तीन प्ले-ऑफ होंगे।
जोहान्सबर्ग का वांडरर्स स्टेडियम फाइनल की मेजबानी करेगा।
टूनार्मेंट का फाइनल 8 फरवरी को खेला जाएगा। पार्ल रॉयल्स टीम इस प्रकार है।
डेविड मिलर (कप्तान), दीवान मराइस, जो रूट, मिशेल वैन बुरेन, सैम हैन, एंडिले फेहलुकवायो, दयान गैलीम, कीथ डडगिन, दिनेश कार्तिक, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रुबिन हरमन, ब्योर्न फोर्टुइन, कोडी यूसुफ, डुनिथ वेलालेज, ईशान मलिंगा, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, मुजीब उर रहमान, नकाबा पीटर।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में 90 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई: मुख्यमंत्री



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि सुरक्षा बलों और वन अधिकारियों ने उखरुल जिले में 90 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट कर दी है। यह अभियान बृहस्पतिवार को लुंगचोंग माईफेई पुलिस थाना क्षेत्र में फली पहाड़ी रेंज में संचालित किया गया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''मादक पदार्थ के खिलाफ जंग में एक और सफलता मिली। उखरुल जिला पुलिस, 6 एमआर, 18 एआर और वन विभाग के संयुक्त बलों ने उखरुल जिले के लुंगचोंग माईफेई (एलएम) पुलिस थाना क्षेत्र की फली पहाड़ी रेंज में 90 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट कर दी और 12 झोपड़ियों को जला दिया।'' उन्होंने कहा, '' प्राथमिकी दर्ज की गई है। मैं त्वरित और समन्वित उपायों के लिए संयुक्त बलों की सराहना करता हूं।

### कुंभ से भी बड़ा गंगासागर मेला, राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिया जाना चाहिए: ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि गंगासागर मेला 'कुंभ मेले से भी बड़ा है' और इसलिए केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय मेले का दर्जा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुंभ मेले के आयोजन के लिए हजारों करोड़ रुपये मुहैया कराती है लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार को मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर कपिल मुनि मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले के लिए सभी प्रावधान करने होते हैं। बनर्जी ने यहां गंगा नदी (हुगली) के तट पर मेले का उद्घाटन करने के बाद कहा, हम पिछले 10 वर्षों से गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह कुंभ मेले से कम नहीं बल्कि उससे भी बड़ा है। बनर्जी ने कहा कि देश के सभी कोनों से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मेला स्थल पर विभिन्न भाषाओं में घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले तक सड़क, हवाई और रेल मार्ग से पहुंचना आसान है, लेकिन कोलकाता से लगभग 130 किलोमीटर दूर स्थित सागर द्वीप तक जाना बहुत कठिन है, क्योंकि तीर्थयात्रियों को रास्ते में नदी को नौका द्वारा पार करना पड़ता है।

### चाय वाले बाबा का अनोखा हठ, मौन रहकर करवाते हैं आईएएस की तैयारी; 40 साल से नहीं खाया अन्न

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज के महाकुंभ में जहां करोड़ों भक्त पुण्य स्नान कर रहे हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से एक चमत्कारी व्यक्तित्व की खबर ने सबको चौंका दिया है। चाय वाले बाबा के नाम से मशहूर दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी पिछले 40 सालों से मौन साधना और अन्न त्याग कर सिविल सेवा के छात्रों को निशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। इस अद्भुत संन्यासी का जीवन सिर्फ दस कप चाय पर टिका है और उनकी शिक्षा का माध्यम व्हाट्सएप है। बाबा के शिष्य राजेश सिंह बताते हैं, गुरुजी मौन रहते हैं, लेकिन हमें उनके इशारों और व्हाट्सएप संदेशों से मार्गदर्शन मिलता है। उनका उद्देश्य छात्रों को अधिकारी बनाना है। मौन रहने का कारण पूछने पर वे लिखते हैं कि इससे ऊर्जा का संचय होता है, जिसे वे दुनिया की भलाई में लगाते हैं। इस बीच भगवान शिव की अनन्य भक्त फ्रांस के रहने वाले पास्कल काफी चर्चा में हैं। पास्कल प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में शामिल हुईं। उन्होंने कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। यह पवित्र स्थान आत्मा की शुद्धि के लिए है। यहां आकर मैंने कई योगियों, साधुओं और हिंदू लोगों से मुलाकात की। महाकुंभ हर 12 साल में आयोजित होता है, इस बार यह 45 करोड़ से अधिक भक्तों की उपस्थिति में आयोजित हो रहा है। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर श्रद्धालु अपने पापों का प्रायश्चित करने और मोक्ष की प्राप्ति के लिए डुबकी लगाएंगे हैं।

# हिमाचल सरकार का बड़ा फैसला

## बीपीएल में शामिल होंगे ऐसे परिवार जिनमें जिनका मुखिया महिला है या जिन परिवारों के मुखिया 50 फीसदी या उससे अधिक विकलांग हैं

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने कई बड़े फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में कैबिनेट ने ऐसे परिवारों को गरीबी रेखा से नीचे यानी बीपीएल सूची में शामिल करने को मंजूरी दी है जिनमें 18 से 59 साल के बीच का कोई वयस्क सदस्य नहीं है, जिनका मुखिया महिला है या जिन परिवारों के मुखिया 50 फीसदी या उससे अधिक विकलांग हैं। बैठक में सामाजिक सुरक्षा, नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना और प्रशासनिक सुधारों पर खास जोर दिया गया है।

मंत्रिमंडल ने ऐसे परिवारों को गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) सूची में शामिल करने को मंजूरी दे दी, जिनमें 18 से 59 साल के बीच कोई वयस्क



सदस्य नहीं है, जिनका मुखिया महिला है या जिनके मुखिया 50 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांग हैं।

जारी बयान में कहा गया है कि जिन परिवारों ने पिछले वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कम से कम 100 दिन काम किया है और जिनके कमाने वाले सदस्य कैंसर, अल्जाइमर, पार्किंसन, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, थैलेसीमिया या किसी अन्य स्थिति जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता होती है, उन्हें भी बीपीएल सूची में शामिल किया गया है।

प्रदेश में ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। यह एसटीएफ नशे के खिलाफ लड़ाई में संगठित अपराध नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में काम करेगी। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1ए में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी करने को मंजूरी दी गई। इस संशोधन के तहत राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से हिमाचल प्रदेश काश्तकारी और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118(2)(एच) के अंतर्गत सुरक्षित हस्तांतरण और पट्टा लेन-देन पर 12 प्रतिशत की एक समान स्टाम्प ड्यूटी दर लगाई जाएगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मंत्रिमंडल ने तारा देवी मंदिर के आसपास के क्षेत्र को हरित क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया ताकि ग्रीन बेल्ट में मानवीय दखल को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त सफेदा, चिनार और बांस की कटाई पर प्रतिबंध लगाया गया। खैर की कटाई के लिए निर्धारित दस वर्षीय कार्यक्रम को जारी रखने का निर्णय भी लिया गया। ग्रीन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नालागढ़ में एक मेगावाट के हरित हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। यह प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा। पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाने का भी निर्णय लिया गया। परियोजनाओं के आरंभ से पहले 10 वर्षों तक यह शुल्क 2.5 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति वर्ष होगा।

## शराब घोटाला: कवासी लखमा से लंबी पूछताछ, बोले- ईडी अधिकारियों ने परेशान नहीं किया

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2160 करोड़ के शराब घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार को दूसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा से पूछताछ की। रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में 8 से 9 घंटे की पूछताछ के बाद कवासी और हरीश बाहर आए। कवासी लखमा ने कहा- जैसा कि दूसरे बताते हैं कि ईडी ने परेशान किया लेकिन मेरे साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मेरे साथ ईडी के अधिकारियों ने कोई दुर्व्यवहार नहीं किया। एक हफ्ते बाद मुझे फिर बुलाया गया है।

पूछताछ के बाद बाहर निकले कवासी लखमा ने बताया कि पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उन्हें पानी भी पिलाया। मेरे मोबाइल को टैपिंग कर सील किया गया, जिसकी वजह से उन्हें टाइम लग गया। लखमा ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि मैं बस्तर की आवाज विधानसभा में उठाता हूं, इसीलिए मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।

पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दो नंबर की शराब यदि बन रही थी तो वह अधिकारी या संबंधित कंपनी की जिम्मेदारी है। इस बारे में अफसर ही बता सकते हैं। ईडी ने मुझे अगले बुधवार को फिर से बुलाया है। इस बार मैं अपने वकील या ऑडिटर को साथ लेकर जाऊंगा। मैं कुछ दस्तावेज भी प्रस्तुत करूंगा। कवासी लखमा ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि एक आदिवासी नेता को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इसके साथ ही लखमा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के दौरान ईडी की इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें देश के कानून पर पूरा भरोसा है।

## हर्बल दवाओं के नाम पर चल रही थी ठगी, 4 लड़कियों समेत 11 गिरफ्तार; गुरुग्राम में फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
हर्बल की दवाइयां ऑनलाइन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का गुरुग्राम साइबर थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया। जालसाजों द्वारा बीते 10 महीने से गांव डूंडाहेड़ा में फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। आरोपी दवा भेजने और सर्विस चार्ज के नाम पर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस ने छापेमारी करते हुए कॉल सेंटर में काम करने वाले चार युवतियों समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से दो लैपटॉप, चार मोबाइल फोन और दवाइयां बरामद की गईं। पुलिस ने साइबर थाना पश्चिम में धारा 318, 319, 612 बीएनएस और 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसीपी साइबर प्रियांशु दीवान ने बताया कि गांव डूंडाहेड़ा में हर्बल की दवाइयां ऑनलाइन बेचने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर की जानकारी मिली। इस पर उन्होंने पश्चिम साइबर थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीम को एक मकान में कुछ लोग हर्बल दवाइयां ऑनलाइन बेचने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर ठगी करते हुए मिले। पुलिस ने मौके से चार युवतियों सहित 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमनदीप, रंजीत कुमार, मोहम्मद कासिम, प्रतुष कुमार मिश्रा, सुशील कुमार, बृजेश शर्मा, अनूप कुमार, राशिका राणा, ईशा, सोनाली कनोजिया और मेघा के रूप में हुई। सभी आरोपी बिहार, यूपी और दिल्ली के रहने वाले हैं।

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि अमनदीप और रणजीत कॉल सेंटर के संचालक हैं। बाकी आरोपियों को नौकरी काम पर रखा हुआ था। फेसबुक पर ये लोग दवाइयों के विज्ञापन डालते थे। संपर्क करने पर उन लोगों से ऑर्डर लेकर पैसे अलग-अलग बैंक खातों में डलवा लेते थे। लोगों के पास नकली सामान भेज देते थे। अलग-अलग चार्ज के नाम पर क्यूआर कोड, यूपीआई आईडी के माध्यम से पैसे डलवाकर धोखाधड़ी से ठगी करते थे।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गांव डूंडाहेड़ा में बीते दस महीनों से कॉल सेंटर का संचालन कर रहे थे। ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए आरोपियों को 18 से 20 हजार रुपये के वेतन पर रखा हुआ था। सभी को रुपये ठगने का लक्ष्य दिया जाता था। लक्ष्य पूरा करने वाले कर्मचारियों को वेतन के साथ बोनस भी मिलता था।

## बीएमसी चुनाव से पहले पवार का बड़ा बयान, बोले- आरएसएस जैसा काडर हमारे भी पास होना चाहिए

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के वरिष्ठ राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार अब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तारीफ कर रहे हैं। इतना ही नहीं उनका कहना है कि एक काडर ऐसी ही हमारे पास भी होना चाहिए। खास बात है कि कुछ दिन पहले ही उनकी बेटी और बारामती सांसद सुप्रिया सुले राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सराहना करती नजर आई थीं।

दक्षिण मुंबई में एक सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास प्रतिबद्ध कार्यकर्ता हैं जो हिंदुत्व संगठन की विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा दिखाते हैं और किसी भी कीमत पर अपने मार्ग से विचलित नहीं होते। पवार ने कहा, हमारे पास भी ऐसा काडर आधार होना चाहिए जो छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर आंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध हो।



उन्होंने महाराष्ट्र में नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की करारी हार के बारे में कहा, लोकसभा चुनाव में सफलता के बाद हम लापरवाह हो गए थे, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन (भाजपा नीत महायुति) ने संसदीय चुनावों में अपनी हार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए।

**बेटी ने की सीएम के काम की तारीफ:** कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री फडणवीस गढ़चिरौली जिले के दौर पर गए थे। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सुले ने कहा था, देवेंद्र फडणवीस पहले दिन से ही ऐक्शन में हैं। ऐसा लगता है कि वह एकमात्र हैं, जो सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। कोई और मंत्री एक्टिव नहीं है। उन्होंने कहा, पूर्व गृहमंत्री और एनसीपी नेता आरआर पाटिल ने गढ़चिरौली जिले की जिम्मेदारी उठाई थी। यह देखकर अच्छा लगा कि फडणवीस जिले में विकास की प्रक्रिया को जारी रख रहे हैं। वह एकमात्र हैं, जो गंभीरता से काम कर रहे हैं।

सीनियर पवार की तरफ से बयान ऐसे समय पर आया है, जब पवार परिवार में फिर सुलह होने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। साथ ही बीते साल एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी को विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। राकंपा एसपी को चुनाव में 10 सीटों पर जीत मिली थी। जबकि, एमवीए के दल कांग्रेस को 16 और शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) ने 20 सीटें हासिल की थीं। इधर, भारतीय जनता पार्टी 132, एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार की एनसीपी को 41 सीटें मिली थीं।

बीएमसी यानी बृह्मुंबई महानगरपालिका के चुनाव की चर्चाएं हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मुंबई के स्थानीय चुनाव में इंडिया गठबंधन बिखर सकता है। शिवसेना यूबीटी ने चुनाव में अकेले ही उतरने के संकेत दिए हैं। हालांकि, इसे लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

# पाकिस्तान के पंजाब में 3 हिंदू अगवा

### डकैत बोले- साथियों को रिहा करो नहीं तो जान से मार देंगे; खैबर-पख्तूनख्वां में भी 16 मजदूर अगवा

**लाहौर, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तीन हिंदू युवकों को अगवा कर लिया गया है। अगवा करने वाले अपराधियों ने पुलिस से उनके साथियों को रिहा करने की मांग की है। साथ ही ऐसा न करने पर अगवा किए गए हिंदुओं को जान से मारने की धमकी दी है। पंजाब पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार को रहिम यार खान जिले के भोंग इलाके में हुई है। यह इलाका पंजाब की राजधानी लाहौर से 400 किमी दूर है। अगवा किए गए हिंदू युवकों के नाम शमन, शमीर और साजन हैं। तीनों युवक भोंग के बेसिक हेल्थ यूनिट के पास मौजूद थे। तभी 5 डकैतों ने उन्हें बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया और अपने साथ ले गए।



**वीडियो रिलीज कर रिहाई की मांग की**

अगवा करने वाले डकैतों के सरगना अशिक कोराई ने बाद में एक वीडियो भी रिलीज किया। इस वीडियो में उसने अहमदपुर लामा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज राणा रमजान के चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके परिवार के 10 सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा।

ऐसा न करने पर उसने पुलिस पर हमला करने और हिंदू युवकों की हत्या करने की धमकी दी। डकैतों की तरफ से जारी हुए वीडियो में तीनों युवक जंजीरों में बंधे दिखाई दिए। तीन युवक अधिकारियों से अपनी रिहाई के लिए गुहार लगा रहे थे। पिछले साल भी इस इलाके में डकैतों ने पुलिस वाहनों पर हमला किया था। इस हमले में 12 पुलिसकर्मी मारे गए थे। पाकिस्तान के ही खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को अज्ञात लोगों ने यूरेनियम और प्लूटोनियम की खदानों में काम करने वाले 16 मजदूरों को अगवा कर लिया। ये सभी मजदूर एक एटॉमिक एनर्जी माइन साइट पर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें वाहन से अगवा कर लिया। अगवा करने के बाद अपहरणकर्ताओं ने वाहन को आग लगा दी और मजदूरों को अज्ञात जगह ले गए। अभी तक किसी भी संगठन ने मजदूरों के अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## जल्द हो सकती है ट्रंप और पुतिन की बैठक, रिपोर्ट्स पर रूसी सरकार ने दी ऐसी प्रतिक्रिया



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। इस बीच गुरुवार को उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि उनके और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात की कोशिश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि पुतिन से जल्द मुलाकात की बात कही, लेकिन उन्होंने इस संभावित मुलाकात की समयसीमा नहीं बताई। वहीं ट्रंप के बयान पर रूस की सरकार ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के हवाले से रूसी मीडिया ने कहा कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति होगी तो रूस और अमेरिका के बीच उच्च स्तरीय बैठक हो सकती है। बेशक राष्ट्रपति पुतिन इसका स्वागत करेंगे। पेसकोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी कह चुके हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप और पुतिन की मुलाकात अगले छह महीनों में हो सकती है। हालांकि अभी तक दोनों ही पक्षों की तरफ से इस बैठक का कोई प्रस्ताव नहीं है। बीते दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी साल की आखिरी पत्रकार वार्ता में कहा था कि वे अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध बंद कराने का वादा किया था। ट्रंप ने कहा था कि वे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद 24 घंटे के भीतर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा देंगे। हालांकि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने माना कि युद्धविराम की प्रक्रिया में समय लगेगा। ट्रंप, रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका की भागीदारी और उसमें खर्च हो रहे अमेरिकी पैसों का विरोध कर चुके हैं।

# इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध की तैयारी में अमेरिका

### इजराइली पीएम के खिलाफ अरेस्ट वारंट का विरोध

### संसद के निचले सदन में बिल पास

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा बिल पास कर दिया है। अमेरिका ने ये कदम इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ आईसीसी की तरफ से जारी किए गए अरेस्ट वारंट के बाद उठाया है। बिल पर वोटिंग के दौरान 243 सांसदों ने इसके पक्ष में वोट किया, वहीं 140 सांसदों ने इसके विरोध में वोट किया। समर्थन करने वालों में रिपब्लिकन पार्टी के 198 और डेमोक्रेटिक पार्टी के 45 सांसद थे। किसी भी रिपब्लिकन सांसद ने बिल का विरोध नहीं किया। नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध, मानवाधिकार उल्लंघन और नरसंहार के लिए अरेस्ट वारंट जारी किया है। अमेरिका पहले भी आईसीसी पर प्रतिबंध लगा चुका है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान



2020 में आईसीसी पर प्रतिबंध लगाए थे। दरअसल, आईसीसी ने अफगानिस्तान में अमेरिका और फिलिस्तीन में इजराइल की आपराधिक गतिविधियों की जांच शुरू कर दी थी। इसके खिलाफ ट्रम्प प्रशासन ने आईसीसी पर प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि बाद में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद इन प्रतिबंधों को हटा दिया था। गुरुवार को हाउस से बिल पास होने के बाद विदेश मामलों की समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष ब्रायन मास्ट ने कहा कि एक कंगारू कोर्ट हमारे सहयोगी इजराइल के पीएम को गिरफ्तारी करना चाहती है, इसलिए अमेरिका ये कानून पारित कर रहा है। नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद कई देशों ने अलग-अलग रुख अपनाया है। आईसीसी ने पिछले साल 21 नवंबर को नेतन्याहू के खिलाफ वारंट जारी किया था। हालांकि उसके पास गिरफ्तारी करने की शक्तियां नहीं हैं। इसके लिए वह अपने सदस्य देशों पर निर्भर है। वह सिर्फ उन देशों में अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है, जिन्होंने इस कोर्ट की स्थापना करने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 1 जुलाई 2002 को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी आईसीसी की शुरुआत हुई थी। ये संस्था दुनियाभर में होने वाले वॉर क्राइम, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच करती है।

## कैलिफोर्निया में लगी आग, 40 हजार एकड़ में फैली





**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में लॉस एंजिलिस के चारों तरफ लगी आग से लगभग 10 हजार घर जल चुके हैं। 4 दिन से लगी आग में लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। इसमें से 29 हजार एकड़ जमीन पूरी तरह जल चुकी है। आग की वजह से करीब 10 हजार इमारतों तबाह हो चुकी हैं। इसके अलावा करीब 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार को आग की से वजह होने वाली मौत का आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया है। ये लॉस एंजिलिस और आसपास में लगी अब तक की सबसे बड़ी आग है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला ष्ट्रश्वह्र के समान) रॉबर्ट लूना ने आग मची तबाही को परमाणु बम विस्फोट से होने वाली तबाही के बराबर बताया है। लूना ने कहा कि आग को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129